रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार... । जनपक्षीय पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-02 | अंक-49 | कोलकाता, सोमवार 15 अप्रैल 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रु.

### सप्तम दिवस



### स्वरूप कालरात्रि

मां के सप्तम रूप का नाम है मां कालरात्रि। यह मां का अति भयावह व उग्र रूप है। सम्पूर्ण सृष्टि में इस रूप से अधिक भयावह और कोई दूसरा नहीं। किन्तु तब भी यह रूप मातृत्व को समर्पित है। देवी मां का यह रूप ज्ञान और वैराग्य प्रदान करता है।

# इजरायल के लिए उड़ानें रद्द कर सकता है भारत

### ईरान के हमले के बीच बड़े फैसले की तैयारी में सरकार



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारतीय एयरलाइन कंपनियां तेल अवीव के लिए उड़ानें रद्द कर सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक, इजरायल के तेल अवीव से आने-जाने वाली फ्लाइट्स को सस्पेंड करने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इसे लेकर आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जा सकती है। मालूम हो कि एयर इंडिया की एक फ्लाइट शनिवार को तेल अवीव अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरी। अब वह आज तेल अवीव से भारत के लिए उड़ान भरने वाली है। 2 प्रमुख एयरलाइंस (एल अल और एयर इंडिया) इजरायल और भारत के बीच कॉमर्शियल फ्लाइट्स ऑपरेट करती हैं। इससे पहले, भारत की 2 प्रमुख एयरलाइनों (एयर इंडिया और विस्तारा) ने ईरानी हवाई क्षेत्र के ऊपर से उड़ान न भरने की घोषणा की थी। यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा को देखते हुए अब ये यूरोप और अमेरिकी रूट से होकर लंबी उड़ानें भर रही हैं। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के कारण भारतीय एयरलाइंस यूरोप और मिडिल ईस्ट के लिए उड़ान पथ बदल रही हैं। विस्तारा एयरलाइंस ने इसे लेकर जारी बयान में कहा, मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों को प्रभावित करने वाली मौजूदा स्थिति के चलते हमने कुछ उड़ानों के रूट में बदलाव किया है। आवागमन के लिए आकस्मिक मार्ग का इस्तेमाल किया जा रहा है जो कि ऐसी घटनाओं के दौरान उड़ाने सुनिश्चित करने के लिए तैयार किए गए हैं। ईरान ने 1 अप्रैल को दमिश्क में अपने वाणिज्य दूतावास पर संदिग्ध इजराइली हवाई हमले के जवाब में इजरायल पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें दागी हैं। वहीं, भारत ने कहा कि वह इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष को लेकर अत्यंत चिंतित है। नई दिल्ली ने तनाव कम किए जाने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम इजराइल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता से गंभीर रूप से चिंतित हैं। इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है।

# मुंबई में 'दबंग' स्टार के घर के बाहर चली गोलियां

### बाइक पर आए थे दो बदमाश, 3 राउंड की फायरिंग



मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आज सुबह करीब 5 बजे दो अज्ञात लोगों ने यह गोलीबारी की। पुलिस का कहना है कि तीन राउंड की फायरिंग होने की सूचना मिली है। मालूम हो कि दबंग ऐक्टर का घर मुंबई के बांद्रा में स्थित है। मुंबई पुलिस का क्राइम ब्रांच मौके पर पहुंच गया है और जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और शुरुआती दौर की जांच-पड़ताल चल रही है।

# खैरागढ़ में शाह बोले- 3 साल में नक्सलवाद करेंगे खत्म

- कहा-भूपेशजी का इतना भ्रष्टाचार करके पेट नहीं भरा है अब सांसद बनना चाहते हैं

राजनांदगांव (एजेंसी)। अमित शाह ने रविवार को राजनांदगांव के खैरागढ़ में चुनावी सभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने संतोष पांडेय के पक्ष में प्रचार करते हुए कहा कि, कांग्रेस सिर्फ झूठ का व्यापार करती है। उन्होंने कहा कि, तीसरी बार



मोदीजी को प्रधानमंत्री बनाइए छत्तीसगढ़ में 3 साल में नक्सलवाद खत्म कर देंगे। लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव छत्तीसगढ़ की हाईप्रोफाइल सीट मानी जा रही है। यहां बीजेपी प्रत्याशी और मौजूदा सांसद संतोष पांडेय का मुकाबला पूर्व सीएम कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल से होना है। यहां दूसरे चरण में वोटिंग 26 अप्रैल को होगी। खैरागढ़ की जनता इस बार बीजेपी को जिताने के लिए कमल के निशान पर ऐसा बटन दबाएं कि करंट इटली तक जाए। संतोष पांडे को जिताएंगे फिर से एक बार मोदी सरकार बनाएंगे।

# मोदीजी ने लॉटरी बेचने वालों व वैक्सीन बनाने वालों तक से पैसे लिए

- प्रियंका गांधी ने राजस्थान में कहा-प्रधानमंत्री बहकी-बहकी बातें करते हैं

जालोर (एजेंसी)। राजस्थान के भीनमाल (जालोर) में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सियासी हमला किया। उन्होंने कहा कि मोदीजी आजकल बहकी-बहकी बातें कर



रहे हैं। कभी झूठी वीरता दिखाते हैं, कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी बादल में मिसाइल छोड़ते हैं, कभी हवा में उड़ते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करना क्या है। वे असल में देश की जनता से कट चुके हैं। महंगाई और आम आदमी की समस्या पर बात नहीं कर रहे हैं। जालोर-सिरोही से कांग्रेस ने अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को उम्मीदवार बनाया है। वैभव के समर्थन में हो रही सभा में सचिन पायलट सहित कांग्रेस के बड़े नेता पहुंचे हैं। केवल आपको कुछ देने का प्रचार किया जा रहा है, लेकिन आपको कुछ मिल नहीं रहा है। कांग्रेस की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी से निकाला, लेकिन भाजपा की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी में ढकेला है।

# अब पूर्वी लद्दाख में तैनात होगी सेना की नई डिवीजन

- आर्मी ने बनाया प्लान, हिमाकत से पहले सौ बार सोचेगा दुश्मन

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए भारतीय सेना नई डिवीजन बनाने की तैयारी में है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्लान पर लंबे समय से काम चल रहा है, जिसे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर बदलावों की कड़ी के तौर पर इस साल लागू किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, सेना उत्तरी कमान के तहत पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए 72 डिवीजन को बढ़ाने पर विचार कर रही है, जो पश्चिम बंगाल के पानागढ़ स्थित 17 माउंटेन स्ट्राइक कोर के तहत काम करता रहा। मालूम हो कि सेना के एक डिवीजन में करीब 14,000 से 15,000 सैनिक होते हैं। बताया जा रहा है कि पूर्वी लद्दाख में तैनाती के लिए नई भर्ती नहीं की जाएगी, बल्कि मौजूदा संरचनाओं से ही कर्मियों की पोस्टिंग की जाएगी। स्ट्राइक कोर कॉर्प्स आक्रामक सीमा पार कार्रवाइयों को अंजाम देते रहे हैं। इस समय सेना के पास 4 स्ट्राइक कोर हैं- मथुरा स्थित 1 कोर, अंबाला स्थित 2 कोर, भोपाल स्थित 21 कोर और पानागढ़ में 17 एमएससी। हालांकि, 2021 तक केवल 17 एमएससी चीन पर केंद्रित रहे।

### भाजपा ने जारी किया अपना घोषणा पत्र, नाम रखा 'मोदी की गरंटी'

# जीरो बिजली बिल, 3 करोड़ घर और 'यूसीसी' का वादा

- 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी दफ्तर में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का मैनिफेस्टो जारी किया। इसे भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। मोदी के साथ मंच पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद थे। संकल्प पत्र की पहली कॉपी गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दिया गया। ये वो लोग थें, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का फायदा मिला। पार्टी ने पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया। पार्टी अध्यक्ष नड्डा, संकल्प पत्र कमेटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने अपनी बातें रखीं। इसके बाद प्रधानमंत्री मंच पर आए। 46 मिनट की स्पीच में पिछले 10 साल के कामकाज का लेखा-जोखा देते हुए कहा- हमने धारा 370, महिला आरक्षण जैसे वादे पूरे किए। इसके बाद मोदी ने 2024 की गारंटी यानी वादे गिनाए। इसमें 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी दी। मोदी ने कहा- 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद बीजेपी के संकल्प पत्र पर काम शुरू हो जाएगा।

# 'एआई' ने अब बढ़ाई सीजेआई चन्द्रचूड़ की चिंता

### कहा-यह गेम चेंजर, मगर साथ लाएगी कई अन्य चुनौतियां

नई दिल्ली (एजेंसी)। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का आम जीवन में इस्तेमाल तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसस नौकरी के अवसर कम होने का खतरा मंडराने लगा है। एआई को लेकर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भी आशंकित हैं। उन्होंने कहा कि अदालती कामकाज में एआई का उपयोग अवसर के साथ-साथ कई चुनौतियां भी लेकर आता है। इन दोनों पहलुओं पर सूक्ष्म विचार-विमर्श समय की मांग है। उन्होंने भारत और सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी और संवाद विषय पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में मुख्य संबोधन करते हुए कानूनी अनुसंधान में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की परिवर्तनकारी क्षमता को रेखांकित किया और इसे एक गेम-चेंजर बताया। चीफ जस्टिस ने कोलंबिया और भारत का जिक्र करते हुए उन विशिष्ट उदाहरणों पर जोर दिया, जहां एआई और खासकर



'चैटजीपीटी' तकनीक का उपयोग अदालती निर्णय में किया गया। उन्होंने अदालती कार्यवाही में एआई के उपयोग से जुड़े नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विचारों को नजरअंदाज करने के प्रति भी आगाह किया। चंद्रचूड़ ने जोर देते हुए कहा, अदालत की कार्यवाही सहित आधुनिक प्रक्रियाओं में एआई का उपयोग जटिल नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विचारों को जन्म देता है। ऐसे में यहां गहन जांच की आवश्यकता उभर कर सामने आती है।

अदालती निर्णय में एआई का उपयोग अवसर और चुनौतियां दोनों लेकर आता है, जिस पर गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, जैसा कि हम एआई के उपयोग को कानूनी क्षेत्र में ले जा रहे हैं, यह जरूरी है कि हम इसके चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्क रहें। यह सुनिश्चित करें कि एआई प्रौद्योगिकियां सभी के लिए न्याय की खोज को कमजोर करने के बजाय उसे बढ़ाने में मदद करें। चीफ जस्टिस ने प्रौद्योगिकी के उपयोग का जिक्र करते हुए कहा, भारत के उच्चतम न्यायालय ने लाइव ट्रांसक्रिप्शन सेवाओं की शुरुआत की। यह कानूनी जानकारी तक पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। यह पहल भाषाई विविधता के मद्देनजर विशेष रूप से प्रभावशाली रही है, क्योंकि लाइव ट्रांसक्रिप्शन सेवाएं न्यायिक कार्यवाहियों का हिंदी के अलावा 18 क्षेत्रीय भाषाओं में भी अनुवाद करती हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कानूनी जानकारी पूरे भारत में नागरिकों के लिए सुलभ हो। उन्होंने एआई व्यवस्था के संभावित त्रुटियों और पूर्वाग्रहों से जुड़ी चिंताओं को उजागर करते हुए इसके (एआई) उपयोग में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, एआई की क्षमता का पूर्ण एहसास वैश्विक सहयोग पर निर्भर करता है। चीफ जस्टिस ने प्रौद्योगिकी और एआई की प्रगति को अपरिहार्य बताया और कहा, यह व्यवसायों को महत्वपूर्ण रूप से बदलने और लोगों तक सेवा को अधिक सुलभ तरीके से पहुंचाने की क्षमता रखता है।

# भारतीय सेना की ताकत अब हुई और 'बेजोड़'

### पोर्टेबल टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम का टेस्ट हुआ सफल

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना ने स्वदेश निर्मित 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यह आसानी से कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम है। इससे एमपीएटीएम को सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार



प्रणाली को रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस सिस्चम में एमपीएटीजीएम, लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण और अग्नि नियंत्रण यूनिट है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस प्रणाली के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की। उन्होंने इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उच्च श्रेष्ठता के साथ प्रौद्योगिकी को साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार उड़ान विन्यासों में मूल्यांकन किया गया है। उसने कहा, 'इस हथियार प्रणाली का 13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया है।'

# शाही फैमिली धमका रही, मोदी तीसरी बार पीएम बने तो आग लग जाएगी

### पीएम मोदी बोले-कांग्रेस के दिल में जलन भरी, पिपरिया में की जनसभा

नर्मदापुरम (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मध्यप्रदेश के पिपरिया पहुंचे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मप्र ने पूरे देश को चौंका दिया। होशंगाबाद से जो लहर उठी, वो पूरे देश में फैल गई थी। पीएम ने कहा, कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। बस देश को डराओ, घबराओ, आग फैलाओ। आज देश में आग नहीं लगी। यह जलन उनके दिल और दिमाग में ऐसे भरी पड़ी है कि वह उनको अंदर से जलाती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के लिए चुनावी सभा करने आए थे। पीएम मोदी 8 दिन के भीतर तीसरी बार मध्यप्रदेश आए थे। कांग्रेस के शहजादे ने घोषणा की है कि एक झटके में देश की गरीबी हटा दूंगा। आखिर ये शाही जादूगर इतने वर्षों तक कहां छिपा था। इनको एक झटके वाला मंत्र मिल गया है। ऐसे दावे करते हैं और हंसी के पात्र बन जाते हैं। कांग्रेस ने इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा। कांग्रेस की मानें तो लोकतंत्र तब ठीक चल रहा था लेकिन जैसे ही



गरीब घर का बेटा प्रधानमंत्री बना, अफवाह फैलाने लगे कि मोदी आया है, संविधान और लोकतंत्र पर खतरा हो जाएगा। हमने 3 करोड़ घर बनाने का हमने संकल्प लिया है। दिव्यांगों को भी इसका लाभ मिलेगा। 5 साल तक पीएम किसान सम्मान निधि चालू रहेगी। गरीबों को मुफ्त राशन ऐसे ही मिलता रहेगा। ये भी मोदी की गारंटी है। इंडी गठबंधन तय नहीं कर पा रहा है कि क्या करना चाहते हैं। उनके एक साथी का घोषणापत्र कहता है कि देश से परमाणु हथियार खत्म कर देंगे।

### जहां दूसरों से उम्मीद खत्म, वहां से मोदी की गारंटी शुरू

एकलव्य मॉडल स्कूलों की संख्या 750 तक पहुंचाने के लिए तेजी से काम किया जाएगा। पिछड़ी जनजातियों के लिए 24000 करोड़ रुपए की पीएम जनमन योजना पर पहले से ही काम चल रहा है। मोदी के तीसरे कार्यकाल में इसे भी पूरा किया जाएगा। मोदी की गारंटी वहां से शुरू होती है, जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, इंडी गठबंधन तय नहीं कर पा रहा है कि उनकी सरकार क्या करना चाहती है, कैसे करना चाहती है। उनके घोषणापत्र में एक से बढ़कर एक खतरनाक वादे हैं। उनके एक साथी का घोषणापत्र कहता है कि देश से परमाणु हथियार खत्म कर देंगे। जैसी घातक इनकी सोच है, वैसा ही घातक उनका घोषणापत्र है।

# चुनाव प्रचार कर रहे आंध्र के सीएम पर फेंका पत्थर

- घायल हुए जगन मोहन रेड्डी, बाले-बाल बची आंख

विजयवाड़ा (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी चुनाव प्रचार के दौरान पत्थरबाजी में घायल हो गए हैं। वे विजयवाड़ा में चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनको पत्थर फेंककर मारा। पत्थर की चपेट में आने से आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री घायल हो गए। उनकी आंख के पास चोट लगी है। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी एक बस में प्रचार कर रहे थे। पत्थर मुख्यमंत्री की बाईं भौंह के थोड़ा ऊपर पर लगा है, जिससे उनकी आंख बाल-बाल बच गई। रिपोर्टों में कहा गया है कि उन्हें दो टांके लगाने पड़ सकते हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, पत्थर पास के एक स्कूल से फेंका गया था। वाईएसआरसीपी के एक सदस्य ने कहा, हमला टीडीपी गठबंधन की साजिश है। (टीडीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री) चंद्रबाबू नायडू की घबराहट दिख रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक बयान में कहा गया, पत्थर सीएम को तब लगा जब वह विजयवाड़ा के सिंह नगर में विवेकानन्द स्कूल सेंटर में भीड़ से मुखातिब हो रहे थे। पत्थर बहुत तेज रफ्तार से रेड्डी को लगा। अधिकारियों को संदेह है कि इसे गुलेल से छोड़ा गया होगा। मुख्यमंत्री पर उस समय हमला किया गया जब वह बस के ऊपर से लोगों का अभिवादन कर रहे थे। बता दें कि जगन ने मार्च में अपनी पार्टी के चुनाव अभियान के हिस्से के रूप में बस यात्रा मेमंथा सिद्धम (हम सब तैयार हैं) शुरू की थी।



रांची एक्सप्रेस
1963 से लगातार आपकी सेवा में
देसी अंदाज, नया मिजाज
https://epaper.theranchiexpress.com



## बहरामपुर में अधीर रंजन चौधरी की टीएमसी कार्यकर्ता से तीखी बहस

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता,एजेन्सी।** कांग्रेस नेता और बेहरामपुर से पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अधीर रंजन चौधरी की शनिवार को निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार के दौरान एक टीएमसी कार्यकर्ता के साथ तीखी बहस हो गई। यह घटना तब हुई जब कांग्रेस नेता शनिवार को बहरामपुर में चुनाव प्रचार के बाद घर जा रहे थे। अधीर ने कहा, जब मैं चुनाव प्रचार के बाद घर जा रहा था, तो कुछ लोग आए और वापस जाओ का नारा लगाने लगे। जब मैं कार से बाहर निकला, तो वे कहने लगे कि मैंने पिछले 5 सालों में कुछ नहीं किया है। टीएमसी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अधीर रंजन चौधरी हाथापाई के दौरान एक टीएमसी कार्यकर्ता को धक्का देते नजर आ रहे हैं।

इस बीच, अधीर रंजन चौधरी ने टीएमसी पर उनके प्रचार में हमेशा बाधा डालने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले चुनाव (पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2023) के दौरान जो हुआ वही अब फिर से हो रहा है। टीएमसी ने पिछले चुनाव के दौरान भी यही काम किया था। जब भी मैं शहर में प्रचार करने जाता था, वे मतदान के दिन या मतदान से पहले भी मेरा रास्ता रोकने की कोशिश करते थे। वे मेरी कार के सामने बैठ जाते थे और चिल्लाते थे, वापस जाओ । मतदान के दिन तक ऐसा बार-बार हुआ, मैंने इसे पिछले चुनाव के दौरान देखा था और मैं इसे अब फिर से होते हुए देख रहा हूं। पश्चिम बंगाल से पांच बार के सांसद और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी बहरामपुर में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। बहरामपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र चुनाव 2024 के लिए मतदान 13 मई को होगा। पश्चिम बंगाल के 42 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और जून को होंगे। 1. वोटों की गिनती 4 जून को होगी. 2014 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी ने राज्य में 34 सीटें जीती थीं, जबकि बीजेपी को सिर्फ 2 सीटों से संतोष करना पड़ा था. सीपीआई (एम) ने 2 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस ने 4 सीटें हासिल कीं। हालांकि, बीजेपी ने 2019 के चुनावों में काफी बेहतर प्रदर्शन किया, टीएमसी की 22 सीटों के मुकाबले 18 सीटें जीतीं।

# लॉकेट चटर्जी ने कहा- अगर बीजेपी राज्य में सत्ता में आई तो टाटा को सिंगुर में वापस लाएंगे

**कोलकाता,एजेन्सी।** हम 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत के प्रति आश्वस्त हैं। हम 2019 में अपनी पिछली संख्या 18 से अधिक सीटें हासिल करने की उम्मीद करते हैं। एक बार जब हम व्यापक रूप से चुनाव जीत लेंगे, तो राज्य में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार गिर जाएगी। भाजपा के बाद सरकार सत्ता में आती है, तो हमारा पहला काम टाटा को सिंगुर में आमंत्रित करना होगा, जो हुगली निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अभिनेता से नेता बने, जिन्होंने टीएमसी सदस्य के रूप में राजनीति में कदम रखा था और मतभेदों के बाद 2015 में भाजपा में शामिल हो गए थे, ने कहा, जब भी मैं सिंगूर जाता हूं, लोग मुझसे नौकरी पाने में मदद करने का आग्रह करते हैं। ममता बनर्जी ने सिंगूर को कब्रिस्तान में बदल दिया है। रोजगार और आर्थिक गतिविधि। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सिंगुर आंदोलन के नाम पर किसानों और उद्योगों दोनों को धोखा दिया है।



सिंगूर, जो कभी बहुफसली खेती के लिए जाना जाता था, तब सुर्खियों में आया जब टाटा मोटर्स ने 2006 में अपनी सबसे सस्ती कार विनिर्माण इकाई, नैनो स्थापित करने के लिए इस क्षेत्र पर अपनी नजरें गड़ा दीं। तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग 2 के साथ 997.11 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया और उसे सौंप दिया। कंपनी को सौंपें।

सामने से नेतृत्व करते हुए, तत्कालीन विपक्षी नेता और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने 347 एकड़ भूमि की वापसी की मांग करते हुए 26 दिनों की भूख हड़ताल का आह्वान किया था, जो स्पष्ट रूप से जबरन अधिग्रहित की गई थी। टीएमसी और वाम मोर्चा सरकार के बीच कई दूतों और बैठकों के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला; टाटा ने सिंगुर से निकलकर गुजरात में प्लांट बनाया।

चटर्जी ने कहा कि मोदी सरकार के सुशासन के विपरीत भ्रष्टाचार के मामलों में तृणमूल कांग्रेस के तीन नेताओं को जेल में डाले जाने का असर वोटों पर दिखेगा क्योंकि आम लोग सब कुछ देख रहे हैं। टीएमसी द्वारा लक्ष्मी भंडार परियोजना को महिला सशक्तीकरण के प्रति ममता बनर्जी की प्रतिबद्धता के रूप में प्रदर्शित करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, संदेशखाली में दहाड़ पूरे पश्चिम बंगाल में महसूस की गई है। जिस तरह से उस क्षेत्र की महिलाएं बचाने के लिए कटारी (खंजर) लेकर बाहर आईं उनका सम्मान, अब टीएमसी को यह स्पष्ट हो गया है कि व्यथित महिलाएं इस तरह के अत्याचारों को चुपचाप बर्दाश्त नहीं करेंगी। लक्ष्मीर भंडार परियोजना पर कटाक्ष करते हुए, चटर्जी ने कहा, एक तरफ, आप (ममता) घरों की लक्ष्मी को 500-1000 रुपये का समर्थन देने का वादा कर रही हैं, दूसरी तरफ आपके गुंडे रात में लक्ष्मी को उठा रहे हैं और उनका उल्लंघन कर रहे हैं। अपनी टीएमसी प्रतिद्वंद्वी रचना बनर्जी के बारे में पूछे जाने पर, अभिनेत्री से भाजपा उम्मीदवार बनीं अभिनेत्री ने कहा, मेरे पास उनके खिलाफ कुछ भी व्यक्तिगत नहीं है। हां, हमने अतीत में सहयोगियों के रूप में काम किया था। चटर्जी ने कहा, बंगाल के लोग राजनीतिक रूप से जागरूक हैं। वोट देने का उनका फैसला किसी के हाथ हिलाने, किसी के मुस्कुराने या सीधे रियलिटी शो के सेट से नीचे आने जैसे कारकों से तय नहीं होता है। रचना, एक राजनीतिक ग्रीनहॉर्न, लोकप्रिय बंगाली गेम शो दीदी नंबर 1 की मेजबानी करती है। बीजेपी में शामिल होने के बाद, मैंने एक साल से अधिक समय तक राजनीतिक गतिविधियों, प्रदर्शनों, आउटरीच कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया। उसके बाद मुझे मेरी पार्टी ने पहली बार विधानसभा चुनाव में उतारा, जिसे मैं जीत नहीं सका। लेकिन मैंने जमीनी स्तर पर काम करना जारी रखा। उन्होंने वर्षों तक संगठनात्मक गतिविधियों में भाग लिया।

अगर आपको लोगों के लिए काम करना है, अगर आपको राजनीति में शामिल होना है, तो आपको सब कुछ छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए, चटर्जी, जिन्होंने मेयर आंचल, शुभोदृष्टि, पोरन जाए जोलिया रे, हैलो मेमसाहब, गोसाईबागनेर भूत जैसी फिल्मों में काम किया था। अन्य हिट्स, ने कहा। चटर्जी ने कहा, टीएमसी के झूठे प्रचार और साजिशों के बावजूद, मोदी के कई विकास उपाय - मुफ्त राशन से लेकर वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत तक, पानी के नीचे मेट्रो से लेकर किसान परियोजनाओं तक, मतपेटी में दिखाई देंगे क्योंकि लोग सुशासन के पक्ष में होंगे। (सुशासन) अपोशन (कुशासन) को अस्वीकार कर रहा है।

# बंगाली नववर्ष के दिन कालीघाट मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी

**कोलकाता,एजेन्सी।** बंगाली नव वर्ष या पोइला बोइशाख के पहले दिन पूजा करने के लिए सैकड़ों भक्त कोलकाता के कालीघाट मंदिर में एकत्र हुए। बंगाली व्यापारिक समुदाय के लोगों ने भी देवी लक्ष्मी और गणेश की पूजा की और नए साल में लेनदेन के पहले दिन को चिह्नित करने के लिए अपनी दुकानों के लिए एक नया हल खाता (हिसाब किताब) प्राप्त किया। जिस तरह से वे आम तौर पर बंगाली नव वर्ष मनाते हैं, उसके बारे में बोलते हुए, भक्तों में से एक, मेघदीप भट्टाचार्य ने एएनआई से बात करते हुए कहा, हर बंगाली नव वर्ष, हम यहां ( कालीघाट मंदिर ) लक्ष्मी-गणेश और हल की पूजा करने आते हैं। सुबह खाता , क्योंकि हमारी एक दुकान है। उसके बाद हम अपनी दुकान पर पूजा करते हैं और खाने के लिए निकलते हैं। यहां से हम अपनी दुकान पर जाएंगे और वहां गणेश-लक्ष्मी रखेंगे। भट्टाचार्य के बगल में खड़े एक अन्य भक्त, समृद्धि चटर्जी ने एएनआई से बात करते हुए कहा, यह हमारे लिए एक बहुत ही खास दिन है।



हम लगभग हर चीज को बहुत पारंपरिक रूप से करने की कोशिश करते हैं क्योंकि यह दिन हमें बंगाली होने का प्रतीक है। आज हम मंदिर में प्रार्थना करते हैं, खर्च करते हैं। अपने परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएं, निश्चित रूप से बंगाली दोपहर का भोजन करें और फिर बहुत सारे कार्यक्रम चल रहे हैं- शायद हम वहां जाएंगे।

हल खाता की अवधारणा को समझाते हुए , चटर्जी ने कहा, जिन लोगों के पास व्यवसाय है, उनके पास आमतौर पर पिछले वर्ष का कुछ बकाया होता है। हम सभी बिल अपने पास रखते हैं। वर्ष के अंत में, हम अपने सभी बकाया का भुगतान करते हैं और आज से, हम एक नया हल खाता शुरू करते हैं जहां हम अपने व्यवसाय के लिए सब कुछ रिकॉर्ड करेंगे। एक अन्य भक्त जो हर बंगाली नववर्ष के दिन कालीघाट मंदिर में नियमित रूप से आते हैं, ने कहा कि भक्तों की भारी भीड़ के कारण उस दिन मंदिर में आमतौर पर भीड़ होती है। सुशांत भौमिक ने एएनआई से बात करते हुए कहा, मैं पिछले 42 सालों से हर साल यहां आ रहा हूं...इस दिन यहां आमतौर पर अधिक भीड़ होती है। नई सड़क के निर्माण के कारण भक्तों को कुछ समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पोइला बोइशाख भौगोलिक स्थिति के बावजूद दुनिया भर के बंगालियों द्वारा मनाया जाता है, लेकिन इस अवसर का बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल , त्रिपुरा और असम सहित भारत के बंगाली भाषी क्षेत्रों में बंगालियों के लिए विशेष महत्व है। (एएनआई)

## नदिया के रानाघाट में एक बुजुर्ग सब्जी विक्रेता के ऊपर जर्जर घर की छत गिरने से उसकी मौत

**कोलकाता,एजेन्सी।** नदिया जिले के रानाघाट में शनिवार सुबह एक जर्जर घर के कंगनी का एक हिस्सा गिरने से एक बुजुर्ग सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। 63 वर्षीय सत्येन्द्रनाथ कुंडू हर सुबह घर के कंगनी के नीचे बैठकर सब्जियां बेचते थे, जो राणाघाट रेल बाजार क्षेत्र में जदुनाथ बाजार का एक हिस्सा है।

धनतला पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के तहत हिजुली के निवासी कुंडू सुबह लगभग 6.30 बजे दिन का कारोबार शुरू करने की तैयारी कर रहे थे, तभी कॉर्निस ढह गई। अन्य व्यापारियों ने उन्हें मलबे के नीचे से निकाला और राणाघाट उपमंडल अस्पताल ले गए, जहां एक डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि पीड़ित के सिर में चोट लगी थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय व्यापारियों ने लंबे समय से खतरा बनी जर्जर इमारत को गिराने की पहल नहीं करने के लिए पुलिस और राणाघाट नगर पालिका को दोषी ठहराया। एक व्यापारी ने कहा, हमने नगर पालिका अधिकारियों से 100 साल से अधिक पुरानी इमारत को ध्वस्त करने का आग्रह किया था। लेकिन उन्होंने हमारी अपील पर कोई ध्यान नहीं दिया। एक अन्य व्यापारी ने कहा, हमारे दबाव के बाद, नागरिक प्रशासन ने निरीक्षण किया और इमारत को खतरनाक बताया। लेकिन उसने इसे तोड़ने या किसी दुर्घटना को रोकने के लिए कोई एहतियाती कदम उठाने के लिए आगे कोई कार्रवाई नहीं की। शनिवार को हुए हादसे के बाद नगर निगम प्रशासन ने इमारत के उस हिस्से की घेराबंदी कर दी, जहां ज्यादा खतरा था. नगरपालिका अध्यक्ष कोशलदेब बनर्जी ने एक अधिकारी के साथ घटनास्थल का दौरा किया और व्यापारियों को आश्वासन दिया कि जर्जर इमारत को गिराने का काम शनिवार रात से शुरू हो जाएगा। बनर्जी ने कहा, मैंने व्यापारियों से विध्वंस की सुविधा के लिए अपना स्टॉक बदलने के लिए कहा है। हम जल्द से जल्द विध्वंस पूरा करने की कोशिश करेंगे।

## बंगाली नववर्ष के अवसर पर ममता बनर्जी ने कालीघाट मंदिर में जाकर की पूजा-अर्चना



**कोलकाता,एजेन्सी।** लोकसभा चुनाव के दौरान ताबड़तोड़ रैलियों और जनसभाओं के बीच पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी कालीघाट मंदिर पहुंची. बंगाली नववर्ष की पूर्व संध्या पर उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की. इस दौरान उन्होंने भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक किया. साथ ही बेलपत्र भी अर्पित किया. बता दें कि बंगाली नववर्ष अप्रैल महीने के मध्य में मनाया जाता है. इस दौरान बंगाली लोग एक-दूसरे को 'शुभो नोबो बोरसो' कह कर नए साल की बधाई देते हैं. 'शुभो नोबो बोरसो' का मतलब होता है नव वर्ष मुबारक हो. आमतौर पर यह अप्रैल महीने की 14 तारीख को मनाया जाता है. बंगाल में इसे पोहला बोईशाख कहा जाता है. यह बैशाख महीने का पहला दिन होता है. पोएला का अर्थ है पहला और बोइशाख बंगाली कैलेंडर का पहला महीना है. बंगाली कैलेंडर हिन्दू वैदिक सौर मास पर आधारित है. बंगाल में बोइशाख का पूरा महीना शुभ माना जाता है. पोइला बैसाख पर लोग अपने घरों को साफ करते हैं, सफेदी करते है. सुबह जल्दी उठकर स्नान करते हैं और नए कपड़े पहनते हैं. बंगाली लोग इस दिन अधिकतर समय पूजा-पाठ और रिश्तेदारों-दोस्तों से मिलने-जुलने में लगाते हैं.

## भाजपा के बागी कर्सियांग विधायक बी.पी. का सुरक्षा घेरा जे.पी.नड्डा पर टिप्पणी के बाद केंद्र ने बाजगैन को वापस ले लिया

**कोलकाता,एजेन्सी।** भाजपा के कर्सियांग विधायक बी.पी. का सुरक्षा घेरा बाजगैन को केंद्र ने शुक्रवार को वापस ले लिया, जिस दिन विधायक ने क्षेत्रवाद और क्षेत्रीय पार्टी पर भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा की टिप्पणी पर चिंता व्यक्त की थी। बजगैन ने कहा कि उनके सुरक्षा प्रभारी ने उन्हें शुक्रवार रात करीब 10.30 बजे बताया कि उनका सुरक्षा कवर वापस ले लिया गया है. बजगैन ने कहा, शनिवार को 12.30 बजे कर्मचारी मेरे घर (सिलीगुड़ी में) से चले गए। शुक्रवार को, बजगैन ने गंगटोक में सिक्किम के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी करते समय क्षेत्रीय और क्षेत्रीय दलों पर भाजपा अध्यक्ष नड्डा की टिप्पणी की आलोचना की।

मैं एक अनुरोध करना चाहता हूं। अब बहुत हो गया है। आपको मुख्यधारा में आना होगा और मुख्यधारा भाजपा और श्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। क्षेत्रीय पार्टियाँ बहुत हो चुकी हैं... बाजगैन ने तुरंत जवाब दिया- क्षेत्रवाद को ख़त्म करना हमारी संस्कृति, भाषा को ख़त्म करना है। जब सिक्किम का विलय हुआ तो सिक्किमवासियों की सुरक्षा का मुद्दा अहम था। क्षेत्रवाद को ख़त्म करने का मतलब बंगाल से अलग होने की हमारी मांग को ख़त्म करना भी है। कर्सियांग विधायक को 2021 बंगाल विधानसभा चुनाव जीतने के बाद एक्स सुरक्षा कवर प्रदान किया गया था। बाजगैन ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मेरे आवास पर चार सीआईएसएफ कर्मियों को तैनात किया है और दो और कर्मी मेरे साथ घूमेंगे। कर्सियांग विधायक ने आगामी दार्जिलिंग लोकसभा सीट के लिए दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय के रूप में अपना नामांकन भी दाखिल किया। बजगैन ने कहा कि निर्दलीय चुनाव लड़ने का उनका कदम दार्जिलिंग सीट से भूमिपुत्र को नामांकित करने में विफल रहने के लिए पार्टी का एक प्रतीकात्मक विरोध था। बाजगैन के दार्जिलिंग के मौजूदा भाजपा सांसद राजू बिस्ता के साथ मधुर संबंध नहीं हैं। वह बिस्टा को बाहरी व्यक्ति मानते हैं। बिस्टा मणिपुत के रहने वाले हैं लेकिन उनके ससुराल वाले दार्जिलिंग जिले से हैं। शनिवार को बजगैन इस क्षेत्र को बंगाल से अलग करने की मांग पर अड़े रहे और कहा कि भाजपा सरकार के ताजा कदम से संकेत मिलता है कि भगवा खेमा राज्य के दर्जे के पक्ष में नहीं है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा कैडर की तरह काम किया है, न कि केंद्रीय गृह मंत्री के रूप मेंज्मेरी सुरक्षा वापस ले ली गई जब मैंने एक उम्मीदवार को थोपने का विरोध किया और हमारे राज्य की मांग को आगे नहीं बढ़ाने और पूरा नहीं करने के लिए पार्टी पर सवाल उठाया।, बाजगैन ने कहा।

हालांकि, भाजपा नेता ने कहा कि वह पार्टी से इस्तीफा नहीं देंगे। बजगैन ने कहा, मैंने पार्टी के भीतर रहकर अपनी आवाज उठाने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी सोचा कि उन्हें पार्टी में बनाए रखने की भाजपा की मजबूरी क्या है। अगर राजनीतिक कारणों से मेरा सुरक्षा कवर हटा दिया गया है, तो वे मुझे पार्टी से भी हटा सकते हैं। मुझे पार्टी में बनाए रखने की उनकी क्या मजबूरी है? बजगैन ने कहा। कई लोगों का मानना है कि अगर राज्य के लिए एक मजबूत प्रचारक के रूप में देखे जाने वाले बाजगैन को पार्टी से हटा दिया गया तो चुनाव के दौरान भाजपा बैकफुट पर आ सकती है। बाजगैन ने कहा, मैंने बंगाल विधानसभा में चार बार गोरखालैंड का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने दार्जिलिंग एसपी को लिखा था कि उन्हें भाजपा और तृणमूल दोनों से खतरा देखते हुए सुरक्षा कवर प्रदान किया जाए, जो इसका विरोध करते हैं। बंगाल से अलग करने की मांग

## ममता बनर्जी ने बीजेपी को बताया सबसे बड़ा चोर, सबसे बड़ा गद्दार, सबसे बड़ा लुटेरा

**सिलीगुड़ी/कोलकाता,एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा पर सबसे बड़ा चोर, गद्दार और लुटेरा होने का आरोप लगाया और कहा कि टीएमसी सरकार सच्चाई के साथ काम करती है।



उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, सबसे बड़ा चोर, सबसे बड़ा गद्दार, सबसे बड़ा डाकू, सबसे बड़ा माफिया राज, अगर आज कोई इसे चलाता है तो वह भाजपा है, हम नहीं, यह याद रखें। बंगाल सच्चाई के साथ काम करता है, यह हमारी चुनौती है। सिलीगुड़ी में रैली.

सीएम ने जनता को सोशल मीडिया अफवाहों पर विश्वास करने के प्रति आगाह किया और दावा किया कि ये झूठी हैं और भाजपा पार्टी द्वारा निर्मित हैं। (बीजेपी) झूठ बोलते हैं, यूट्यूब पर फर्जी वीडियो बनाते हैं, इन सब पर विश्वास मत करो, इन्होंने करोड़ों रुपये चुराए हैं और ये सब कर रहे हैं। इन सब पर विश्वास मत करो। मैं जो कह रहा हूं उस पर विश्वास करो, मैं सामने खड़ा हूं आप और कह रहे हैं, मुझे चुनौती दें, मुझे कोई समस्या नहीं है, उसने कहा।

ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि बीजेपी ने बंगाल में भ्रष्टाचार की जांच के लिए 300 टीमें भेजीं लेकिन कुछ नहीं मिला. उन्होंने कहा, आपने (भाजपा) बंगाल में 300 टीमें यह देखने के लिए भेजीं कि बंगाल में किस तरह का भ्रष्टाचार है... लेकिन कुछ नहीं मिला। हमने आपके सभी सवालों का जवाब दिया है, लेकिन फिर भी आपने पैसा नहीं दिया, इसलिए (अब) हम नहीं देंगे। हमें आपका पैसा चाहिए, और आप हमारा पैसा भी नहीं लेते। आप बंगाल से पैसा क्यों लेते हैं, आपको कोई अधिकार नहीं है, उन्होंने कहा। बनर्जी ने भारत में, विशेषकर शिक्षित युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और उच्च मुद्रास्फीति के लिए प्रधान मंत्री मोदी की सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, भारत में सबसे ज्यादा बेरोजगारी शिक्षित युवा पीढ़ी में है। चीजों की कीमतें कितनी बढ़ गई हैं? इसके लिए जिम्मेदार कौन है? नरेंद्र मोदी की क्या गारंटी है? महंगाई को देखना केंद्र सरकार का काम है। . टीएमसी सुप्रीमो ने पीएम मोदी पर भी तीखा हमला किया, उनकी गारंटी को जुमला बताया और उन पर गरीबों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी एक जुमला (खाली वादा) गारंटी है, 100 दिनों तक पैसा न देने की गारंटी है, गरीबों पर अत्याचार की गारंटी है। बंगाल में लोकसभा के लिए मतदान 19 अप्रैल से शुरू होकर सभी 7 चरणों में होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को निर्धारित की गई है। 2014 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी ने राज्य में 34 सीटें जीती थीं, जबकि बीजेपी को 2 सीटों से संतोष करना पड़ा था. सीपीआई (एम) ने 2 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को 4 सीटें मिलीं। हालाँकि, भाजपा ने 2019 के चुनावों में बहुत बेहतर प्रदर्शन किया, टीएमसी की 22 सीटों के मुकाबले 18 सीटें जीतीं। कांग्रेस की सीटें घटकर सिर्फ 2 सीटें रह गई, जबकि वामपंथियों को एक भी सीट नहीं मिली। (एएनआई)

# अभिषेक बनर्जी के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद जातीय समुदायों ने तृणमूल कांग्रेस को समर्थन देने का वादा किया

**कोलकाता,एजेन्सी।** तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को सिलीगुड़ी में समुदायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और कूच बिहार में अपनी पार्टी के उम्मीदवार के लिए प्रचार किया। सिलीगुड़ी में अभिषेक ने कामता राजबंशी परिषद, ऑल बोडो (मेच) समाज और जय बिरसा मुंडा उलगुलान के सदस्यों के साथ बैठक की और आम चुनाव के बाद उनकी मांगों पर विचार करने का वादा किया।

इन संगठनों के प्रतिनिधियों ने दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार लोकसभा सीटों पर तृणमूल का समर्थन करने का वादा किया। 2019 में उन्होंने बीजेपी का समर्थन किया था. कामता राजबंशी परिषद के अध्यक्ष राहुल बर्मन ने कहा कि उन्होंने वर्षों से भाजपा का समर्थन किया है। भाजपा ने हमारे लिए कुछ नहीं किया। राज्य सरकार ने राजबंशी समुदाय के लिए कई योजनाएं और परियोजनाएं शुरू कीं। हम तृणमूल का समर्थन करेंगे, उन्होंने कहा।



बैठक के पीछे ममता बनर्जी की पार्टी के पहाड़ी सहयोगी भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा के अनित थापा थे।

दिला शाइबो, जो बोडो (मेक) समुदाय का प्रतिनिधित्व करती थीं - इस समुदाय के दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों में लगभग 1.5 लाख मतदाता हैं - ने कहा कि 2009 से, उन्होंने भाजपा को वोट दिया है। भाजपा सांसदों ने संसद में कभी भी हमारे मुद्दों के बारे में बात नहीं की। आज (शनिवार को) हमने अभिषेक बनर्जी से मुलाकात की और (तृणमूल को) अपने समर्थन की पुष्टि की, शैबो ने कहा। उन्होंने कहा, समुदाय एक विकास बोर्ड, उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय में एक बोडो विभाग और 138 प्राथमिक विद्यालय चाहता है, जिन्हें समुदाय संबद्धता प्राप्त करने के लिए शिक्षा की भाषा के रूप में मैक् के साथ चलाता है। जय बिरसा मुंडा उलगुलान के प्रमुख किशोर कुजूर, जो छह विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 60 प्रतिशत आबादी वाले आदिवासी लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, भी बैठक में उपस्थित थे। हम अब भाजपा का समर्थन नहीं करेंगे। हमने भाजपा को वोट दिया लेकिन तृणमूल सरकार ने चाय बागानों और वन गांवों में आदिवासी लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं, कुजूर ने कहा।

### रोड शो

बाद में दिन में, अभिषेक कूच बिहार की विधानसभा सीट सीताई भी गए, जहां से 2021 के विधानसभा चुनावों में तृणमूल के जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने जीत हासिल की थी। उत्तर प्रदेश के मंत्री उदयन गुहा के साथ उन्होंने एक रोड शो में हिस्सा लिया. इस लोकसभा चुनाव में बसुनिया का मुकाबला भाजपा के निसिथ प्रमाणिक से है। अभिषेक ने कहा कि प्रमाणिक को जमानत लेनी पड़ी क्योंकि उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। अभिषेक ने कहा, आपके पास ऐसा उम्मीदवार है और फिर आपके पास हमारा उम्मीदवार है। आप फैसला करें।

## संक्षिप्त समाचार

### चौकीदार से मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार




**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के बहादुरगंज महादेवदिघी चौक के पास चौकीदार के साथ मारपीट और जाती सूचक गाली देने मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसआई प्रिंस कुमार ने बताया कि चौक के पास तैनात चौकीदार सोरेन लाल हरिजन के साथ मारपीट और जाती सूचक गाली देने का मामला सामने आया था। इसके बाद एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त का नाम मो मेराज आलम उर्फ गुड्डू है और वह बेंतबाड़ी बहादुरगंज का निवासी है। उसे गिरफ्तार कर मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बम फटने मामले में पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार



**बांका, एजेंसी।** बांका के धोरैया थाना क्षेत्र में बम फटने मामले में दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में मोहम्मद इस्माइल और नूर मोहम्मद शामिल है। एसडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि शुक्रवार को अहिरो गांव में मकसूद मोहल्ला स्थित मोहम्मद इस्माइल अंसारी के घर के पास चार बच्चे खेल रहे थे। इस दौरान बम फटने से चारों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद सभी को धोरैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को फिर भागलपुर के मायागंज अस्पताल में रेफर किया गया। मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान 8 साल के कुर्बान और 5 साल के सनिउल्लाह की मौत हो गई। इसके अलावा बाकी दो बच्चों का इलाज चल रहा है। मामले में 5 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसी में दो की गिरफ्तारी हुई है। है।

### लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 4 आईएएस अधिकारियों का हुआ ट्रांसफर

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराए जाने को लेकर चुनाव आयोग काफी गंभीर नजर आ रहा है. चुनावों में किसी तरह से धांधली ना हो, इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से लगातार बड़े से छोटे स्तर तक के पदाधिकारीयों और अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं. इसी कड़ी में बिहार में भी बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है. इलेक्शन कमीशन के निर्देश पर बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने 4 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है. जिन अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है उनमें सचिव पद के भी तीन अधिकारी शामिल हैं. शनिवार (13 अप्रैल) को सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है. बता दें कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव दयानिधान पांडेय को लघु संसाधन विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है. वहीं गन्ना उद्योग विभाग के ईख आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह को राजस्व पर्षद के सचिव के तौर पर ट्रांसफर किया गया है. इसके अलावा लघु जल संसाधन विभाग के सचिव आशिमा जैन को तबादला कर नगर विकास एवं आवास विभाग का सचिव बनाया गया है. अब गन्ना उद्योग विभाग के ईख आयुक्त की जिम्मेदारी अनिल झा को सौंपी गई है. वह अभी तक राजस्व पर्षद के सचिव थे. इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह को नगर विकास विभाग के सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है. बता दें कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 18 मार्च को चुनाव आयोग ने किया था. बिहार की कुल 40 सीटों पर सभी सात चरणों में मतदान संपन्न कराया जाएगा. पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को होनी है. लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से बिहार में लगातार सभी विभागों में ट्रांसफर पोस्टिंग का दौर जारी है.

# जीतन राम मांझी ने की भगवान श्री राम की आरती:गया में 56 भोग का प्रसाद भी लगाया

## चिराग पासवान को बताया उभरता हुआ नेता



**गया, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी गया से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला राजद के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत से है। गया लोकसभा क्षेत्र के ब्राह्मण वोटर को लुभाने के लिए जीतन राम मांझी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते है। इसी कड़ी में उन्होंने आज भगवान श्री राम की आरती की है। साथ ही भगवान श्री राम को 56 भोग का प्रसाद भी चढ़ाया है। जीतन राम मांझी को श्री आदर्श लीला समिति की ओर से समर्थन दिया गया है। वहीं, मांझी ने आदर्श लीला समिति की ओर से आयोजित आरती में भाग लिया। मांझी ने खुद आरती भी की। बनारस की थीम पर गंगा आरती की तरह प्रभु श्री राम की आरती हुई। बनारस के ब्राह्मण ने आरती संपन्न कराया। श्री आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष गौरव सिन्हा ने बताया कि बनारस की थीम पर प्रभु श्री राम की आरती हुई। खुद पूर्व सीएम और लोकसभा के प्रत्याशी जीतन राम मांझी ने आरती की। 56 भोग का प्रसाद लगाया। उन्होंने कहा कि जीतन राम मांझी की जीत निश्चित है, बस हमें जीत का अंतर और बड़ा करना है।

### चिराग पासवान उभरते हुए नेता- मांझी

मांझी ने आरती शुरू की तो कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान भगवान को भी 56 प्रसाद का भोग चढ़ाया गया। पूर्व सीएम ने कहा कि इस बार 400 के पार जाना है। नरेंद्र मोदी की सरकार बनानी है। हमें आदर्श लीला समिति का समर्थन मिल रहा है। हम चाहते हैं कि बिहार की 40 सीटों पर एनडीए जीते और नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बने। वहीं, चिराग पासवान के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले पिछड़े दलित के नेता कम होते थे, लेकिन चिराग पासवान उभरते हुए नेता हैं और बिहार के भविष्य हैं।

### ब्राह्मण समाज को लुभा रहे हैं

पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के आरती पर गया शहर के रहने वाले रवि मिश्रा ने कहा, बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी जब महागठबंधन में थे तो पंडित, पुजारी और सत्यनारायण पूजा पर विवादित बयान दिया था। अब उन्हें लग रहा कि कहीं ब्राह्मण और पंडित समाज नाराज न हो जाए, इस कारण वो आरती कर ब्राह्मण समाज को लुभा रहे हैं।

## हेलीकॉप्टर पर इंतजार करते रहे तेजस्वी, मंच पर बैठी रही प्रत्याशी



**जमुई, एजेंसी।** जमुई के अलीगंज प्रखंड के सोनखार प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में अफरातफरी मच गई। इसकी वजह थी कि तेजस्वी यादव चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद हेलीकॉप्टर में बैठ गए, लेकिन जमुई लोकसभा सीट से राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास पहुंची नहीं थी। तेजस्वी हेलीकॉप्टर में बैठक में इंतजार करने लगे। हालांकि, बाद में अर्चना रविदास भाग कर हेलीपैड पहुंचीं। तब जाकर अगले सभास्थल के लिए हेलीकॉप्टर उड़ान भरी। इस दौरान करीब 10 मिनट तक तेजस्वी यादव हेलीकॉप्टर में बैठ कर इंतजार करते रहे।

तेजस्वी यादव जमुई के अलीगंज हाई स्कूल के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए शाम 3:35 पर पहुंचे थे। करीब 25 मिनट जमुई में चुनावी सभा को संबोधित किए। तेजस्वी को इसके बाद तारापुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए जाना था। तेजस्वी की सभा में अर्चना रविदास को भी शामिल होना था।

हालांकि, राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास को इस बात की जानकारी नहीं होने के कारण वह मंच पर ही बैठी रही। तेजस्वी यादव तारापुर के लिए हेलीकॉप्टर से उड़ान भरने वाले ही थे, तभी अर्चना रविदास को साथ में नहीं देख, उन्हें बुलाने के लिए कहा। इधर, अर्चना रविदास को जैसे ही इस बात की सूचना मिली, वह भागी-भागी हेलीपैड के पास पहुंची। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में अर्चना रविदास कह रही हैं कि हमें इसकी जानकारी नहीं थी। ना ही कोई बताया था कि तारापुर जाना है। इस कारण लगभग 10 मिनट की देरी से तेजस्वी यादव का हेलीकॉप्टर अगले चुनावी सभा तारापुर के लिए रवाना हुई।

# चार गोली मारकर 15 लाख कैश और बाइक लूटी

## मुजफ्फरपुर में कलेक्शन का पैसा लेकर जा रहा था; धक्का मारकर गिराया, फिर फायरिंग की



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में एक सेल्समैन को चार गोलियां मारकर लूटपाट की गई है। पीड़ित से 15 लाख कैश और बाइक की लूट हुई है। दो बाइक से आए चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। सेल्स मैन कलेक्शन कर पूसा लौट रहे थे। अपराधी उनका पीछा कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने पीछे से धक्का मार दिया। जैसे ही वो गिरे उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। फिर चार गोलियां मार कर बाइक और कलेक्शन के 15 लाख रुपए लूट लिए। घटना सकरा थाना क्षेत्र के मुरौल अस्पताल रोड की है। घायल को एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

### स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। सकरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कलेक्शन एजेंट समस्तीपुर जिले के चकमेशी थाना क्षेत्र गिराई गांव के नागेंद्र ठाकुर के बेटे राजेश ठाकुर (33) हैं। राजेश ठाकुर मुजफ्फरपुर जिले में खाद से जुड़ा काम करते हैं।

### सकरा थाना क्षेत्र में मार्केट से कलेक्शन कर लौट रहे थे

राजेश ठाकुर ने बताया कि सकरा थाना क्षेत्र में मार्केट से कलेक्शन का पैसा लेकर बाइक से पूसा जा रहे थे। इसी दौरान दो बाइक सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक किया। उसके बाद धक्का मार कर गिरा दिया। गाड़ी की डिक्की में पैसे थे। विरोधी करने पर गोली चला दी। गाड़ी और रुपए लेकर चले गए। एसकेएमसीएच ओपी प्रभारी ललन पासवान ने बताया की लूट के दौरान गोली मारी गई। इलाज स्यस्ब्ष्ट॥ चल रहा है। मार्केट से पैसा लेकर घर जा रहे थे। इस दौरान दो बाइक पर चार बदमाशों ने गोली मारकर पैसा और बाइक लूट लिया।

# राजद को बड़ा झटका, पूर्व मंत्री और सांसद रह चुके बृशिण पटेल ने दिया इस्तीफा

## बोले– 'समर्पित कार्यकर्ताओं को नहीं मिलता सम्मान'

**पटना, एजेंसी।** एक के बाद एक बड़े नेता राजद से इस्तीफा दे रहे हैं. इस क्रम में अशफाक करीम के बाद वृषिण पटेल ने राजद से इस्तीफा दे दिया है. वृषिण पटेल ने इस्तीफा देते हुए आरजेडी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने इस्तीफा पत्र में लिखा, आरजेडी को समर्पित कार्यकर्ताओं की कोई जरूरत नहीं है. आरजेडी की सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव में कोई आस्था नहीं. दुखित मन से आरजेडी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं. बता दें कि वृषिण पटेल बिहार के वरिष्ठ राजनीतिज्ञों में से एक हैं और कुर्मी जाति के कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं. वह बिहार सरकार में मंत्री रहे हैं और पूर्व में सांसद भी रह चुके हैं. उन्होंने राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को पत्र लिखकर कहा कि मैंने महसूस किया है कि राष्ट्रीय जनता दल को समर्पित कार्यकर्ताओं की आवश्कता नहीं है. आरजेडी डेमोक्रेसी नहीं सिंगल विंडो सिस्टम चला रही है. सांप्रदायिक सद्भाव और सामाजिक न्याय में भी पार्टी को आस्था नहीं रही. बहुत दुखी मन से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं. वृषिण पटेल ने आगे लिखा, तेजस्वी यादव ने जो कुनबा तैयार किया है, वो भविष्य में खुद के लिए कांटा बो रहे हैं, जो उन्हें ही चुभेगा. राजद द्वारा उतारे गए उम्मीदवारों पर उन्होंने कहा कि जनता फैसला करेगी कि क्या करना है. इससे पहले पूर्व राज्यसभा सांसद अशफाक करीम ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था. अशफाक करीम जेडीयू में शामिल होंगे. हालांकि, वृषिण पटेल के इस्तीफे के पीछे और भी वजहें बताई जा रही हैं. दरअसल, वैशाली से टिकट इन्हे न देकर पार्टी ने मुन्ना शुक्ला को उम्मीदवार बना दिया. जबकि वैशाली से सांसद भी रहे हैं वृषिण पटेल. वृषिण पटेल का कहना है कि मुन्ना शुक्ला, अशोक महतो के परिवार, बीमा भारती और ऐसे ही लोगों को पार्टी तवज्जो दे रही है.

# गुरु ग्रह गए पढ़न रघुराई, अल्प काल विद्या सब आई

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** खगड़ा में चल रहे नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ और श्री रामकथा महायज्ञ के पांचवें दिन प्रवचन करते हुए श्री रामचंद्राचार्य परमहंस स्वामी आगमानंद महाराज ने सीता जन्मोत्स्व की कथा सुनाई। कथा की शुरुआत उन्होंने आरती श्री रामायण जी से की। इस दौरान गायक माधवानंद ठाकुर व बलवीर सिंह बग्घा ने आरती के अलावा कई भजनों को प्रस्तुत किया। स्वामी आगमानंद जी महाराज ने कहा कि हमारा प्राचीन विज्ञान इतना गौरवशाली था कि कुश के पुतले को बालक बना दिया गया था। वैज्ञानिक वाल्मीकि जी आध्यात्मिक विज्ञान के पुरोधा थे। आज का कोई वैज्ञानिक ऐसा नहीं कर सकता है। प्राचीन ऋषि मुनि में भी विज्ञान के प्रति निष्ठा थी, वे अपने आध्यात्मिक शक्ति से सब कुछ कर सकते थे। स्वामी आगमानंद ने गोस्वामी तुलसीदास रचित श्रीरामचरितमानस की चौपाई को सुनाते हुए कहा कि- माला तो कर में फिरे, जीभी फिरे मुख्य माहीं। मनवा तो चहुं दिसि फिरै, यह तो सुमिरन नहीं। इसलिए उन्होंने कहा जप श्रद्धा और मन से करें। कहा इस प्रकार से जप, ध्यान और नाम जपने से कल्याण होता है, चाहे एक घड़ी, आधी घड़ी, आधी में पुनि आध। तुलसी संगत साधु की, हरे कोटि अपराध। स्वामी आगमानंद जी ने भगवान राम के बाल लीला की चर्चा करते हुए कहा कि



दशरथ के चारों पुत्र राम, भरत, शत्रुघ्न और लक्ष्मण का नामकरण महर्षि वशिष्ठ ने किया। जिसके उन्होंने अर्थ बताए। इसके बाद गुरुकुल में विद्याध्ययन को जाने के प्रसंग के प्रसंग को सुनाया। उन्होंने कहा कि 'गुरु ग्रह गए पढ़न रघुराई, अल्प काल विद्या सब आई कुछ ही दिनों में चारों भाई बेहतर शिक्षा प्राप्त कर गए। स्वामी आगमानंद जी महाराज से कहा कि विद्यार्थियों को ध्यानमग्न होकर पढ़ना चाहिए। मोबाइल से बच्चे दूर रहें।

# बिहार में हो गई गर्मी की छुट्टी. अब 16 मई को खुलेंगे स्कूल

## शिक्षकों को रोज आकर विशेष कक्षा संचालित करना होगा

**पटना, एजेंसी।** बिहार के सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी 15 अप्रैल से शुरू हो रही है। छात्रों को छुट्टी के दौरान भी कुछ होमवर्क पूरा करना होगा। यह जानकारी बिहार शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में दी गई है। अधिसूचना के अनुसार, 15 अप्रैल से 15 मई तक गर्मी की छुट्टी के दौरान, प्रारंभिक और उच्च विद्यालयों में विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इन कक्षाओं में, छात्रों को पिछले कक्षाओं के पाठ्यक्रम का पुनरावलोकन करने और आगामी कक्षा के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी।

### स्कूल में उपस्थित रहेंगे टीचर

केके पाठक का शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि गर्मी की छुट्टी के दौरान शिक्षक भी स्कूलों में उपस्थित रहेंगे। वे छात्रों की समस्याओं का समाधान करने और उन्हें उनकी पढ़ाई में मदद करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। माना जा रहा है कि बिहार शिक्षा विभाग का यह पहल उन छात्रों के लिए फायदेमंद होगी जो गर्मी की छुट्टी के दौरान भी अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं। इससे उन्हें पढ़ाई में आगे रहने और अगली कक्षा के लिए बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी।



### सुबह 10 बजे से 12 बजे तक स्पेशल क्लास

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, गर्मी की छुट्टियों के दौरान सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक दक्ष कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इसके अलावा, 16 मई से हाई स्कूल के विद्यार्थियों के लिए शिक्षकों द्वारा विशेष कक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

# किसान पर जहरीले तीर से जानलेवा हमला



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के सरसी में मामूली विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जहरीले तीर से वार कर दिया। तीर खेत में मकई की रखवाली कर रहे किसान के दाएं हाथ में जा लगी। इस जानलेवा हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बुजुर्ग की गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने उन्हें जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया। तीर को बुजुर्ग के हाथ से नहीं निकाला जा सका है। वहीं हमला करने वाले आदिवासी मूल के व्यक्ति को पकड़कर लोगों ने सरसी पुलिस के हवाले कर दिया। घायल किसान की पहचान सरसी थाना क्षेत्र के बोहरा पंचायत के सरस्वती गांव के वार्ड 3 निवासी किसान कृत्यानंद यादव (60) के रूप में की गई है।

घायल कृत्यानंद यादव ने बताया कि वे रोजाना की तरह सरस्वती गांव स्थित घर से कुछ ही दूरी पर स्थित मकई के खेत पर गए थे। कुछ ही दूरी पर घर के अन्य सदस्य मकई के खेत में अपने काम में व्यस्त थे। इसी दौरान एक आदिवासी मूल का व्यक्ति तीर कमान लिए आ गया। खेत से दूर चले जाने की चेतावनी देते हुए उसने तीर से हमला कर देने की चेतावनी दी। मगर वे नहीं डरे और उन्होंने खेत से हटने से इनकार कर दिया। आगे जब उन्होंने आदिवासी व्यक्ति का परिचय पूछा तो वो इसी पर भड़क गया। जब तक वे कुछ समझ पाते उनके ऊपर जहरीले तीर से हमला कर दिया गया। इस जानलेवा हमले के बाद वे खून से लथपथ खेत पर गिर गए। चीखने की आवाज सुनकर खेत पर काम कर रहे हैं परिवार के लोग उनकी ओर दौड़े। जिसके बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें घरवालों की मदद से तस्ब्ष्ट॥ पूर्णिया में एडमिट कराया गया।

वहीं जहरीले तीर से हमला करने वाले आदिवासी मूल के व्यक्ति को पकड़ लिया गया है। घटनाक्रम की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची सरसी थाना की पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने आदिवासी मूल के व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है और थाने ले गई है।

## आपसी विवाद में समधी ने दूसरे समधी को मारा चाकू



**अररिया, एजेंसी।** अररिया के पैकटोला पंचायत में बाड़ी घाट मियां चौक पर आपसी विवाद को लेकर एक समधी ने दूसरे समधी को चाकू मार दिया। इसमें 55 साल के मोहम्मद महू और 35 साल के मोहम्मद फिरोज गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को सदर अस्पताल अररिया में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने मोहम्मद महू को पेट में चाकू लगने के कारण उसकी हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना को लेकर घायल मोहम्मद महू के दामाद मोहम्मद लतीफ ने बताया कि 3 साल पहले उनकी मंझली बेटी की शादी गांव के ही मोहम्मद जब्बार का बेटा मोहम्मद जमाल के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही मोहम्मद जमाल का परिवार इनकी बेटी अफसाना खातून के साथ मारपीट करने लगा। इसको लेकर कई बार गांव में पंचायत भी बुलाई गई। जब कोई समाधान नहीं निकला तो शनिवार की देर शाम वह बाड़ी घाट मियां चौक पर गए। वहां पर मोहम्मद महू ने अपने समधी मोहम्मद जब्बार को विवाद का फैसला करने को कहा। इस बात से गुस्सा होकर मोहम्मद जब्बार ने अपने पैकेट से चाकू निकाल कर उनके पेट में मार दिया। जब उनका बेटा बचाने के लिए गया को उसे भी चाकू मार दिया।

# नाटक 'राज रक्त' के मंचन के साथ नट रंग -3 का समापन

**रांची** ~ नाट्य संस्था मैट्रिक्स ( स्टेप फॉर ह्यूमनीटी ) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं कला संस्कृति विभाग झाराखण्ड सरकार के से आयोजित 3 दिवसीय नाट्य महोत्सव ( नट रंग - 3 ) का समापन नाटक राज रक्त का मंचन हुआ जिसमे नाटक राज रक्त एक श्चश्वद्यद्धह्लद्धष्ड्डद्य स्त्रह्ड्डद्धड्ड है, जिसमें हम देखते हैं कि राज्य के कई उच्च पद के लोग एक साथ मिलकर राजा को गद्दी से हटाना चाहते हैं पर उन्हें कोई रास्ता नहीं नज़र आता ।

कहानी में एक मोड़ ऐसा आता है जहां राजा अपनी प्रजा की भलाई के कुछ ठोस कदम उठाते हैं, जिसका राज्य के कई पद धारी लोग साथ नहीं देते और उनके खिलाफ़ हो जाते हैं । बस यही मौका उन उच्च कुल के लोगों को



मिलता है जिसमें राजा का भाई नक्षत्रराय , राजा की पत्नी गुणवती और राज्य का पुरोहित रघुपति शामिल होते हैं, वे सभी नक्षत्रराय को राजा बनाने की लालसा देते हैं और उसे राजा के गोद लिए हुए पुत्र ताता की हत्या करवाने को उकसाते हैं ।

जब ये बात पुरोहित के द्वारा पोषित पुत्र जयसिंह को पता चलती है तो वो अपने पिता का साथ नहीं देना चाहता और उसे समझने की बेजोड़ कोशिश करता है । पर रघुपति अपने पुत्र की बात नहीं सुनता और कोई रास्ता ना पाकर जयसिंह स्वयं की जान दे देता है ।

इधर नक्षत्रराय ताता को मारवा देता है । जब ये बात राजा को पता चलती है तो वो अपने भाई और पुरोहित को देश से 8 वर्ष के निर्वासन का दंड देता है । पुरोहित आत्मग्लानि में राज्य छोड़ कर चला जाता है पर नक्षत्रराय अपने भाई को मारने का निश्चय करता है । नक्षत्ररय राज्य के बाहर के मुगल दुश्मनों से मिल जाता है और अपने भाई पर हमला कर के उसे मार देता है । गोविंद के मरने पर वो राज्य का राजा बन जाता है और गुणवती उसकी पत्नी । राजा बनने के बाद वो पुराने राजा के सभी कानूनों को हटा कर अपने बनाए कानूनों को लागू कर देता है । सोनु सोनार, शिवांग चौबे, शंकर पाठक,अंकिता केरकेट्टा, शर्मिष्ठा शर्मा, अंकित कुमार, शाश्वत चौधरी, किरणमय महतो, सनी देवगम, सुजल पासवान, श्वेता, सुशांत सरीन, गिरीश दत्त, मणिकांत और आकांक्षा ने इस नाटक में कमाल का अभिनय किया है, म्यूजिक - अभिराज कुमार, मेकअप - रीतू रागिनी और लाइट दिबाशीष दा ने किया ।।

## यूसीएमएएस अबेकस में अथर्व शर्मा ने राज्य स्तरीय प्रथम रनरअप का खिताब जीता




**रांची** ~ राँची में यूसीएमएएस अबेकस की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हुई जिसमें अथर्व शर्मा ने प्रथम रनरअप का खिताब अपने नाम किया। अथर्व अबेकस माध्यम द्वारा गणीत के जटील जोड़-घटाव-गुणा-भाग को अंगुलियों पर चुटकियों में सुलझा लेता है। अबेकस की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया था इसमे अथर्व अपने अंकगणीतीय कौशल से राज्य में प्रथम रनरअप रहा।

## अभिभावक सम्मान समारोह आयोजित



**पिस्का नगड़ी।** शनिवार को नगड़ी के सेक्रेड मिशन हाई स्कूल में 19वाँ स्थापना दिवस सह अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेक्रेड मिशन हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षाप्रद रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी के तहत रोचक यंत्र की प्रस्तुति दी गई एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के ओर से अतिथियों एवं विद्यालय के 300 अभिभावकों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य सनातन विशि जी के उपस्थिति में दीप प्रज्वलित, पूजा-अर्चना एवं हवन कर किया गया। मौक़े पर विद्यालय के निदेशक सुरेश्वरी महतो, प्राचार्या बबीता कुमारी, अतिथि केदार महतो, प्रेमसागर महतो, आनन्द प्रसाद महतो, भोला महतो, विजय महतो, प्रीतम कुमार, लाला केशरी,प्रो विनोद केशरी, रवि प्रकाश सोनी, श्यामकिशोर महतो एवं शिक्षकगण उपस्थित थे ।

## ओबीसी मोर्चा ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनायी



**रांची** ~ देश में राजनीतिक बराबरी तब तक कोई अर्थ नहीं रखेगी,जब तक सामाजिक,आर्थिक बराबरी कायम न होगी। 26 नवंबर 1949 में संविधान सभा में बोलते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर ने कही थी। वह बातें आज भी प्रासंगिक है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय हार्मोन में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 133वीं जयंती के उपलक्ष में उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करने के पश्चात कहीं। श्री गुप्ता ने कहा कि भारत रत्न डॉ अंबेडकर ने उसे वक्त कहा था कि इस देश में संविधान लागू हो जाने से राजनीतिक रूप से बराबरी तो हो गई लेकिन इस संविधान को लागू करने वाले ठीक नहीं होंगे तो यह कागज का पुलिंदा साबित होगा। श्री गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए देश के समस्त नागरिकों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ एवं नागरिकों में सामाजिक समता लाना होगा। प्रदेश महासचिव अजय मेहता ने कहा की देश के संविधान को सबके घरों में रखने और उसके एक-एक अनुच्छेद को पढ़ने की जरूरत है। डॉ भीमराव अंबेडकर जी के तस्वीर पर माल्यार्पण के पश्चात एक स्वर में संविधान का प्रस्तावना का पाठ किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता प्रदेश महासचिव अजय मेहता राम लखन साहू राम अवतार कश्यप,अधिवक्ता राकेश कुमार, विष्णु कुमार,कमलेश चौधरी, अजय मंडल, विनय चंद्रवंशी रामदयाल मुंडा आदि का नाम शामिल है।

## बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**अनगड़ा ।** डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ति के मौके पर टाटीसिलवे डोलबग़ीचा स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माला पहनाकर उनकी जयन्ती धूमधाम से मनाई गयी । इस मौके मुख्य अतिथि के तौर पर आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा की बाबा साहब भारतीय संविधान के शिल्पकार थे जो संविधान बनाएं हमे वो संविधान को बचा के रखना है और उनके आदर्शों पर चलना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू नायक ने संचालन जगरनाथ महतो ने किया।इस मौके विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य विपिन टोप्पो आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य राजू नायक अर्जुन राम मानव राम किसन नायक राजेश नायक विजय नायक शंकर रामअरुण राम बंटी नायक सुनील जॉय मुखिया कृष्णा पाहन भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो मनोज चौधरी रामसाय मुंडा इत्यादि उपस्थित थे।

# प्रभु की दिव्य अनुभुति केवल ध्यान अभ्यास से होगी प्राप्ति, परमात्मा और हम अलग नही - मुकेश शास्त्री

**इटकी प्रतिनिधि**

ऐसा सुन्दर मनुष्य जीवन व्यर्थ ना हो जाय, इस विषय में हमेशा सवधान रहे। वास्तविक सुख की इच्छा जागृति हो इसके लिए अपनी बुद्धि को पलटने की जरूरत है। पहले मनुष्य को विश्वास कर चलना पड़ता है फिर अनुभव होने पर डिगाना असंभव है। परमात्मा पर निश्चित रूप से विश्वास किजीये इस संसार में सुख लेश मात्र की भी नही है। प्रभु को जैसा मानते है वैसे ही मानने का चेष्टा करते रहे। यह संसार अनित्य है यहां सुख नही अगर सुख चाहते हो तो भगवान नाम का सुमिरण करो । भगवान का वचन कभी मिथ्या नही होते । सुख प्राप्ति की भ्रान्ति में जीवन को बरबाद करना भारी भुल होगा। उकत अध्यात्मिक बाते पंडित मुकेश शास्त्री ने कही वे इटकी में



आयोजित श्रीराम चरित मानष पाठ महायज्ञ के 75 वें अधिवेशन में रामकथा के पांचवें दिन प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एक बार सरल हृदय से दृढ़तापूर्वक स्वीकार कर ले कि मै केवल भगवान का ही अशं हूँ और भगवान ही अपने है क्योंकि शरीर -संसार कभी किसी के साथ नही रहते और परमात्मा किसी का साथ नही छोड़ते है। हम और परमात्मा अलग नही है। प्रभु की इस दिव्य अनुभुति को हम केवल ध्यान के अभ्यास के जरिये प्राप्त कर सकते है। इसके पूर्व जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष विजय मेहता, कंचित शाही, संजय गोप सहित अन्य लोगों ने आरती कर प्रवचन की शुरुआत की। प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रोता राम कथा श्रवण करने पहुंचे थे।

## अस्ताचलगामी सुर्य को दी गई अर्ध्य,आज भगवान भुवन भाष्कर को दी जाएगी अर्ध्य

**रातू।** चैती छठ के तीसरे दिन रविवार को अस्ताचलगामी सुर्य को अर्ध्य अर्पित किया गया।वही सोमवार को उदयाचलगामी सुर्य को अर्ध्य दी जाएगी। छठ महापर्व को लेकर रातू बडा तालाब और पिर्रा तालाब में काफी भीड देखी गई। फन कैसल पार्क व शिवशंकर परिवार की ओर से छठव्रतियो के लिए तालाब परिसर में लाईट की व्यवस्था की गई है।वही छठव्रतियो को कोई परेशानी ना हो इसके लिए प्रशासन की ओर से भी तालाब परिसर में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात थी।सोमवार को सुबह उदयाचलगामी सुर्य को अर्ध्य देने के साथ ही चार दिनो से चला आ रहा चैती छठ पूजा का समापन हो जाएगा।

## ओबीसी मोर्चा ने प्रदेश कार्यालय में सोक सभा का आयोजन



**रांची**~राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के सलाहकार सुनील जायसवाल जी के 75 वर्षीय शिक्षक सह समाज सेवी पिता रामचंद्र जायसवाल जी का निधन पर हो गया है। वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों सहित भारा पुरा छोड़ गए हैं। उनके निधन पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने प्रदेश कार्यालय में 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलि दी गई।

2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रदेश महासचिव अजय मेहता, रामावतार कश्यप, राम लखन साहू, विष्णु कुमार, अधिवक्ता राकेश कुमार, अजय मंडल, विनय चंद्रवंशी, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, कमलेश चौधरी का नाम शामिल है।

## चैती दुर्गा पूजा आज खुलेगी पट

### रातू के प्राचीन बजरंगबली मंदिर परिसर में स्थापित की गई है माँ दुर्गा की प्रतिमा

**रातू ।** चैती दुर्गा पूजा के मौके पर महासप्तमी के दिन सोमवार को नवपत्रिका पूजन के बाद माँ दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिया जाएगा।माँ दुर्गा के पट का अनावरण रातू किला की राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी करेगी।ज्ञात हो कि रातू का यह प्राचीन बजरंगबली मंदिर में आजादी काल से ही हुनमान जी की पूजा की जा रही है।इस मंदिर परिसर में रामनवमी के दिन रातू प्रखंड के दर्जनों गांवो के झंडो का मिलन होता है।सभी गांवो के रामनवमी जुलूस का मिलन स्थल भी यही है।इस मंदिर से ही पूरे क्षेत्र के जुलूस की अगुवाई भी की जाती है।रामनवमी पूजा समिति रातू के सदस्यों की भूमिका केन्द्रीय समिति के रूप में जानी जाती है।चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी पूजा समिति में मुख्य रूप से राजकुमार, प्रदीप साहू, हरि साहू,संजय गुप्ता,संजय साहु, गुड्डु साहू, सोनू साहू, सुदामा प्रसाद सहित कई लोगों का विशेष योगदान है।

## सेल रांची इकाइयों ने मनाई डॉ अंबेडकर जयंती




**रांची** --- डॉ. भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती सेल, सैटेलाइट टाउनशिप में सेल की सभी छह रांची इकाइयों की भागीदारी के साथ सच्चे राष्ट्रवादी उत्साह के साथ मनाई गई। समारोह में आशीष चक्रवर्ती, ईडी (एचआरडी और एसएसओ), एसके वर्मा, ईडी (सीईटी); एसके कर, ईडी (आरडीसीआईएस) और सेल, रांची के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। सभा के प्रारंभ में एस जाचुक, सीजीएम (पी एंडए) ने इस अवसर पर सभी कर्मचारियों का स्वागत किया। इसके बाद जे. हेमरोम ने उपस्थित लोगों को डॉ. बीआर अंबेडकर के जीवन और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। सेल, रांची के सभी कार्यपालक निदेशकों ने डॉ. अंबेडकर के देश के प्रति योगदान की सराहना की और उपस्थित लोगों से डॉ. अंबेडकर के महान चरित्र के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया। धन्यवाद ज्ञापन जय प्रकाश द्वारा किया गया। समारोह का संचालन सुलोचना टोप्पो ने किया।

## डकरा में एसटी एससी ओबीसी एकता मंच के तत्वावधान में मनाई गई भीमराव अंबेडकर की जयंती

**खलारी।** एससी एसटी ओबीसी एकता मंच के तत्वावधान में अंबेडकर पार्क डकरा में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीसीएल एनके एरिया सेफ्टी ऑफिसर राजेन्द्र प्रसाद तथा एसओपी ज्योति कुमार ,मैनेजर लोकनाथ राणा ,रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता,जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी,मुखिया पुतुल देवी सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवपाल मुंडा तथा संचालन अशोक कुमार सिंह ने किया।कार्यक्रम में सर्व प्रथम अतिथियों के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद साथ ही नीला गमछा एवं



डॉ अम्बेडकर की तस्वीर देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम में महेंद्र ठाकुर के टीम के द्वारा अंबेडकर गीत प्रस्तुत किया गया। इस बीच वक्ताओं ने अपने अपने बातों को रखते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला । मौके पर उपस्थित अनिता गंझू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने जाति पाति, छूत अछूत, ऊंच-नीच आदि विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में अग्रणीय भूमिका निभाई है। वहीं कान्हाई पासी ने कहा कि बाबा भीमराव अम्बेडकर उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसटी एससी ओबीसी एकता मंच एनके एरिया देवपाल मुंडा ने कहा कि डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन का लोग अध्ययन कर उनके विचारों से जरूर से सीख ले और भीमराव अंबेडकर के शिक्षित बनो,संगठित हो ,संघर्ष करो के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।वहीं सीसीएल कर्मी रामदेव राम ने महापुरुषों की जीवनी पर आधारित पुस्तक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष देवपाल मुंडा को भेट किया। इस मौके पर मुखिया पुष्पा खलखो,दीपमाला कुमारी, शांति देवी, ललिता देवी,प्रमोद कराड़िया,रंथू उरांव, जगरनाथ महतो,रामलखन गंझु, अमृत भोगता, जंगबहादुर राम,असरफी राम,कन्हाई पासी,रविन्द्र बैठा, किशोर सतनामी,सुनील राम,बरतु मुंडा,जगदीश तिर्की,सुखराम सेठ,उतरा कुमार,भजोराम सतनामी, अशोक उरांव, जगरनाथ महतो,किशोर कुमार,ध्वजा राम धोबी,सूरज दास, अनिल पासवान,अनिता देवी,फूलो देवी,दिनेश प्रसाद,संदीप कुमार दास,सोनल कुमार दास,वीरू भोगता,रमेस गंझु, जगदीश गंझु, जगदीश तिर्की,नागेंद्र कुमार,दिलीप पासवान,संजय मुंडा,नित्या कुमार सहित कई लोग मौजूद थे

## पॉल ऑप्टिकल्स में लॉच हुई हियरिंग ऐड क्लिनिक की अत्याधुनिक पेशकश 'ईयरकार्ट ओम्नी'

**रांची** ~झारखंड की राजधानी राँची में आज बंगाली नव वर्ष के अवसर को ख़ास बनाते हुए शहर की प्रतिष्ठित पॉल ऑप्टिकल्स ने अपने ऑप्टिकल्स सेगमेंट में आज हियरिंग ऐड की सर्विस जोड़कर एक और उपलब्धि की शुरुआत की है। अपने दूसरे वर्षगाँठ पर पॉल ऑप्टिकल्स के संचालक संजय पॉल ने अपने तीस वर्षों के अनुभव को साझा किया और बताया कि शहर का यह एकमात्र प्रतिष्ठान है जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की आँखों की जाँच के साथ साथ कानों की वैज्ञानिक जाँच और सुनने की समस्या का भी समाधान किया जायेगा। श्री पॉल ने कहा कि वर्षगाँठ के अवसर पर अगले तीन महीनों तक वैसे लोग जिन्हें कम सुनाई देती है, उनका अत्याधुनिक मशीन ईयरकार्ट ओम्नी से निःशुल्क जाँच किया जाएगा। इसके लिए देश की अग्रणी कंपनी ईयरकार्ट के साथ पॉल ऑप्टिकल्स ने एक नई शुरुआत की है। लोग इस सुविधा का घर बैठे भी लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह झारखंड का पहला स्टोर है जहां चश्मा और हियरिंग ऐड पर




फ्री इंश्योरेंस दिया जाता है। चश्मों पर एक साल का फ्री इन्शुरन्स मिलता है. एस्सिलर लक्सोटिका किसी भी तरह का नुकसान के लिए भुगतान करेगा। ग़रीबों का ख़्याल रखते हुए उन्होंने ग़रीबों को मुफ़्त सेवा देने का भी वादा किया। WHO की रिपोर्ट के अनुसार देशभर में लगभग 10 करोड़ लोगों को बहरेपन की समस्या है. लेकिन उससे भी बड़ी समस्या यह है कि ज़्यादातर लोगों को यह नहीं पता है कि इस समस्या का कैसे समाधान किया जाय. श्रीमती मिश्रा बताती हैं कि लगभग 60त्न भारतीयों को ऑडियोलॉजिस्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं. देश में कम ओडोलॉजिस्टों की समस्या देखते हुए इस मशीन को ईजाद किया गया, ताकि कहीं दूर बैठे ओडोलॉजिस्ट भी मरीज़ों की समस्या का वैज्ञानिक तरीक़े से समाधान कर सकें. सामान्यतः लोग कानों की समस्या पर ध्यान नहीं देते हैं, WHO के मुताबिक़, अनूपचारित ऊँचा सुन ने के कारण लोगों को डिप्रेशन, याददाश्त खोना, ब्लड प्रेशर, हार्ट स्ट्रोक, ब्रेन स्ट्रोक और चिड़चिड़ापन की समस्या पनपने लगती है. सभी को एक निर्धारित अंतराल पर अपने कानों की जाँच करा लेनी चाहिए.

## जेहलीटांड स्थित अम्बा धौडा मस्जिद के समीप सड़क जगह-जगह से फट जानें और जमीन धंसने से दहशत में है ग्रामीण

**खलारी।** विश्रामपुर पंचायत के जेहलीटांड स्थित अम्बा धौडा मस्जिद के समीप रविवार की देर शाम में केडी बाजार जाने वाली सड़क जगह-जगह से फट गई। वहीं सड़क के अगल बगल रहने लोग सड़क के फट जाने से काफी दहषत में आ गए। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि शाम के समय केडी जाने वाले सड़क अचानक जगह-जगह से फट गई और जमीन धंस गया। ग्रामीणों ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन को सूचना देने के बाद भी भारी वाहनों का आवागमन इसी सड़क से किया जा रहा है। वहीं स्कूल बसें भी इस मार्ग से होकर गुजरती है। ग्रामीणों का भी आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन अगर ध्यान नही देती है तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। साथ उक्त सड़क के बगल स्थित मस्जिद भी है जहां हमेशा पांच वक्त की नमाज पढ़ी जाती है और अगल-बगल में काफी घर भी है। कहा गया कि सड़क फटने और भू-धसान की घटना बार-बार हो रही है फिर भी सीसीएल प्रबंधन उक्त समस्या के प्रति गंभीर नही है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर भविष्य कोई अनहोनी हुई तो इसका जिम्मेवार केडीएच प्रबंधक होगी।





संक्षिप्त समाचार

## पुलिस चौकी से भागा गैंगस्टर का आरोपी, अगवानपुर के एक घर में छिपा मिला, भेजा गया जेल

**मुरादाबाद , एजेंसी।** अगवानपुर पुलिस चौकी से शनिवार को गैंगस्टर शाकिर दरोगा को चकमा देकर भाग गया। दरोगा ऑफिस के बाहर बैठे फोन पर बात कर रहे थे। कुछ देर के बाद उनको गैंगस्टर के भागने की जानकारी हुई। तब दरोगा और पुलिस कर्मियों ने दौड़कर घर में छिपा होने की सूचना पर आरोपी को पकड़ लिया। शेरुआ धर्मपुर निवासी युवक पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। शनिवार को चौकी पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी युवक एक आम के बाग में कुछ युवकों के साथ शराब पार्टी कर रहा है। चौकी के एक दरोगा और पुलिस कर्मियों ने बाग में दबिश देकर गैंगस्टर के आरोपी समेत तीन युवकों को मौके से दबोच लिया। उनके पास से शराब की बोतल और अन्य सामान बरामद किया। पुलिस तीनों युवकों को चौकी में ले आई। पुलिस ने कुछ देर के बाद उसके दोनों साथी युवकों को परिजनों के सुपुर्दगी में देकर छोड़ दिया जबकि गैंगस्टर युवक को चौकी में बैठा लिया। इस दौरान ऑफिस के बाहर बैठे दरोगा के मोबाइल पर कॉल आई गई। वह फोन में व्यस्त हो गए। इसी का फायदा उठाकर युवक ऑफिस का गेट खोलकर भाग गया। पुलिस चौकी के मैदान में खड़े सिपाही ने आरोपी को भागते हुए देख लिया। तब सिपाही और दरोगा उसके पीछे दौड़े। आरोपी सराय फारुख मोहल्ले में एक घर में छिप गया। यहां उसको भागने का रास्ता नहीं मिला। इससे वह मकान की छत पर बैठ गया। मकान में मौजूद महिलाओं और बच्चों ने अंजान व्यक्ति को देखकर शोर मचा दिया। तलाश में लगे पुलिस कर्मियों ने उसको मौके से दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।?

## शादी का झांसा देकर युवक से 10 लाख रुपये ठगे

**कौशांबी , एजेंसी।** शादी कराने का झांसा देकर वैशाली में रहने वाले युवक से ठगों ने 10 लाख रुपये की ठगी की। ठग ने मैट्रिमोनियल साइट पर जाकर युवक से संपर्क किया था। शादी की तारीक भी तय हो गई थी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वैशाली में रहने वाले एक युवक ने मैट्रिमोनियल साइट पर आईडी बनाई थी। वह एक कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि साइट पर एक लड़की का संदेश आया। लड़की ने अपने आप को आस्था शर्मा बताया। उसकी आईडी भी आस्था शर्मा के नाम से बनी हुई थी। दोनों के बीच मैसेज और फिर मोबाइल नंबर पर बात होने लगी। दोनों में शादी की बात हो गई। उसने शादी का झांसा दिया और पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए अपना भाई बताकर एक युवक से भी बात कराई। दोनों जल्द शादी करने की बात कहने लगे, लेकिन अचानक एक दिन जरूरी काम बताकर उनसे करीब डेढ़ लाख रुपये मांगे। पीड़ित ने रिश्ता तय समझकर रुपये दे दिए, जिसके बाद उन्होंने शादी की डेट बता दी। पीड़ित ने बताया कि इसी तरह जालसाज पांच माह में अलग-अलग तारीख बदलकर उनसे 10 लाख रुपये ले चुके हैं। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## स्कंदमाता की पूजा कर मांगी परिवार की खुशहाली

**अमरोहा , एजेंसी।** चैत्र नवरात्र पर मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप में मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की। भक्तों ने माता माता रानी की आराधना की। भक्तों ने घर में पूजा कर परिवार और देश की खुशहाली की कामना की। देवी भक्त नियम संयम से रहते हुए माता रानी का ध्यान और पूजा अर्चना कर रहे हैं। चैत्र नवरात्र के चलते शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया है। महिलाएं, युवती, बच्चे और बुजुर्गों ने भी नवरात्र व्रत रखा हुआ है। शनिवार को मां भगवती के पांचवें स्वरूप में स्कंद माता की पूजा अर्चना की गई। भक्त सुबह-सवेरे देवी मंदिरों में पूजा अर्चना करने पहुंचे। भक्तों ने विधिविधान के साथ माता रानी की पूजा अर्चना की। परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। पंडित आशुतोष त्रिवेदी ने बताया कि आज नवरात्र पर्व का छठा दिन है। इस दिन फलदायिनी मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है।

# चेस्ट हॉस्पिटल परिसर में बनेगा नया सांस रोग अस्पताल, 50 बेड का होगा आईसीयू

### मरीजों को होंगे ये फायदे



**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में सांस के रोगियों के लिए राहत वाली खबर है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के डॉ. मुरारीलाल चेस्ट हॉस्पिटल परिसर में सांस रोग का एक नया अस्पताल बनेगा। चार तल के इस अस्पताल में रोगियों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिल जाएंगी। इसमें 50 बेड का आईसीयू होगा। इससे सांस के रोगियों को हैलट रेफर करने की नौबत नहीं आएगी। इस अस्पताल में सांस रोगियों की छोटे स्तर की सर्जरी भी हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने नए अस्पताल की योजना का खाका फाइनल कर दिया है। चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद कार्यदायी संस्था के चयन के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। नए अस्पताल के लिए अनुमानित बजट तकरीबन 27 करोड़ रुपये है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि सांस रोगियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर अस्पताल की योजना फाइनल कर दी गई है।

नए अस्पताल का भवन सीएसआर फंड बनवाए जाने का इरादा है। लेकिन अगर सीएसआर से मदद नहीं हो पाती है, तो कॉलेज प्रबंधन अपने पैसे इस अस्पताल को बनवाएगा। नए अस्पताल में ग्राउंड फ्लोर के अलावा तीन तल होंगे। एक बेसमेंट होगा, जिसमें रोगियों के तीमारदारों और अस्पताल के स्टॉफ के वाहन खड़े हो सकेंगे। नए सांस रोग अस्पताल के लिए साढ़े तीन करोड़ के उपकरण भी स्वीकृत हो गए हैं।

### एक ही छत के नीचे रहेगी ओपीडी और इमरजेंसी

अस्पताल बनने के बाद रोगियों की उच्चीकृत जांच शुरू हो जाएंगीं। कार्डियोलोजी समेत दूसरे विभागों के विशेषज्ञ आकर भी रोगियों को मशविरा देंगे। रेस्पेरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. संजय वर्मा ने बताया कि कार्ययोजना तैयार करके अस्पताल में नई सुविधाएं शुरू करने की योजना बनेगी। रोगियों के लिए एक ही छत के नीचे ओपीडी रहेगी। साथ ही, इमरजेंसी भी रहेगी। रोगियों और तीमारदारों को बैठने की पर्याप्त जगह मिल सकेगी। अस्पताल बड़ा होने से नए वार्ड बनेंगे, जिसमें अधिक रोगियों को भर्ती किया जा सकेगा।

### इमरजेंसी में 20 बेड और बढ़ेंगे

अभी रोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी में 20 बेड और बढ़ाने की योजना है। अभी इमरजेंसी 10 बेड की है। डॉ. संजय काला ने बताया कि 20 बेड और बढ़ा दिए जाएंगे जिससे रोगियों को राहत मिले।

## फर्जी दस्तावेज पर फाइनेंस करा लिए 20 लाख के मोबाइल

**गाजियाबाद।** जीरो फीसदी फाइनेंस पर उपकरण खरीदने की योजना का शातिरों ने गलत इस्तेमाल कर एक दुकानदार के साथ करीब 20 लाख की धोखाधड़ी कर ली। सिहानी गेट क्षेत्र के गांधीनगर में मोबाइल विक्रेरा सौरभ महेंद्रू की दुकान से शातिर ने करीब 20 लाख की कीमत के मोबाइल, स्मार्ट वॉच समेत अन्य उपकरण फर्जी दस्तावेज लगाकर फाइनेंस करा लिए। किस्त जमा नहीं होने पर इसका पता चला। मामले में सौरभ ने मोहम्मद राजा और अन्य के खिलाफ सिहानी गेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सौरभ ने बताया कि मोहम्मद राजा उनकी दुकान पर आया। कई बार आने के बाद उसने दुकान पर काम करने वाले लड़कों से जान पहचान कर ली। उसके बाद वह अपने साथ लोगों को ग्राहक बनाकर लाने लगा। उन्हें दस्तावेजों के आधार पर किस्तों पर मोबाइल व अन्य सामान दिलाने लगा। आरोप है कि दो महीने में उसने करीब 29 बार फाइनेंस पर लोगों को खरीदारी कराई। उन सामानों की जब किस्त जमा नहीं हुई तो फाइनेंस की फाइल में लगाए गए दस्तावेजों में दिए गए पतों की जानकारी निकलवाई तो वे फर्जी निकले। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। अन्य लोगों के साथ भी धोखाधड़ी होने का अंदेशा है।

## चुनाव के समय बढ़ी माननीयों की दौड़

### शादी-ब्याह से लेकर अंतिम संस्कार तक... हाजिर हैं

**बाराबंकी , एजेंसी।** शादी-ब्याह, मुंडन, छेदन, बर्थ डे पार्टी, गृह प्रवेश तक... प्रत्याशी हाजिर हैं। घटना-दुर्घटना से अंतिम संस्कार तक...प्रत्याशी हाजिर हैं। कहीं सड़क नहीं बन रही, जलभराव है, पुल की दिक्कत है, पेयजल की दिक्कत है... प्रत्याशी हाजिर हैं। जी हां, चुनावी आयोजन में कुछ यही हाल है। बाराबंकी व फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के पास फिलहाल अभी एक ही काम है, जनता के सुख-दुख में तत्काल पहुंचना।



बाराबंकी जिले में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें से एक विधानसभा क्षेत्र दरियाबाद लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद में पड़ती है। रामसनेहीघाट व सिरौलीगौसपुर तहसील के करीब 502 बूथों के चार लाख से अधिक मतदाता लोकसभा क्षेत्र अयोध्या में आते हैं। दोनों जगहों पर 20 मई को मतदान होना है। बाराबंकी से भाजपा व सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार घोषित हैं। बसपा व अन्य दलों के दावेदार सक्रिय हैं। अयोध्या से भाजपा, सपा व बसपा के उम्मीदवार मैदान में डट गए हैं।

बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में करीब 25 लाख मतदाता हैं, जिनमें पैठ बनाने के लिए उम्मीदवार कोई मौका नहीं छोड़ रहे। मतदाता भी कम नहीं हैं। वह भी आमंत्रित करना नहीं भूलते। कोठी के त्रिलोकीनाथ दीक्षित कहते हैं कि अगर एक प्रत्याशी को निमंत्रण दे दिया तो दूसरे दल के कार्यकर्ता घर पहुंच जाते हैं। इसके बाद उन्हें भी निमंत्रण देना पड़ता है। कई बार ऐसा भी दिखा जब एक ही जगह पर दो या तीन प्रत्याशी बारी- बारी से पहुंच गए। नवरात्र के इस महीने में मुंडन समेत तमाम मांगलिक कार्यक्रम हो रहे हैं। जानकारी होते ही प्रत्याशी तो पहुंच ही रहे हैं, दुकानों के उद्घाटन तक का मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

**निमंत्रण पत्रों के पुलिंदे, माननीयों की दौड़ भी बढ़ी:** चुनाव के साथ माननीयों की दौड़ भी बढ़ गई है। जिले के छह विधायकों के यहां निमंत्रण पत्रों के पुलिंदे लगे हैं। एक माननीय बताते हैं कि रोजाना 10 से 12 जगहों पर जाना तो तय ही रहता है। संख्या बढ़ भी जाती है। चुनावी समय में सुबह नौ से रात 12 बजे तक दौड़भाग लगी रहती है।

## ताज पर गर्मी में पर्यटकों का हुआ बुरा हाल, पीने के लिए तरसे

**आगरा , एजेंसी।** ताजमहल पर अप्रैल में 40 डिग्री के पार चल रहे पारे में पर्यटक पानी के लिए परेशान हैं। शनिवार को ताजमहल के दीदार के लिए आए पर्यटक रॉयल गेट से लेकर मुख्य गुंबद के बीच लगी पानी की टोंटियों के बंद होने से प्यास से व्याकुल हो गए। वहीं तेज गर्मी के कारण कई पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें एएसआई की मे आई हेल्प यू टीम ने ओआरएस पाउडर और ठंडा पानी पिलाया।

दुनिया के सातवें अजूबे ताजमहल में शनिवार की सुबह आए पर्यटक जब तेज धूप से परेशान हुए तो पानी की तलाश की। म्यूजियम की ओर मौजूद आरओ प्लांट के बंद था। उन्होंने इसके वीडियो और फोटो लेकर सोशल मीडिया पर वायरल करने शुरू कर दिए। पश्चिमी गेट के दालान से लेकर शाही मस्जिद की ओर के सभी पॉइंट बंद पाए गए। एएसआई ने दोपहर में पानी की सप्लाई के लिए मरम्मत शुरू कराई।


### पर्यटकों को मिले पानी की बोतल

टूरिज्म गिल्ड आगरा के अध्यक्ष राजीव सक्सेना का कहना है कि ताजमहल पर मुख्य गुंबद के साथ टिकट की राशि 250 रुपये है, लेकिन पर्यटकों को कोई सुविधा नहीं दी जा रही। पर्यटकों की गर्मी में 10 रुपये की पानी की ठंडी बोतल दी जाए तो बेहोश होने, चक्कर आकर गिरने के मामलों में कमी आएगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी ने बताया कि ताजमहल में 8 आरओ प्लांट लगे हुए हैं, जिनमें से पश्चिमी गेट की साइड म्यूजियम से मस्जिद की ओर वाले पॉइंट में कुछ खराबी थी, जिसकी लाइन दुरुस्त करा दी गई है।

### ताज पर सैलाब, पर्यटकों की तबीयत बिगड़ी

ताजमहल पर शनिवार को सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ा। तेज गर्मी के कारण कई पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें एएसआई की मे आई हेल्प यू टीम ने ओआरएस पाउडर और ठंडा पानी पिलाया। सेना में हवलदार देवी सिंह की पत्नी चित्रा देवी की भी गर्मी से तबीयत खराब हो गई। उन्हें एएसआई और सीआईएसएफ की टीम ने पूर्वी गेट स्थित डिस्पेंसरी भेजा, जहां से शांति मांगलिक अस्पताल ले जाया गया। शनिवार को अवकाश के कारण तो पर्यटक ज्यादा थे ही। ईद के बाद ताजमहल पर ज्यादा लोग पहुंचे। शनिवार को करीब 40 हजार पर्यटक ताजमहल के दीदार के लिए आए।

# विंध्याचल धाम: देशभर से पहुंचे भक्तों ने विंध्य धाम में लगाई हाजिरी, मंगला आरती के साथ ही उमड़ा भक्तों का रेला





**मिर्जापुर , एजेंसी।** विंध्य धाम में चल रहे चैत्र नवरात्र मेले के छठवें दिन विंध्याचल मंदिर में स्थानीय सहित देश के कोने-कोने से पहुंचे भक्तों ने हाजिरी लगाई। मंगला आरती के बाद से शुरू हुआ दर्शन-पूजन का दौर अनवरत जारी है। अष्टभुजा पहाड़ी पर विराजमान मां अष्टभुजी देवी और काली खोह पहाड़ी पर स्थित महाकाली मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ रही।

चैत्र नवरात्र की षष्ठी तिथि पर रविवार को धार्मिक स्थल विंध्याचल धाम में माता के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी माता के कात्यायनी स्वरूप का दर्शन पूजन किया। मंगला आरती के बाद से शुरू हुआ दर्शन-पूजन अनवरत जारी है। हजारों की संख्या में भक्तों ने माता दरबार में पहुंचकर सुख, समृद्धि की मंगलकामना की।

गंगा घाटों पर रविवार की भोर से ही स्नान-ध्यान का सिलसिला चलता रहा। त्रिकोण पथ पर स्थित अष्टभुजा और कालीखोह मंदिरों पर भी भक्तों की भारी भीड़ रही। मां के दर्शन पूजन के लिए बिहार, झारखंड, गोरखपुर, वाराणसी, आजमगढ़, बलिया, कानपुर, लखनऊ, प्रतापगढ़, दिल्ली और मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों के बड़ी संख्या में लोग निजी वाहनों से विंध्यधाम पहुंचे । मां का दर्शन पूजन करने से पहले भक्तों ने गंगा स्नान किया। हाथों में नारियल-चुनरी लिए श्रद्धालु मंदिर के बाहर लंबी कतारों में लगे रहे।

भव्य श्रृंगार का दर्शन कर देवी भक्त निहाल हो गए। धाम की सभी गलियां देवी भक्तों से पटी रहीं। माता के जयकारे गूँजते रहे। मंगला आरती के बाद कपाट खुलते ही गुड़हल, कमल व गुलाब पुष्पों सहित रत्न जड़ित हार से माता के हुए भव्य श्रृंगार का दर्शन कर देवी भक्त आनंद से झूम उठे। चैत्र नवरात्र मेले के छठवें दिन देवी मंदिर पर स्थानीय सहित देश के कोने-कोने से पहुंचे भक्तों ने हाजिरी लगाई। दर्शन-पूजन के बीच घंटा, घड़ियाल, शंख और नगाड़ा के साथ पहाड़ा वाली के जय- जयकारे से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। गंगा घाटों पर मुंडन संस्कार कराने वाले भक्तों का तांता लगा रहा।

मां विंध्यवासिनी का झांकी दर्शन गर्भगृह की ओर जाने वाले मार्ग पर लंबी कतार देख अधिकांश श्रद्धालुओं ने झांकी से ही मां विंध्यवासिनी की एक झलक पाकर धन्य हुए। मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन के पश्चात त्रिकोण मार्ग पर निकले श्रद्धालुओं से कालीखोह स्थित काली व अष्टभुजा मंदिर गुलजार रहा। दोनों मंदिरों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

कालीखोह में माता काली के दर्शन-पूजन के पश्चात बगल में स्थित सीढ़ियों के रास्ते भक्त अष्टभुजा मंदिर की ओर प्रस्थान करते दिखे। किसी ने रोप-वे तो किसी ने पैदल ही लगभग ढाई किलोमीटर दुर्गम पहाड़ी रास्तों के बीच गुजरते वक्त श्रद्धालुओं को तेज धूप का सामना करना पड़ रहा था। देवी दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## हिरासत में आसाराम की मौत: अस्पताल के रिकॉर्ड ने किया पुलिस की कहानी का पोस्टमार्टम, दो पुलिसवालों पर मुकदमा

**लखीमपुर खीरी , एजेंसी।** लखीमपुर खीरी के मितौली क्षेत्र के पकरिया जलालपुर में बच्ची की हत्या के मामले में पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिए गए गांव के ही आसाराम (48) की मौत हो गई। परिजनों ने थर्ड डिग्री से मौत का आरोप लगाते हुए शनिवार को लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर कस्ता चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया। छह घंटे तक हंगामा हुआ। इस मामले में पिपरझला पिकेट प्रभारी समेत दो पुलिसकर्मियों पर हत्या और अवैध रूप से हिरासत में रखने का मुकदमा दर्ज होने के बाद लोग शांत हुए। आसाराम को छह घंटे तक पुलिस हिरासत में रखा गया था। इस दौरान क्या हुआ, यह तो पुलिस ही जाने लेकिन आसाराम की मौत के बाद गढ़ी गई पुलिस की कहानी का पोस्टमार्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और जिला अस्पताल के रिकॉर्ड ने कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली और जिला अस्पताल की इमरजेंसी के रजिस्टर में इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर की ओर से दर्ज विवरण में स्पष्ट लिखा गया है कि अस्पताल में आसाराम को बेहोशी की अवस्था में लाया गया। चर्चा है कि मितौली थाने में ही आसाराम बेहोश हो गया था। पुलिस टीम रात 9.50 बजे सीएचसी मितौली पहुंची। यहां से रेफर होने के बाद देर रात करीब 11 बजे पुलिस टीम आसाराम को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। यहां इमरजेंसी के रजिस्टर में आसाराम को मृत अवस्था में लाने का जिक्र है। दोनों पहलुओं पर गौर करें तो पुलिस ने कई अहम बातें छिपाईं। शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे से लेकर रात करीब नौ बजे तक यानी करीब साढ़े सात घंटे आसाराम पुलिस की अवैध रूप से हिरासत में था। इस दौरान उसके साथ क्या हुआ, यह पुलिस ही जानती है लेकिन उसके शरीर पर चोटों के निशान पुलिस की बर्बरता की गवाही दे रहे हैं।

# भाजपा की चाल से अखिलेश बैचेन: मैनपुरी में बढ़ सकती है डिंपल की मुसीबत

### आ सकते हैं एमपी के सीएम मोहन यादव

**मैनपुरी , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में सियासत का संग्राम शुरू हो चुका है। लोकसभा चुनाव 2024 में मैनपुरी की जनता जीत का ताज किसे पहनाएगी ये तो भविष्य तय करेगा, लेकिन यहां सपा और भाजपा दोनों में ही टक्कर कांटे की है। एक और डिंपल यादव के लिए सैफई परिवार ने जोर लगाना शुरू कर दिया है तो वहीं दूसरी ओर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की जीत के लिए भाजपा भी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसी वजह से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के नामांकन में मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव के बुलाया गया है। ये चाल यादव मतदाताओं को साधने की मानी जा रही है। मैनपुरी लोकसभा के लिए समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव 16 अप्रैल को नामांकन करेंगी। उनके साथ अखिलेश यादव भी होंगे।



वहीं एक दिन पहले15 अप्रैल को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के नामांकन के साथ भाजपा चुनाव प्रचार का भी शंखनाद कर देगी। इसमें उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तो मौजूद रहेंगे ही साथ ही पार्टी मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव को भी लाने की तैयारी कर रही रही है। इसके लिए उनसे समय मांगा गया है।

सपा प्रत्याशी डिंपल यादव 16 अप्रैल को मैनपुरी पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल करेंगी। उनके साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव मौजूद रहेंगे। सपा जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य ने बताया कि 16 अप्रैल को नामांकन का कार्यक्रम तय है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत अन्य पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

### तैयारी में जुटी भाजपा

नामांकन की तैयारी में भाजपा जुट गई है। 15 अप्रैल को नामांकन के लिए तिथि तय की गई है। नामांकन में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। वे क्रिश्चियन मैदान में कार्यकर्ताओं को नामांकन के बाद संबोधित भी करेंगे। यादव मतदाताओं को साधने के लिए भाजपा ने मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव से भी समय मांगा है। पार्टी पदाधिकारियों का दावा है कि वे भी नामांकन में शामिल होंगे। लेकिन राजनीतिक जानकार 15 अप्रैल को उनके ग्वालियर में नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के चलते मैनपुरी आने की बात अभी पक्की नहीं मान रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी ने बताया कि 15 अप्रैल को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह नामांकन करेंगे। उनके साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव मौजूद रहेंगे।

## नाले में डूबने से ढाई साल की मासूम की मौत, मलयेशिया में रोते रह गए पिता

**मुरादाबाद , एजेंसी।** ठाकुरद्वारा के मोहल्ला वार्ड नौ में शनिवार को ढाई साल की मासूम बच्ची की खेलते समय पांच फीट गहरे नाले में डूबकर मौत हो गई। मोहल्ले के निवासी शकील अहमद इस समय मलयेशिया में काम करने गए हैं। वह कलपुर्जे बनाने के मिस्त्री हैं। उनकी पत्नी नगमा अपने दो बच्चों चार वर्ष के बेटे अरम और ढाई वर्ष की बच्ची शिफा के साथ रहती हैं।

परिवार में अन्य लोग भी रहते हैं। शनिवार दोपहर में परिवार के लोग सो रहे थे। तभी करीब तीन बजे मासूम शिफा अकेले ही घर से बाहर खेलने के लिए आ गई। घर से सटा हुआ पांच फीट गहरा नाला बह रहा है। खेलते-खेलते बच्ची नाले में गिर गई।

शाम करीब 4 बजे उसकी मां नगमा सो कर उठी तो बेटी शिफा को न दिखने पर उसने पहले उसकी घर में ही तलाश की। लेकिन घर में नजर न आने पर उसने शोर मचाया। जिस पर परिवार के लोगों ने आसपास के घरों में जाकर उसकी तलाश की लेकिन बच्ची का पति नहीं चला। तभी बच्ची के दादा हाजी लल्लू को घर के पास नाले में उसका कुर्ता दिखाई दिया। जिस पर उन्होंने शोर मचाया तो बच्ची को बाहर निकाला गया। परिजन उसे लेकर एक निजी चिकित्सक के नर्सिंग होम में पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।

**मलयेशिया में फूट फूट कर रोया पिता:** ठाकुरद्वारा से हजारों किलोमीटर दूर मलयेशिया में रह रहे नगर के मोहल्ला वार्ड 9 निवासी शकील अपनी मासूम इकलौती बेटी शिखा की मौत की जानकारी मिलने पर फूट-फूट कर रोने लगे। बेटी की मौत की जानकारी मिलने पर शकील की आंखों में आंसू बहने लगे।

## संपादकीय

## नंबर ही नहीं, टैलंट भी

जो कुछेक क्षेत्र पारंपरिक तौर पर पुरुषों के लिए अघोषित रूप से आरक्षित माने जाते रहे हैं, उनमें चार्टर्ड अकाउंटेंसी भी है। लेकिन यह भी अब ऐसे क्षेत्र के रूप में पहचाना जा रहा है, जहां लड़कियां तेजी से अपना झंडा बुलंद करती जा रही हैं। नंबर और टैलंट दोनों मामलों में। सदी की शुरुआत यानी साल 2000 तक महिला सीए की संख्या महज 8त्न हुआ करती थी, जो 2023 में 30 प्रतिशत हो गई। स्टूडेंट बेस में लड़कियों का अनुपात अब 43 प्रतिशत है और क्वॉलिफाई करने वाले ऐस्पिरेंट्स में लड़कियों की संख्या रेकॉर्ड 48 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है। टैलंट के लिहाज से देखें तो 2020 में फाइनल के छह टॉपर्स में से चार लड़कियां थीं। 2021 में सभी टॉपर लड़कियां रहीं। अगले दो साल यानी 2022 और 2023 में लड़कियों ने टॉपर्स लिस्ट में 100 प्रतिशत कब्जा बरकरार रखा। सीए के क्षेत्र में इस बदलते रुझान की कई वजहें हैं। सबसे ऊपर है समाज में लड़कियों को लेकर बदलता नजरिया और खुद लड़कियों का अपनी जिंदगी, करियर और समाज को देखने की बदलती सोच। ये नहीं होता तो स्कूल कॉलेजों में सब्जेक्ट और स्ट्रीम सिलेक्शन में जो पॉजिटिव बदलाव आया, वही नहीं आता। साइंस, टेक्नॉलजी और कॉमर्स की ओर लड़कियों का बड़ी संख्या में जाना इस बड़े बदलाव की जमीन तैयार कर रहा है। दूसरी बात, इंडस्ट्री के ट्रेंड में भी कुछ अहम बदलाव आए हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंसी और वित्तीय क्षेत्र इन दोनों की ग्रोथ के आसार किसी बूढ़ी होती आबादी वाले देश के बजाय भारत जैसी यंग आबादी वाले देश में ज्यादा होते हैं। इस संदर्भ में एक बड़ी बात यह हुई कि ज्यादातर देश अकाउंटिंग का अपना काम आउटसोर्स करने लगे। नतीजा यह कि बर्गर अमेरिका और ब्रिटेन में बिकता है, लेकिन उसकी अकाउंटिंग गुड़गांव या कोलकाता में होती है। इससे नए सीए के लिए काम की कमी नहीं रही। आज की तारीख में फ्रेश सीए का स्टार्टिंग पैकेज औसतन 12.5 लाख सालाना हो गया है। तीसरी और आखिरी बात यह कि सीए के कोर्स भी अफोर्डेबल रेट पर उपलब्ध हैं। औसतन 75 हजार रुपये में पांच साल की पढ़ाई और उसके बाद अच्छा पैकेज एक ऐसा आकर्षण है, जो नई उमर की लड़कियों को भी देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में गिनी जाने वाली इस प्रवेश परीक्षा की ओर खींच रहा है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## पीएमएलए की गुत्थी सुप्रीम कोर्ट ही सुलझाए

पीएमएलए कानून के तहत हाल ही में ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बीआरएस नेता के. कविता को गिरफ्तार किया। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इसी कानून में पिछले साल गिरफ्तार हुए थे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आप नेता संजय सिंह व सत्येंद्र जैन भी इसी कानून के तहत जेल में हैं। इन नेताओं को अभी जमानत नहीं मिल पाई है। पीएमएलए कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे बहाल रखा था। हालांकि इस मामले में रिव्यू पिटिशन दाखिल हुई है, जिस पर सुनवाई अभी होनी है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट कई बार पीएमएलए के प्रा?वधानों पर सुनवाई करते हुए ईडी को अलग-अलग मामलों में फटकार भी लगा चुका है। सवाल है कि आखिर इस कानून के तहत जमानत मिलना इतना कठिन क्यों है। पहले जानते हैं कि इस कानून पर किस तरह के सवाल उठते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के सामने कहा गया था कि पीएमएलए के तमाम प्रावधानों में खामियां हैं। ईसीआरआई (इन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) की कॉपी आरोपी के साथ गिरफ्तारी के वक्त साझा नहीं की जाती। आरोपी को पता नहीं होता कि उसके खिलाफ गिरफ्तारी के लिए क्या साक्ष्य एजेंसी के पास है। धारा-45 के तहत डबल बेल कंडिशन पर आपत्ति करते हुए कहा गया कि यह अनुच्छेद-21 के तहत जीवन और स्वच्छंदता के अधिकार का उल्लंघन करता है। वहीं, इस एक्ट के तहत खुद आरोपी को जमानत के लिए कोर्ट को संतुष्ट करना होता है कि वह बेकसूर है। एक्ट की धारा-19 में गिरफ्तारी के प्रावधान किए गए हैं। लेकिन उससे अलग भी ईडी अधिकारी समन करने के दौरान आरोपी को हिरासत में ले सकते हैं। धारा-50 के तहत ईडी जो बयान दर्ज करता है, वह मान्य साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। यह संविधान के अनुच्छेद-20 (3) का उल्लंघन है, जो कहता है कि किसी को खुद के खिलाफ गवाही के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ईडी का अधिकारी भी पुलिस अधिकारी की तरह ही है और उनके सामने दिए गए बयान की कोई मान्यता नहीं होनी चाहिए।

# ग़ाज़ा पट्टी में युद्ध और मानवीय पीड़ा पर विराम की जरूरत

(ललित गर्ग)

*बात भले ही अभी गाजा में युद्ध-विराम की हो, लेकिन युद्ध कहीं भी हो, विनाश का ही कारण है, विकास को अवरुद्ध करने एवं शांति एवं अमन को बाधित करने का जरिया है। युद्ध तो लम्बे समय से रूस एवं यूक्रेन के बीच भी चल रहा है। हमास और इजराइल भी लम्बे समय से युद्धरत है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा।*

छह महीने से जारी इस भयंकर जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ग़ाज़ा पट्टी में युद्ध और मानवीय पीड़ा पर विराम लगाने के लिए, तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने और तमाम बन्धकों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की मांग करने वाला एक नया प्रस्ताव पारित कर दिया है। यह प्रस्ताव, 11 मार्च को शुरू हुए रमजान के महीने की करुण एवं मानवीय पुकार है, साथ ही, इजराइल पर हमलों के दौरान बन्धक बनाए लोगों में से शेष 130 लोगों को रिहा किए जाने की मांग है। हमास एवं इजराइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देकर, शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दृढ़ता से शांति प्रयास एवं युद्ध विराम को लागू करना ही चाहिए। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी चाहिए। इन दोनों देशों को अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यह समय की नजाकत को देखते हुए जरूरी है और इस जरूरत को महसूस करते हुए दोनों देशों को अपनी-अपनी सेनाएं हटाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। ग़ाज़ा में विशाल स्तर पर उपजी आवश्यकताओं और ज़रूरतमन्द आबादी तक मानवीय सहायता पहुँचाएं जाने की भी जरूरत है, क्योंकि वहां के लोग भुखमरी के कगार पर पहुँच चुके है। छह महीने से जारी इस भयंकर जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध विराम देने के प्रस्ताव को बल देना चाहिए और इसे लागू करने के प्रयास करने चाहिए। पिछले सात अक्टूबर को हमास की ओर से किए गए आतंकी हमले के खिलाफ जब इजराइल ने कार्रवाई की बात कही तो अमेरिका और भारत समेत तमाम देशों की सहानुभूति उसके साथ थी। लेकिन इजराइल ने जिस तरह से गाजा में हवाई हमले शुरू किए और वहां से आम लोगों के हताहत होने की खबरें आने लगीं, उसके बाद यह आवाज तेज होती गई कि इजराइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिए। अब तक गाजा में करीब 32 हजार लोगों के मारे जाने की खबरें हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। भारत हमेशा युद्ध-विरोधी रहा है, युद्ध-विराम की उसकी कोशिशें निरन्तर चलती रही है। किसी भी देश में यह भ्रम पैदा नहीं होना चाहिए कि भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा है। भारत ने उचित ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यह भी बता दिया है कि वह सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में है और उनसे बातचीत की मेज पर लौटने का आग्रह कर रहा है। निस्संदेह, भारत को मानवता के पक्ष में शांति, युद्ध-विराम और राहत के प्रयासों में जुटे रहना चाहिए। भारत के ऐसे प्रयासों का ही परिणाम है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का ऐसा प्रस्ताव पारित किया है। गाजा पट्टी में हिंसक टकराव पर विराम लगाने के लिए सुरक्षा परिषद की कई बैठकें हो चुकी हैं, मगर फिलहाल यह सम्भव नहीं हो पाया है। नवम्बर 2023 में एक सप्ताह के लिए लड़ाई रोकी गई थी और गाजा से बंधकों और इजराइल से फलस्तीनी बंदियों की अदला-बदली हुई थी। मगर, इसके बाद लड़ाई फिर भड़क उठी और इसमें तेजी आई है। गाजा में मृतक संख्या और भूख व कुपोषण से प्रभावित फलस्तीनियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके मद्देनजर लड़ाई को जल्द से जल्द रोके जाने और मानवीय पीड़ा पर मरहम लगाने की मांग भी प्रबल हो रही है। दुनिया के किसी भी हिस्से में मानवता का इस तरह पीड़ित एवं मर्माहत होना शर्म की बात है। इस शर्म को लगातार ढ़ोते रहना शक्तिसम्पन्न एवं निर्णायक राष्ट्रों के लिये शर्मनाक ही है। अब एक सार्थक पहल हुई है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। समूची दुनिया और उसके देश हमास एवं इजराइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देने की अपेक्षा महसूस करते हुए लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात थी कि अलग-अलग देशों में हो रहे प्रदर्शनों में व्यक्त होती जनभावना एवं मानवता की पुकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के रूप में बाहर नहीं आ पा रही थी। खुद अमेरिका इससे पहले गाजा युद्ध विराम से जुड़े तीन प्रस्ताव को वीटो कर चुका था। सोमवार को मतदान से अलग रहते हुए भी उसने इस प्रस्ताव को पारित होने दिया, जो उसके अब तक के रुख में अहम बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी रुख में आए इस कथित बदलाव पर इजराइल ने भले ही तीखी प्रतिक्रिया जताई। इजराइली पीएम नेतन्याहू ने इसी सप्ताह बातचीत के लिए अमेरिका जाने वाले एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम को रद्द करने की घोषणा कर दी। हालांकि अमेरिका ने अपने रुख में बदलाव से इनकार किया है, लेकिन फिर भी माना जा रहा है कि अमेरिका का ताजा कदम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इजराइल उसके समर्थन को तय मानकर न चले। भले ही अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की नाकामी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक क्षेत्र में एक रिक्तता पैदा करते हुए संकट को गहराया है लेकिन अब अमेरिका के बदले रूख से युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होने की संभावनाएं हैं। अमेरिका के रुख में यह बदलाव और सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन फिर भी इनके संभावित परिणामों को लेकर अभी धुंधलके ही छाये हैं, किसी निष्कर्ष एवं निर्णायक मोड में पहुंचने की बात अभी जल्दबाजी ही प्रतीत हो रही है। हालांकि अभी बात इजराइल और फलस्तीन के बेहद लंबे और जटिल विवाद की नहीं, बस गाजा में चल रहे युद्ध को बंद करने और बंधकों को रिहा करने की संभावनाओं तक सीमित है। लेकिन यह सीमित लक्ष्य भी तमाम अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे में फिलहाल सिर्फ यह उम्मीद और अपील की जा सकती है कि सभी संबंधित पक्ष इस मामले में सकारात्मक और लचीला रुख अपनाएं।

## इस जॉब कल्चर पर क्यों हुआ विवाद

(संजय खाती)

सन 2000 में रेड हासिटिंग्स और मार्क रैनडॉल्फ ने ब्लॉकबस्टर के शानदार ऑफिस में कदम रखा। ब्लॉकबस्टर अमेरिका की सबसे बड़ी होम एंटरटेनमेंट कंपनी थी। उनका मकसद अपनी कंपनी नेटफ्लिक्स का सौदा करना था, जो दर्शकों को किराए पर डाक से डीवीडी मुहैया कराती थी। लेकिन 5 करोड़ डॉलर में ब्लॉकबस्टर उसे खरीदने को राजी नहीं हुई। उस वक्त मार्केट पर ब्लॉकबस्टर का राज चलता था और नेटफ्लिक्स उसके सामने बस पिद्दी थी। लेकिन फिर दुनिया तेजी से बदली। सन 2010 में ब्लॉकबस्टर दिवालिया हो गई, जबकि नेटफ्लिक्स आज डिज्नी के बाद दुनिया की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन चुकी है। इस किस्से के साथ नो रुल्स-रुल्स (प्रकाशक- पेंगुइन प्रेस) शुरू होती है, जिसे नेटफ्लिक्स के फाउंडर रीड ने बिजनेस प्रोफेसर आइरीन मेयर के साथ मिलकर लिखा है। एक दशक से भी पहले रीड ने 127 स्लाइड्स का एक प्रजेंटेशन अपनी टीम के लिए तैयार किया था, जो लीक हो गया और करोड़ों लोगों ने उसे इन बरसों में पढ़ा। इसके जरिए पहली बार नेटफ्लिक्स की पॉलिसी से दुनिया रूबरू हुई। इसे हैरत, तारीफ और कई बार आलोचना के साथ देखा गया। अलबत्ता जिस हिसाब से कंपनी ने तरक्की की है, जिस तरह तमाम रेकॉर्ड तोड़ते हुए वह कस्टमर्स, इन्वेस्टर्स और प्रफेशनल्स की पसंदीदा कंपनी बनी है, उसे देखते हुए मानना ही पड़ेगा कि वहां कोई चमत्कार तो हो रहा है। खुद रीड भी इसी तर्क के साथ अपनी पॉलिसी समझा रहे हैं। लेकिन यह किताब सिर्फ उस प्रजेंटेशन का विस्तार नहीं है, यह जबरदस्त मसालों और कहानियों के साथ उस बेसिक फॉर्म्यूले को समझाने की बेहद दिलचस्प पहल है। तो आपने देखा, ब्लॉकबस्टर दिवालिया हो गई और नेटफ्लिक्स छा गई। हम नोकिया और कोडक को भी ऐसे ही खत्म होते देख चुके हैं। ऐसा क्यों होता है? रीड का कहना है कि ये कंपनियां इतनी स्मार्ट नहीं थीं कि भविष्य देख सकें या खुद को उसके लिए समय रहते तैयार कर सकें। यह काबिलियत कैसे आए, इसके लिए नेटफ्लिक्स ने जो फॉर्म्यूला निकाला है, वह स्टेप बाय स्टेप इस तरह काम करता है; टैलेंट डेंसिटी यानी बेहतरीन लोगों का जुटान। उनके बीच साफगोई की आदत डालें। वे एक-दूसरे को बेहिचक फीडबैक दें। उसके बाद वेकेशन, ट्रैवेल और खर्च की पॉलिसियां हटा दी जाएं। टैलंट डेंसिटी को और बढ़ाया जाए। मार्केट में जो बेस्ट सैलरी है वह दी जाए। साफगोई और बढ़ाई जाए। अब फैसलों पर अप्रूवल लेने की पॉलिसी भी हटा दी जाए। टैलंट डेंसिटी और साफगोई को अधिकतम स्तर तक ले जाएं। बचे हुए नियम भी खत्म कर दिए जाएं। ये तीन कदम किस तरह उठाए जाते हैं, इस दौरान क्या अनुभव नेटफ्लिक्स में सामने आए और आखिरकार कैसे इन्हें पूरा किया गया, इसे यह किताब सिलसिलेवार एक गाइड या मैनुअल की तरह समझाती है। आपको छुट्टी पर जाना है तो बस इतना करना है कि अपने मैनेजर से मशवरा कर लें कि किस दौरान ऑफिस में आपकी जरूरत नहीं रहेगी। किस काम के लिए कब कहां सफर करना है, यह आप ही तय करें। कंपनी का पैसा कहां कितना खर्च करना है, यह भी आप ही को सोचना है। कोई अप्रूविंग अथॉरिटी नहीं होगी। दूसरे कदम में आजादी की डोज और भी नशीली हो जाती है। आप कभी भी रिक्रूटमेंट एजेंट से मिलकर अपनी मार्केट वैल्यू पता कर सकते हैं, नेटफ्लिक्स आपको वही सैलरी दे देगा। आइडिया एकदम साफ है। जब कोई और उसकी काबिलियत के लिए एक्स्ट्रा पेमेंट करने को तैयार है, तो नेटफ्लिक्स क्यों नहीं उसे उसका हक दे दे? इसकी जड़ में दो बाते हैं- टैलंट डेंसिटी और साफगोई। जब अपने फील्ड के बेहतरीन लोग इकट्ठा हो जाएं तो जाहिर है उनसे बेहतरीन समझदारी की उम्मीद की जा सकती है। फिर यह साफगोई और फीडबैक का कल्चर इतना बेदर्द है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5340

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5339

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

### वर्ग पहेली 5340



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 24 मई 2005 को एन.बी.इंकबेयर इस देश के राष्ट्रपति चुने गए (4)
4. कर्नाटक का यह स्थल स्वर्ण खानो के लिए प्रसिद्ध है (3)
7. सिंची हुई जमीन या काश्त (3)
8. नफीरी, बिस्मिल्ला खां इस वाद्य के साथ जुड़ा है (4)
9. भ्मुलामीयत, कोमलता, मृदुलता (3)
12. चित्रकला में लता या बेल की आकृति का अंकन, छोटी लता (3)
15. शास्त्रीय संगीत में नियत मात्राओं पर स्वर उत्पन्न करना (2)
17. शिष्टता, विनम्रता (4)
19. किसी कार्य का अपनी ओर से आरंभ (3)
20. पुराणानुसार सात पातालों में से पहला, तला, पेंदा (2)
21. वजन, बोझ, उत्तरदायित्व (2)
24. विशुद्ध, खालिश, सच्चा (2)
25. उत्तरी भारत में बहने वाली एक नदी है, वितिस्ता इस नदी का वास्तविक नाम है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. इच्छा, इरादा, अभिप्राय (2)
2. यह मुंशी प्रेमचंद कीप्रसिद्ध कृति है जिस पर फिल्म निर्माण भी हो चुका है (3)
3. उदार नीति वाला (4)
4. ओस, विश्वजीत, वहीदा रहमान आदि अभिनीत फिल्म (3)
5. ले आना, उपस्थित करना (2)
6. जिसके पास अपार संपत्ति हो, धनाढ्य (3)
10. पुरूष मित्र, प्रेमी (2)
11. पुराणानुसार यह रावण का पूर्वजन्म का नाम है (5)
13. रत्न शब्द का अपभ्रंश (3)
14. जिसे कोई न जीत सके (3)
16. उमंग, मोज, तरंग, कंप (3)
18. बलभद्र, बलवीर (4)
22. यह कृष्ण भक्ति शाखा की प्रमुख कवियित्री है इन्होंने कृष्ण भक्ति के स्पुट पदों की रचना की है (2)
23. मैं का कर्म और संप्रदाय कारक का रूप (2)

### वर्ग पहेली 5339 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | छे | न्द्री | पा | ल | | सी | धी |
| र | द | | ता | ल | मे | ल | |
| स | | ह | ल | का | प | न | |
| ना | जु | क | | र | | दा | गी |
| | | त | प | ना | | र | त |
| म | फ | ल | र | | जो | | गो |
| ह | | फी | म | र | | | विं |
| ल | ब्ध | | | थ | | शा | द |

## आज का राशिफल

### मेष
आज धन में वृद्धि होगी और आज आपको नवीन योजनाओं में लाभ होगा। आप उधार चुकाने में सफल होंगे। संतान पक्ष का पूर्ण सुख व सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने के योग हैं। विपरीत लिंग के मित्र से कटुता उत्पन्न होगी। नई विधाएं सीखने के अवसर प्राप्त होंगे। व्यर्थ व्यय से बचें। आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### वृष
आज आर्थिक लाभ का दिन है। आज आपको जायदाद से संबंधित मामलों में हानि हो सकती है। सोचसमझकर कोई फैसला करें। भौतिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी। आप अपनी बात को लोगों के समक्ष दृढ़ता से रख पाएंगे और उसमें आपको किस्मत का साथ मिलगा। आपके लिए रात का समय परिवार के साथ सैर में बीतेगा।

### मिथुन
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। कर्क राशि के लोगों के धन में वृद्धि होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी किस्मत आज आपका साथ देगी और आपको तनाव होगा। आज शत्रु आपके खिलाफ षड़यंत्र को विफल करने का प्रयास करें।

### तुला
आज धन में वृद्धि होगी। आज अकस्मात किसी महान व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। खाने को उत्तम प्रकार के व्यंजन मिलेंगे। खानपान पर विशेष नियंत्रण भी रखें अन्यथा पेट खराब हो सकता है। निकट या दूर की यात्रा का योग बन रहा है। शाम तक आपको लाभ होगा और समृद्धि में भी वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज भाग्य में आ रही बाधाएं दूर होंगी। पूजा पाठ सत्संग में रुचि बढ़ेगी। नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी जो आगे चलकर धन लाभ कराएंगी। आज आपको भाई बहनों का सुख व सहयोग प्राप्त होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात तक आपके कार्य में आ रही बाधाएं दूर होंगी। योजनाएं सफल होंगी।

### धनु
आज की स्थिति शुभ है। शुभ ग्रहों से आपको अनुकूल फलों की प्राप्ति होगी। भौतिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी और आपके कार्य सफल होंगे। सहकर्मियों से प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम से लेकर रात तक का समय आध्यात्मिक व धार्मिक कार्यों पर व्यतीत होगा। शुभ व्यय भी हो सकता है, जिससे आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### कर्क
आज का दिन सबसे उत्तम रहने वाला है। आपको अपने संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आज किसी के साथ वाद विवाद में न पड़े वरना आपको मानसिक कष्ट हो सकता है।संतान पक्ष का पूर्ण सुख व सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने के योग हैं।

### सिंह
आज लाभ होगा। आपके पुराने रुके हुए कार्य कुछ झंझटों के बाद पूरे होंगे। सामाजिक शास्त्र पढ़ने में मन लगाएं। आज आप अपनी बात को सत्य सिद्ध कर देंगे। शत्रु पक्ष लज्जित होगा। सायंकाल किसी धार्मिक समारोह में जाने का अवसर मिले तो लाभ उठाएं। आज आपको आर्थिक लाभ होगा और धन से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी।

### कन्या
आज भाग्य में वृद्धि होगी और आज आपको खुशी का समाचार प्राप्त होगा। धार्मिक कार्यों में अधिक रुचि रहेगी। व्यापार की दृष्टि से आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आपके कारोबार में धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और भाग्य में वृद्धि होगी। योजनाएं सफल होंगी और धन की प्राप्ति होगी।

### मकर
आज आपके लिए धन में वृद्धि के योग बन रहे हैं। धन प्राप्ति से कोष वृद्धि होगी। नौकरी वाले जातकों के अधिकार में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में आपको विजय प्राप्त होगी। सायंकाल से लेकर रात्रि का समय किसी मांगलिक समारोह में व्यतीत होगा। आपकी कार्ययोजनाएं सफल होंगी।

### कुंभ
आज बिना वजह की उलझन और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। निर्मूल विवादों से छुटकारा मिलेगा और आपका खर्च कम होगा। आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। अच्छे वाहन का सुख प्राप्त होगा। आज परिवार के लोगों से आपका विवाद बढ़ सकता है। आपके सारे काम आज बन जाने से कुछ लोग आपसे जलन महसूस करेंगे।

### मीन
आज आर्थिक लाभ होगा और महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा। पहले दिन यात्रा में आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। दोपहर बाद किसी उच्च अधिकारी से वाद-विवाद होने पर कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। शाम के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा। अकस्मात् अतिथि आगमन से खर्च हो सकता है।



# गर्मी में लड़कियों के लिए खास टिप्स

गर्मी ने आते ही सबके हाल बेहाल करना शुरू कर दिया है। इसका असर बच्चों व बूढ़ों पर पड़ा है, तो महिलाएं भी इससे अछूती नहीं रही हैं।

कामकाजी महिलाओं और लड़कियों को गर्मी के मौसम में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां हम महिलाओं को गर्मी से बचने के कुछ उपाय बता रहे हैं।

1. धूप में बाहर जाने से 20 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाएं। यह आपको सनबर्न, स्कीन टैन आदि से बचाएगा। आपका सनस्क्रीन SPF15 या उससे ज्यादा का होना चाहिए।
2. इसके साथ जब भी बाहर जाएं तो गॉगल, हैंड ग्लव्स और स्कॉर्फ भी पहनें।
3. हीट एग्जॉस्ट से बचने के लिए थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें।
4. जूस, लस्सी, शिकंजी, नींबू-पानी भी पीते रहें।
5. अगर जरूरी न हो तो सुबह 11 से 3 के बीच बाहर न निकलें। यह दिन का सबसे गर्म समय होता है।
6. गहरे रंग के कपड़े बिलकुल न पहनें। ये गर्मी को आमंत्रित करते हैं, जबकि सफेद रंग के कपड़े पहनने से गर्मी में राहत मिलती है।
7. हल्के रंग के कपड़ों का चयन करें।
8. अपने सिर को हमेशा ढंककर रखें।
9. हर 1 घंटे में पानी पीने का नियम बना लें। ऐसा करने से आपके शरीर में हाइड्रेशन लेवल बना रहेगा।
10. रसीले फलों का सेवन करें, जैसे अंगूर, तरबूज, आम, ककड़ी ये आपके शरीर को पोषण देने के साथ-साथ तरोताजा भी रखेंगे।
11. अपने चेहरे पर हफ्ते में एक बार हर्बल मॉइस्चराइजर लगाएं जिसमें चंदन, हल्दी, ब्राह्मी, आमला और एलोवीरा हो।
12. साथ ही 1 महीने में 2 बार फ्रुट मॉस्क भी लगाएं।
13. गर्मी के मौसम में बाहर रोड पर लगे नलों में से पानी पीना अवॉइड करें। अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें।
14. गर्मी के मौसम में 2 बार स्नान करें।
15. जरूरत से ज्यादा भी काम न करें। जितनी क्षमता हो, उतना ही काम करें।
16. चाय और कॉफी का ज्यादा सेवन न करें तथा इन्हें खाली पेट तो बिलकुल न लें। खाली पेट लेने से पेट की बीमारियां होने की आशंका होती है।

# जी हां!

## पुरुषों के लिए समर ब्यूटी टिप्स

**अब लड़के अपने स्कीन टोन के साथ टोनर, मॉइश्चराइजर, नरीशिंग क्रीम, सनस्क्रीन, ऑफ्टर शेव क्रीम और लोशन, हेयर क्रीम व हेयर जैल की भी जानकारी रखते हैं। कुछ टिप्स को आजमा कर ब्वॉयज और भी आकर्षक दिख सकते हैं।**





जमाना बीता और बदल गए पुरुषों के लिए सुंदरता के माने। जॉन अब्राहम, रितिक रोशन और सलमान खान की तर्ज पर आज के युवा भी अपने शरीर की देखभाल करने में लगे हुए हैं। अब लड़के अपने स्कीन टोन के साथ टोनर, मॉइश्चराइजर, नरीशिंग क्रीम, सनस्क्रीन, ऑफ्टर शेव क्रीम और लोशन, हेयर क्रीम व हेयर जैल की भी जानकारी रखते हैं। कुछ टिप्स को आजमा कर ब्वॉयज और भी आकर्षक दिख सकते हैं।

### लड़के करा रहे हैं चेस्ट वैक्सिंग

गले और छाती पर तेल धूप के निशानों को कम करने लिए फोटो फेशियल किया जाता है। चेहरे पर चमक के लिए माइक्रोडर्माब्रेजन का उपयोग किया जाता है। हालांकि यह अभी चलन में कम है।

### टिप्स फॉर मैन स्किन

जो लोग धूप में ज्यादा रहते हैं, उनको 15 दिन में एक बार मेन्स पार्लर जा कर डेड स्किन रिमूवर क्रीम का यूज करना चाहिए। जिन लोगों की त्वचा धूप में रहने के कारण ज्यादा खराब होती है उनको ऑक्सी ब्लीच एवं फेशियल कराना चाहिए। विशेष रूप से अगर आप डेट प्लान कर रहे हैं तो ऑक्सी ब्लीच अवश्य आजमाएं। यह आपके चेहरे की रौनक बढ़ा सकता है। ट्वेंटी फाइव प्लस दो माह में एक बार फेशियल करवाएं जबकि थर्टी प्लस माह में एक बार ही करवाएं। इससे स्कीन मुलायम रहेगी।

### चेहरा प्रॉपर क्लीन करें।

आइल फ्री सन प्रोटेक्शन क्रीम का इस्तेमाल करें।

देखा गया है कि लड़कों की स्कीन आइली होती है, इसलिए झेपिट लोशन लगाएं। इससे ऑइल कंट्रोल होगा और पिंपल्स से भी छुटकारा मिलेगा।

जो फील्ड में जाते हों वे एसपीएफ थर्टी और जो ज्यादा धूप में रहते हों वे एसपीएफ फोर्टी फाइफ सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।

चेहरा बार-बार धोएं। खूब पानी पिएं।

नरीशिंग, व्हाइटनिंग और टाइनिंग फेस स्क्रब का इस्तेमाल वन्स ए वीक करें। इससे त्वचा साफ और स्वस्थ रहेगी।

हेड मसाज लें। इससे बालों की पॉलिशिंग होगी।

केला प्राकृतिक क्लींजर है।

# अपने बच्चे को सिखाएं मनी मैनेज करना

**अपने बच्चों से आप कीमतों और उत्पादों की तुलना पर चर्चा करें। उन्हें भी किराने की दुकान पर अपने साथ ले जाएं, फिर धीरे-धीरे छोटे-मोटे सामान लाने के लिए उन्हें अकेले भेजें। इससे उनमें बाजार और पैसे की समझ पैदा होगी।**



बच्चे जब बड़े होने लगते हैं तो उन्हें वित्तीय शिक्षा देना आवश्यक हो जाता है। वे आपका अनुकरण करके भी सीख जाएंगे, पर समय-समय पर उन्हें छोटी-छोटी बातें बताकर आप उन्हें अपने जिम्मेदार बनाने में मदद कर सकते हैं। अपने बच्चों से आप कीमतों और उत्पादों की तुलना पर चर्चा करें। उन्हें भी किराने की दुकान पर अपने साथ ले जाएं, फिर धीरे-धीरे छोटे-मोटे सामान लाने के लिए उन्हें अकेले भेजें। इससे उनमें बाजार और पैसे की समझ पैदा होगी।

बच्चे जितनी जल्दी पैसों का प्रबंधन सीख जाएं, उतना अच्छा है। इस तरह वे जीवन का एक महत्वपूर्ण सबक सीखेंगे। जब वे वयस्क हो जाएंगे तो अपने आप स्मार्ट वित्तीय विकल्प (smart financial choices) बनाने लग जाएंगे।

### बचत, खर्च और दान करने की कला।

सहेजना/ बचत करना ः इस तरीके को आसानी से समझाने के लिए आप अपने बच्चे को गुल्लक लाकर दीजिए। जब भी बच्चे को उपहार के रूप में पैसे मिलें तो उसे वे गुल्लक में डालने के लिए कहें, फिर उसे पैसे गिनने के लिए कहें और ये समझाएं कि पैसे जमा हो रहे हैं और बढ़ रहे हैं। ऐसा करने के लिए अपने बच्चे को प्रोत्साहित करें।

**खर्च करना** ः अपने बच्चे को बुद्धिमानी से खर्च करना सिखाएं। जब वे एक नए ष्ह्ड्ड4श्ठु बॉक्स या एक पेंसिल बॉक्स पर खर्च करना चाहें तो उनसे पूछें कि क्या वे वास्तव में इसे खरीदना चाहते हैं?

उनके लिए यह समझना बहुत जरूरी है कि उनके लिए क्या जरूरी है और क्या नहीं। इससे बच्चा अपनी असली जरूरतों को समझेगा और फिजूलखर्ची नहीं करेगा।

**दान** ः उन्हें साझा करना सिखाएं। उसे सिखाएं कि उदारता से बड़ा कोई पुण्य नहीं है।

इसी के साथ उन्हें पैसे की कद्र करना सिखाएं, पैसे की बचत करना सिखाएं, फिजूलखर्ची होने पर उन्हें चेताएं और सबसे जरूरी यह है कि आप खुद उनके लिए एक आदर्श उदाहरण बनें। बच्चे आपका अनुकरण अवश्य करेंगे।

# गर्मी के लिए बेहतरीन ब्यूटी टिप्स



पम्मी चावला इंदौर की जानी-मानी ब्यूटिशियन (मेकअप और हेयर स्टाइलिस्ट) हैं। आइए उनसे लेते हैं गर्मी के लिए कुछ ब्यूटी टिप्स।

आप हमारे रीडर्स को गर्मी के लिए क्या स्किन केअर टिप्स देना चाहेंगी?

पम्मी – गर्मियों में पानी की कमी की वजह से हमारे शरीर में डिहाइड्रेशन होने लगता है इसीलिए हमारी स्किन भी ड्राय हो जाती है और इस कमी के लिए ईश्वर ने सारी प्राकृतिक व्यवस्था कर रखी है। जो भी सब्जियां और फल गर्मी में उगते हैं हमें उनका सेवन करना चहिए और ये सब हमारी स्किन को हाइड्रेट करने के लिए काफी हैं।

सर्दियों में हम प्रोटीन डाइट ज्यादा मात्रा में लेते हैं, जैसे पनीर, मूंगफली लेकिन गर्मियों में हमें मूंगफली, पनीर, बादाम वगैरह अच्छी नहीं लगती हैं और फिर हमें प्रोटीन डेफीशियंसी हो जाती है इसीलिए प्रोटीन की कमी को पूरा करने के लिए हमें दही, छाछ, मूंग की दाल आदि का सेवन करना चाहिए। इसी के साथ मिनरल्स की कमी को पूरा करने के लिए नारियल पानी पीना चाहिए। इसके अलावा सिर्फ गेहूं की रोटी न खाकर 5 अन्न को मिलाकर बनी हुई रोटी खाने की सलाह भी दी।

अक्सर लोग टेनिंग के डर से घर से बाहर निकले में हिचकिचाते हैं, इसके लिए आप क्या सलाह देंगी?

पम्मी – धूप से हमारी स्किन पर कुछ बुरा असर नहीं होता है। इससे तो हमारा शरीर और मजबूत होता है। ट्रैफिक पुलिस जवान, जो इतनी धूल, मिट्टी और धूप में घंटों खड़े रहकर अपना काम करते हैं, वे लोग तो कोई सनस्क्रीन नहीं लगाते हैं फिर भी उनकी स्किन उतनी ही अच्छी होती है जितनी कि हम सबकी। वे लोग हमें जले हुए नजर नहीं आते हैं। ये सारी ईश्वर की व्यवस्थाएं हैं। हमारे लिए हमारे शरीर को सनस्क्रीन या अन्य कॉस्मेटिक चीजों की जरूरत नहीं होती है।

नेचुरल फेस पैक – दूध पावडर, बैकिंग पावडर, नमक, हनी को मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें और रोजाना स्किन नेचुरली क्लीन करें।



# फैशन टिप्स

## ऐसे साफ करें अपने सनग्लास

धूप का चश्मा खरिद तो लिया, लेकिन अब उन्हें ठीक तरह से साफ करने का तरीका पता नहीं है? परेशान ना हो इन आसान चरणों का पालन करें।

धूप का चश्मा और उनके लैंस, आपकी त्वचा के तेल, पसीने और आपकी उंगलियों से गंदे हो जाते हैं। और अगर इसे ठीक तरह से साफ नहीं किया गया तो लैंस में स्क्रैच आ सकता है। यहां धूप के चश्मे की सफाई के कुछ तरीके दिए गए हैं, अवश्य अपनाएं..

बहते पानी में चश्मे को धोना, साफ करने का सबसे अच्छा तरीका है।


लैंस पर सामान्य धोने के जेल या क्रीम की एक बूंद डाल दें और अच्छी तरह से लगाने के बाद बहते पानी में ही इसे धो दें। लैंस पर अपने हाथों का उपयोग ना करें।

अब इसे साफ कपड़े से पौंछ लें। सभी ऑप्टिकल दुकानों पर यह विशेष कपड़े के टुकड़े उपलब्ध रहते है।

धूप के चश्मे की सफाई के लिए प्रचलित तरीकों से बचा जाना चाहिए। लैंस की सफाई के लिए अपनी सांस का उपयोग करना सही नहीं है। यह केवल लैंस पर से धूल साफ करता है। आपकी शर्ट लैंस पर उपयोग करने के लिए सही नहीं है, बल्कि उससे आपके चश्मे पर स्क्रेच आने की संभावना है।



# मिस्टर एंड मिसेज माही से पर्दे पर धमाल मचाने आ रहे हैं राजकुमार राव और जान्हवी कपूर



साल 2018 में धड़क फिल्म से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस जान्हवी कपूर अब तक कुल 7 फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं। अब वो फिर से करण जौहर के साथ नई फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसकी रिलीज डेट शनिवार को अनाउंस कर दी गई है। इसकी रिलीज डेट को पोस्टपोन किया गया है। करण जौहर ने नई रिलीज डेट का ऐलान करते हुए कैप्शन में लिखा, कुछ फिल्में सिर्फ कहानियों से कहीं ज्यादा हैं... वे दर्शकों से सपनों के बारे में बात करती हैं और कितनी बार हमारे सबसे करीबी लोग हमारे सपनों के रास्ते में आ सकते हैं... मिस्टर और मिसेज माही हमारे दिलों के करीब है...। करण ने आगे लिखा, और हम सोमवार को आपके साथ अपने कैंपेन डिजाइन शेयर करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते... लेकिन अभी हमारे पास रिलीज डेट है!! 31 मई 2024!! आपने नजदीकी सिनेमाघरों में। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में हैं। दोनों रूही के बाद इस क्रिकेट ड्रामा मूवी में साथ नजर आएंगे। करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस में बनी इस फिल्म को शरण शर्मा ने डायरेक्ट किया है, जिन्होंने गुंजन सक्सेना- द कारगिल गर्ल के साथ निर्देशन में कदम रखा। इस फिल्म में भी जान्हवी लीड रोल में थीं।

## साउथ में कदम रखने जा रही हैं जान्हवी


जान्हवी की अपकमिंग मूवीज की बात करें तो बॉलीवुड के अलावा अब वो साउथ में भी अपना जलवा बिखेरने जा रही हैं। वो देवरा- पार्ट वन में जूनियर एनटीआर के साथ नजर आने वाली हैं। ये उनकी पहली तेलुगू मूवी है। इसके अलावा उनकी उलझ भी रिलीज के लिए तैयार है। राम चरण के साथ भी उन्होंने एक फिल्म साइन की है।



# बांद्रा में सी फेसिंग अपने नए घर में शिफ्ट हो रही हैं पूजा हेगड़े

मुंबई। अभिनेत्री पूजा हेगड़े जल्द ही अपने नए घर में शिफ्ट होने जा रही हैं। पूजा हेगड़े ने 45 करोड़ में 4,000 वर्ग फुट की एक प्रॉपर्टी खरीदी है जो सी फेसिंग है। पैन-इंडिया स्टार की नई प्रॉपर्टी मुंबई के बांद्रा इलाके में है। इसके साथ ही अभिनेत्री के जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव आने वाला है, जो मुंबई में ही पहले कहीं और रहती थी। अभिनेत्री के एक करीबी सूत्र ने साझा किया- पूजा हेगड़े शानदार हवेली में शिफ्ट हो रही हैं, जिसमें रहने के लिए 4,000 वर्ग फुट की जगह है। एक प्रमुख स्थान पर स्थित, यह भव्य निवास न केवल समुद्र के मनोरम दृश्य पेश करता है, बल्कि मुंबई के केंद्र में आराम और सुंदरता के अभयारण्य के रूप में कार्य करता है। इससे पहले पूजा गोवा में छुट्टियां मनाने गई थीं। दिवा ने बिना मेकअप लुक के साथ गोवा की धूप से अपनी तस्वीरें साझा कीं। अभिनेत्री ने गोवा के कुछ पाक व्यंजनों की झलक और पूल के किनारे आराम करते हुए अपनी एक तस्वीर भी साझा की थी। उनके वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री के पास पाइपलाइन में कई बहुप्रतीक्षित फिल्में हैं। देवा के अलावा, उनकी प्लेट में सनकी और तीन प्रमुख दक्षिण भारतीय प्रोजेक्ट हैं।

# सलमान संग अपने रिश्ते पर बोले अरबाज




बॉलीवुड के भाईजान यानी कि सलमान खान का अपने भाइयों के साथ मजबूत रिश्ता है। हाल ही में, अपने बेटे अरहान खान के साथ बातचीत में अरबाज ने अपने अटूट बंधन के बारे में बात की और बताया कि कैसे वे हर सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। सोहेल ने भी बातचीत के दौरान सलमान के प्रति अपनी प्रशंसा और सम्मान भी व्यक्त की। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। अरबाज ने अपने मजबूत संबंध के बारे में बताते हुए खुलासा किया कि भले ही वे रोजाना बात नहीं करते हो लेकिन वे एक अनकहा बंधन साझा करते हैं और मुसीबत के समय में हमेशा एक-दूसरे के लिए मौजूद रहते हैं। अभिनेता ने कहा, हम एक-दूसरे के बहुत करीब हैं। जब हम छोटे थे। हम बेशक एक साथ रहते थे और फिर हमने काम करना शुरू कर दिया और अपने घरों से बाहर चले गए... एक ने अभी तक शादी नहीं की है, लेकिन हमने शादी कर ली और अलग भी हो गए और फिर मैंने दोबारा शादी कर ली, लेकिन हम भाईयों के बीच कुछ भी नहीं बदला।
अरबाज ने आगे कहा, बात यह है कि हम जब हम अपने व्यक्तिगत काम कर रहे होते हैं तो हो सकता है कि हम वहां मौजूद न हो, लेकिन जब कोई मुसीबत आती है तो हम साथ होते हैं। तभी लोग एक-दूसरे से दूर नहीं भागते हैं। सलमान और मैं शायद इतनी बार न मिले या इतनी बार बातचीत न करें, लेकिन अगर उन्हें एहसास होता है कि मैं किसी तरह के झगड़े में हूं तो वह आदमी संकोच नहीं करेगा। अरबाज खान ने रिश्तों में एक-दूसरे के साथ खड़े होने के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा, यह पैसों की मदद के बारे में नहीं है। मैं सलमान की आर्थिक मदद नहीं कर सकता क्योंकि उनके पास काफी कुछ है लेकिन ऐसा हमेशा नहीं होता है। आपको भावनात्मक सपोर्ट की जरूरत होती है। आपको सुनने वाला बनकर वहां रहना होगा। कभी कभी बस मौजूद होना भी काफ़ी होता है।

# सलमान खान के साथ डेब्यू से पहले मेरे पास पांच फिल्मों के ऑफर थे

एक्ट्रेस रवीना टंडन ने खुलासा किया है कि उन्होंने 1991 में सलमान खान के साथ पत्थर के फूल में पदार्पण करने से पहले पांच फिल्मों का ऑफर ठुकराया था। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उन्हें पत्थर के फूल से पहले कई फिल्मों के ऑफर आए थे। किसका ब्रांड बजेगा पर बोलते हुए अभिनेत्री कहा कि मैंने इससे पहले ही पांच फिल्मों को ना बोल दिया था। उन्होंने कहा, मैं कॉलेज कैंटीन में थी, और मैंने अंदर आकर कहा, अंदाज़ा लगाओ कि मुझे किसके साथ फिल्म का ऑफर मिला है, और उन्होंने कहा, कौन? और मैंने कहा, सलमान खान, और मेरे सभी दोस्त बोले, याय्य! इसके बाद अभिनेत्री ने खुलासा किया कि फिल्म स्वीकार करने से लेकर उस पर काम शुरू करने तक की प्रक्रिया बहुत तेज थी। रवीना ने कहा, तो मैंने हां कह दी, अगले दिन मैंने सलमान के साथ फोटोशूट किया और तीसरे दिन मैं फिल्म कर रही थी। अनंत बलानी द्वारा निर्देशित और सलीम खान द्वारा लिखित, पत्थर के फूल एक युवा पुलिस अधिकारी और एक गैंगस्टर की बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। पत्थर के फूल के बाद रवीना और सलमान ने कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें अंदाज अपना-अपना, कहीं प्यार ना हो जाए आदि शामिल हैं।

# राम चरण को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि




साउथ के फेमस एक्टर राम चरण इस समय चर्चा में हैं। उन्हें चेन्नई की वेल्स यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। 13 अप्रैल को एक्टर ने सोशल मीडिया पर मानद उपाधि पाते हुए एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। वो इस ग्रेजुएशन सेरेमनी में चीफ गेस्ट भी थे। इस खास मौके पर उनकी वाइफ उपासना कामिनेनी भी मौजूद रहीं और अपने पति को डॉक्टर कहकर संबोधित किया। वेल्स यूनिवर्सिटी के इंस्टाग्राम पेज पर भी ग्रुप फोटो शेयर की गई है और कैप्शन में लिखा है, थिरु! राम चरण। इंडियन एक्टर, फिल्ममेकर और बिजनेसमैन। अपने 14वें एनुअल कॉन्वोकेशन (दीक्षांत समारोह) में वेल्स यूनिवर्सिटी से डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि प्राप्त कर रहे हैं। मालम हो कि वेल्स यूनिवर्सिटी अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को पहचाने जाने के लिए दिया जाता है। राम को ये सम्मान, फिल्म इंडस्ट्री में उनके योगदान के कारण उन्हें मिला है। राम ने साल 2007 में चिरुथा मूवी से डेब्यू किया था। तब से उन्होंने अपने करियर में शानदार फिल्में दी हैं।



# विजय देवरकोंडा की अगली फिल्म के लिए मराठी अभिनेत्री भाग्यश्री बोरसे से चल रही है बातचीत

फिल्म 'डियर कॉमरेड' के बाद से एक हिट की तलाश में भटक रहे अभिनेता विजय देवरकोंडा की बीते हफ्ते रिलीज फिल्म 'द फैमिली स्टार' फ्लॉप होने के बाद वह एक नए संकट में हैं। गौतम तिन्नौरी के निर्देशन में बनने वाली उनकी अगली फिल्म के लिए अब हीरोइन ही नहीं मिल रही है। इस फिल्म में पहली अभिनेत्री श्रीलीला काम करने वाली थीं, लेकिन उनके फिल्म से अलग हो जाने के बाद से अब तक फिल्म के दूसरी हीरोइन नहीं मिली है।
साउथ सिनेमा के अभिनेता विजय देवरकोंडा का पहले पहल नाम हिंदी भाषी क्षेत्रों में तब चर्चा में आया जब निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा ने अपनी तेलुगु फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' का रीमेक हिंदी में 'कबीर सिंह' के नाम से बनाने का एलान किया। रीमेक की रिलीज से पहले मूल फिल्म को दर्शकों ने खूब देखा और ये इस फिल्म की लोकप्रियता का ही नतीजा रहा कि निर्माता करण जौहर ने उन्हें फिल्म 'लाइगर' के लिए साइन कर लिया। फिल्म के लिए विजय ने पूरा उत्तरी और पश्चिमी भारत मथ डाला लेकिन फिल्म फ्लॉप रही।
फिल्म 'लाइगर' के बाद रिलीज उनकी पिछले साल रिलीज फिल्म 'खुशी' और अब 'द फैमिली स्टार' भी फ्लॉप हो चुकी है। विजय की अगली फिल्म निर्देशक गौतम तिन्नौरी के साथ बन रही है। इस फिल्म की हीरोइन श्रीलीला ने अब इस फिल्म में काम करने से मना कर दिया है और साउथ की कोई बड़ी अभिनेत्री इस फिल्म में काम करने को तैयार नहीं है। हिंदी सिनेमा से किसी बड़ी हीरोइन 'इम्पोर्ट' करने की कोशिशें भी सिरे नहीं चढ़ रही हैं।
अब सुनने में आया है कि फिल्म 'यारियां 2' के एक छोटे से रोल में दिखीं मराठी अभिनेत्री भाग्यश्री बोरसे से इस फिल्म को लेकर बातचीत चल रही है। भाग्यश्री इन दिनों अभिनेता रवि तेजा के साथ एक फिल्म 'मिस्टर बच्चन' कर रही हैं। भाग्यश्री बोरसे ने फिल्म 'यारियां 2' में अपने काम से दर्शकों का खासा प्रभावित किया था। फिल्म में चूंकि उनका रोल काफी छोटा था और फिल्म बनाने वालों ने उन्हें इसके पूरे प्रचार में शामिल भी नहीं किया, जिसके चलते अधिकतर दर्शकों को उनका नाम तक पता नहीं चल पाया।



# बिग बॉस का कई बार मिला ऑफर, मगर एक जगह बंधकर 24 घंटे रहना पसंद नहीं

**वजह तुम हो, 1920, इंस्पेक्टर अविनाश जैसी फिल्मों और वेब सीरीज से रजनीश दुग्गल ने खुद को साबित किया है। आगे भी वह बड़े बैनर की फिल्में करना चाहते हैं लेकिन उनका सारा ध्यान कहानियों के चुनाव पर होगा। एक्टर कहते हैं कि मैं अपनी ऑडियंस को धोखा नहीं देना चाहता। 17-18 साल की उम्र से इंडस्ट्री में काम करने वाले अभिनेता नए कलाकारों के लिए कुछ करना चाहते हैं, ताकि वो भी अपने सपने को पूरा कर सकें। रजनीश कहते हैं कि हम खुद ही हिट एंड ट्रायल पर सीखते हैं। अगर समय पर सही सीख मिल जाती तो गलतियों की गुंजाइश कम हो जाती है।**

### नए कलाकारों के लिए कुछ करना चाहता हूं

एक्टर शाहिद कपूर ने अभी हाल ही में कहा था कि मैं कुछ ऐसा करना चाहता हूं, जिससे नए कलाकारों को मौके मिलें। यह बहुत अच्छी बात है। मैं भविष्य में ऐसा ही कुछ करना चाहता हूं, जिससे नए टैलंट को अपने सपने पूरे करने में मदद मिले। गुरु को लोग मिस करते हैं या फिर कहें कि अच्छे चैनल की लोग तलाश में रहते हैं। कई बार आपको अच्छे मैनेजर, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर मिल सकते हैं, जो आपको सही दिशा दिखाएं। इसमें यह जरूरी नहीं कि वो ही आपको अपनी फिल्म में काम भी दें। ये लोग आपके आगे की राह आसान कर सकते हैं। बाकी आप खुद ही हिट एंड ट्रायल पर सीखते हैं। अगर सही सीख समय पर मिल जाती है तो गलतियों की गुंजाइश कम हो जाती है।

### मेरे हर काम की जानकारी पत्नी को होती है

मेरा और धर्मपत्नी पल्लवी जोशी की काम को लेकर पूरी वार्तालाप होती है। हम दोनों एक-दूसरे को अपनी बात रखने का पूरा मौका देते हैं। मैं जो भी काम करता हूं, वो एक-एक चीज उनको पता होती है। यह बहुत पहले की बात है, जब मैंने किसिंग सीन को लेकर कई ऑफर ठुकरा दिए थे। अब भी ऐसा ही है। शादी से पहले पल्लवी मेरी गर्लफ्रेंड थी, तभी से हमने फैसला किया था कि मैं पर्दे पर किसिंग सीन जैसा कुछ नहीं करूंगा। मैं उस जोन में जाना नहीं चाहता हूं। अब मेरी बेटी बड़ी हो रही है। उसके बारे में भी सोचना पड़ता है। फिर भी अगर कहानी की आवश्यकता हो और फिल्म ऐरॉटिक थ्रिलर जोन में ना हो तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है।

### 24 घंटे एक जगह बंधकर रहना बिल्कुल पसंद नहीं है

रियलिटी शो'बिग बॉस' का ऑफर तो कई बार आया लेकिन मुझे 24 घंटे एक जगह पर बंधकर रहना पसंद नहीं है इसीलिए लगता है कि मैं वह शो नहीं कर सकता। उसमें 24 घंटे कैमरे की नजर आप पर ही रहती है। मैं 24 घंटे कैमरे के सामने नहीं रहना चाहता। मेरे लिए 12 घंटे की शूटिंग शिफ्ट ही अच्छी है। वक्रफंट की बात की जाए तो मुझे अब अच्छा कॉन्टेंट मिल रहा है। बाकी एक्टर्स की तरह मैं भी बड़े बैनर की फिल्में करना चाहता हूं लेकिन कॉन्टेंट अच्छा होना चाहिए। जब आप बड़े बैनर का हिस्सा बनते हैं तो ग्रोथ जल्दी होती है लेकिन मैं अपनी ऑडियंस को धोखा नहीं देना चाहता। मुझे लगता है कि जब आपके पास अच्छी स्क्रिप्ट और अनुभवी एक्टर्स होते हैं तो काम करने में मजा आता है। यहां क्रिया-प्रतिक्रिया का नियम लागू होता है, जो आपकी परफॉर्मेंस में चार चांद लगा देता है। साथ ही साथ सीखने को भी वहां काफी कुछ होता है।

### 'घर से कभी कुछ मांगने की नौबत नहीं आई है'

मैं मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखता हूं। ऊपरवाले की दुआ से 17-18 साल की उम्र से मैं इस इंडस्ट्री में काम कर रहा हूं। घर से कुछ लिया नहीं और ना ही कभी ऐसी नौबत आई है। एक चीज थी, जो परिवार की हमेशा मेरे साथ रही, वो था उनका आशीर्वाद। इससे मुझे बहुत मदद मिली। मां-पापा ने मेरा हमेशा मार्गदर्शन किया। मेरी वेब सीरीज विडियो स्कैम को दर्शकों का बहुत प्यार मिला। अब इसका दूसरा पार्ट लिखा जा रहा है। अभी मैंने एक मर्डर मिस्ट्री सीरीज की है, जो कि चार सीजन की कहानी है। उसमें मैं इंस्पेक्टर की भूमिका में दिखूंगा। एक थर्ड जेंडर के ऊपर फिल्म है, जो कि बीते साल लखनऊ में ही शूट की थी।


## संक्षिप्त समाचार

### कंस्ट्रक्शन कंपनी ने राइट्स इश्यू का किया बड़ा ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) ने शनिवार को कहा कि उसके पैनल ने राइट्स इश्यू के जरिए 350 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कंस्ट्रक्शन से जुड़ी कंपनी ने बीएसई को बताया कि राइट्स इश्यू समिति ने 21 रुपये की कीमत पर 166,666,666 इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दी है। इसमें कहा गया है कि इस आवंटन के बाद कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी 151,30,28,244 इक्विटी शेयरों से बढ़कर 167,96,94,910 हो जाएगी। हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी के शेयर की बात करें तो कीमत 40 रुपये से कम है। बीते शुक्रवार को शेयर की कीमत 37.72 रुपये थी। यह शेयर 1.98 प्रतिशत लुढ़क कर बंद हुआ था। 2 फरवरी 2024 को इस शेयर की कीमत 46 रुपये तक पहुंच गई थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। 18 अप्रैल 2023 को शेयर की कीमत 13.54 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का निचला स्तर है। हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 182.30 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हासिल किया। वहीं, एक साल पहले की इसी तिमाही में 257.85 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में बिक्री सालाना 8.6 प्रतिशत बढ़कर 1,474.47 करोड़ रुपये हो गई। बता दें कि हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी इंजीनियरिंग और निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय है। यह कंपनी परिवहन, बिजली और जल अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सर्विस प्रोवाइड करती है। शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो मार्च 2024 तक प्रमोटर की हिस्सेदारी 18.59 फीसदी थी। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 81.41 फीसदी की है।

### टाटा टेलीसर्विसेज के शेयर में मचा हाहाकार, टूटकर 78 पर आ गया भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में भारी मुनाफावसूली देखी गई। इस दौरान टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज महाराष्ट्र लिमिटेड के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन टीटीएमएल के शेयर 3.19 प्रतिशत टूटकर 78.38 रुपये पर बंद हुए। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 77.75 रुपये तक गिर गई। 15 सितंबर 2023 को यह शेयर 109.10 रुपये पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। बता दें कि अप्रैल 2023 में शेयर की कीमत 59.80 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का निचला स्तर है। लगातार रेंग रहा शेयर- कई महीनों से टीटीएमएल के शेयर रेंग रहे हैं। छह महीने में टीटीएमएल के शेयर ने बीएसई के मुकाबले निगेटिव रिटर्न दिया है। यह शेयर सेंसेक्स इंडेक्स के मुकाबले एक महीने और तीन महीने की अवधि में निगेटिव में रहा। यह शेयर एक साल की अवधि में 25 फीसदी पॉजिटिव रिटर्न दे चुका है। टीटीएमएल के मार्च 2024 के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर्स के पास 74.36 फीसदी हिस्सेदारी है।

# गजब की है पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग स्कीम, मिलता है 7.70 प्रतिशत का ब्याज

## साथ में 1.50 लाख तक टैक्स छूट भी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप अपने जमा पूंजी को निवेश करके एक निश्चित अवधि के बाद बेहतर रिटर्न मिलने की चाहत रखते हैं तो यह खबर आपके लिए है। मार्केट में अभी भी बेहतर रिटर्न पाने के लिए कई विकल्प मौजूद हैं। इसमें फिक्स्ड डिपॉजिट और रेकरिंग डिपॉजिट सबसे ज्यादा पॉपुलर है। इसके अलावा, ग्राहक पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग स्कीम में भी निवेश करना खूब पसंद करते हैं। ऐसे ही एक स्कीम है नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट जिसमें ग्राहकों को एक निश्चित अवधि तक निवेश करने पर कई बैंकों की एफडी से अधिक ब्याज मिलता है। आइए जानते हैं इस स्कीम के बारे में विस्तार से।

### क्या है यह स्कीम

दरअसल, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट स्कीम के तहत ग्राहक 5 साल की अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम के तहत ग्राहक मिनिमम 1,000 रुपये से अपने निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। इस स्कीम के तहत ग्राहकों को अपनी



जमा पूंजी पर 7.7 पर्सेंट का कंपाउंडिंग इंटरेस्ट मिलता है।

बता दें कि पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट स्कीम में इनकम टैक्स की धारा 80ष के तहत ग्राहक 1.50 लाख रुपये तक के निवेश पर टैक्स छूट का फायदा उठा सकते हैं। इसके अलावा, इस स्कीम के तहत निवेश पर मिलने वाले ब्याज पर कोई टीडीएस नहीं काटा जाता है। बता दें कि इस स्कीम के तहत आप देश के किसी भी पोस्ट ऑफिस में अपना अकाउंट खुलवा सकते हैं।

बता दें कि मौजूदा समय में देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर लैंडर बैंक स्टेट बैंक आफ इंडिया अपने ग्राहकों को इस अवधि के लिए एफडी करने पर 6.50 पर्सेंट का ब्याज दे रहा है। जबकि पंजाब नेशनल बैंक 5 साल की अवधि के लिए एफडी करने पर 6.50 पर्सेंट बैंक ऑफ इंडिया इसी अवधि के लिए 6.50 पर्सेंट और एचडीएफसी बैंक इस अवधि के लिए 7 पर्सेंट का ब्याज ऑफर कर रहा है।

## 3 बैंकों में एफडी करने पर ग्राहकों को मिल रहा है 9 प्रतिशत से अधिक ब्याज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप निकट भविष्य में अपनी जमा पूंजी को निवेश करके सुरक्षित रिटर्न पाना चाहते हैं तो आपके लिए फिक्स्ड डिपॉजिट एक शानदार विकल्प हो सकता है। अभी भी भारतीय ग्राहक फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश करना पसंद करते हैं। फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश करके ग्राहकों को एक निश्चित अवधि के बाद गारंटीड इनकम मिलता है। ऐसे में बैंकों के अलावा नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी भी अपने ग्राहकों को एफडी करने पर बंपर ब्याज ऑफर कर रही हैं। आइए जानते हैं ऐसी ही 3 नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी के बारे में जो अपने ग्राहकों को एफडी करने पर 9 पर्सेंट से अधिक ब्याज दे रही हैं। सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को 5 साल की एफडी करने पर 9.10 पर्सेंट का ब्याज ऑफर कर रही है। जबकि बैंक इसी अवधि के लिए अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 9.60 पर्सेंट तक ब्याज ऑफर कर रही है। यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को 1001 दिन की एफडी करने पर 9 पर्सेंट का ब्याज दे रही है। वहीं, बैंक अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को इसी अवधि के लिए 9.50 पर्सेंट का ब्याज ऑफर कर रही है। फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को 1000 दिन की एफडी करने पर 8.51 पर्सेंट का ब्याज दे रही है। जबकि बैंक इसी अवधि के लिए अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 9.11 पर्सेंट का ब्याज ऑफर कर रही है।

## हर 1 पर 3 शेयर में बांटेगी कंपनी, एक साल से रॉकेट की तरह बढ़ रहा भाव, आपका भी है दांव तो मिलेगा मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आने वाला सप्ताह शेयर बाजार में कुछ कंपनियों के निवेशकों के लिए बेहद खास होने वाला है। ये कंपनियां- इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज, नेपबुक्स और शुक्रा फार्मास्युटिकल्स हैं। ये तीनों कंपनियां अपने निवेशकों के लिए बोनस शेयर बांटने वाली हैं। शुक्रा फार्मास्युटिकल्स की बात करें तो कंपनी 3ः1 के रेश्यो से बोनस शेयर बांटने वाली है। इसके लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है।

विज्ञापनफार्मा कंपनी शुक्रा फार्मास्युटिकल्स हकदार शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 को रिकॉर्ड तिथि तय किया है। 12 अप्रैल को शुक्रा का शेयर प्राइस 326 रुपये था। यह शेयर अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 388 रुपये प्रति शेयर के करीब है, जबकि यह अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 54.60 रुपये प्रति शेयर से 497.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। आधार पर इस शेयर में 169 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

शुक्रा फार्मास्युटिकल्स के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो 50.96 फीसदी हिस्सेदारी प्रमोटर के पास है। वहीं, 49.04 फीसदी हिस्सेदारी पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास है। बता दें कि यह कंपनी माइक्रो कैप की कैटेगरी में आती है। इस कंपनी का मार्केट कैपिटल 356.87 करोड़ रुपये है। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज ने 1ः1 के रेश्यो से बोनस शेयर बांटने का ऐलान किया है। वहीं, नेपबुक्स का बोनस शेयर 2ः1 के रेश्यो से बंटने वाला है। पैकेज्ड फूड कंपनी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज ने बोनस शेयर के लिए हकदार शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने को 16 अप्रैल का रिकॉर्ड डेट तय किया है। कंपनी रिकॉर्ड डेट पर पहचाने गए शेयरधारकों को प्रत्येक 1 मौजूदा इक्विटी शेयर पर 1 बोनस शेयर का भुगतान करेगी।

## टाइम्स एम्प्लॉय इंडिया फाउंडेशन ने मप्र में बीपीसीएल और जबुआ के जनजातीय कार्य विभाग के साथ स्वास्थ्य परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया

**भोपाल।** टाइम्स एम्प्लॉय इंडिया फाउंडेशन टाइम्सप्रो का एक सीएसआर समाधान विंग, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और जबुआ के जनजातीय कार्य विभाग के सहयोग से शुरू की गई एक स्वास्थ्य और स्वच्छता परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। यह परियोजना छह महीने पहले आरंभ की गई थी और इसका उद्देश्य मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के सात सरकारी स्कूलों में अनेमिया और कुपोषण से निपटना था।

इस पहल के दौरान, खून की जांच और प्राथमिक स्वास्थ्य जाँच के साथ-साथ, अनेक नवाचारी तरीकों से प्रेरित किया गया कि लगभग 3,807 छात्र दैनिक आहार में पौष्टिकता को अपनाएं, व्यक्तिगत स्वच्छता मानकों को बनाए रखें, और एक सम्पूर्ण जीवनशैली को स्वीकार करें। टाइम्स एम्प्लॉय इंडिया फाउंडेशन ने प्रत्येक स्कूल को संवेदनशीलता और स्वच्छता सिद्धांतों पर बच्चों को सतत प्रशिक्षण और संवेदनशीलता



सत्रों के लिए सहायक शिक्षकों का प्रबंध करने के लिए हाइजीन शिक्षकों का नियोजन किया। इसके लिए प्रशिक्षण सामग्री, पोस्टर, मेहमान व्याख्यान, इंटरैक्टिव सत्र, और प्रतियोगितात्मक घटनाओं का उपयोग किया गया। इस पहल पर बोलते हुए, अरुण काब्रा, टाइम्स एंप्लॉय इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष - सीएसआर परियोजनाएँ, ने कहा, हम सरकार और बीपीसीएल के साथ सहयोग करके इस कार्यक्रम की शुरुआत के लिए उत्साहित हैं जो हमारे बच्चों की विकास और उनके भलाई में बाधाओं को हटाने की दिशा में है। हमारे प्रयासों और स्कूलों और समुदायों में अभियानों के माध्यम से, हम शिक्षा और जीने के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो प्रतिरोधक्षमता को मजबूत करता है और स्वच्छता के अभ्यास को स्थापित करता है।

## ओके प्ले इंडिया लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही में शानदार परिणाम पेश किए

### एबिटा में तिमाही दर तिमाही पर 126 प्रतिशत बढ़ोतरी

**मुंबई, एजेंसी।** ओके प्ले इंडिया लिमिटेड, प्लास्टिक मोल्डेड फर्नीचर, आउटडोर प्ले इक्विपमेंट, पॉइंट-ऑफ-परचेज प्रोडक्ट्स, ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के उत्पादन में लगी एक लीडिंग कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए मज़बूत आय की घोषणा की है। 31 मार्च 2024 (स्टैंडअलोन) को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने अपना रेवेन्यू 4838.46 लाख रुपये रिपोर्ट किया, जिसमें तिमाही दर तिमाही 45 की वृद्धि दर्ज हुई। एबिटा में तिमाही दर तिमाही में 126 उछला और 252.05 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही), से 571.83 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही) हुआ। शुद्ध लाभ में जोरदार वृद्धि दर्ज की गई और यह 426.33 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही) पहुंचा। हाल ही में, कंपनी ने 1:10 के अनुपात में कंपनी के इक्विटी शेयर्स का विभाजन किया, यानी प्रत्येक 1 इक्विटी शेयर की नॉमिनल/ फेस वैल्यू प्रत्येक 10 रुपये तथा 10 इक्विटी शेयर की नॉमिनल/फेस वैल्यू प्रत्येक 1 रुपये में विभाजित की गई।

इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि, उसने अपनी हाल ही में अधिग्रहीत पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एमआरएच टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से, मान +हम्मेल ग्रुप, जर्मनी की सब्सिडरी मान +हम्मेल फ़िल्टर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एग्रीमेंट किया है, जिसमें अपने सोलो और एक्सक्लूसिव डिस्ट्रिब्यूटर के रूप में अपने नए रेवोल्यूशनरी प्रोडक्ट प्योर एयर मोबाइल फाइन को प्रमोट करना, डिस्ट्रीब्यूट करना, सप्लाई करना, इंस्टॉल करना और सर्विस देना शामिल है।

डस्ट पार्टिकल फिल्टर रूफ बॉक्स- वायु प्रदूषण के जानलेवा, खतरनाक खतरे से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मान +हम्मेल एक 4.8 बिलियन यूरो की जर्मन बहुराष्ट्रीय कंपनी है जिसका संचालन 80 से अधिक देशों में है और यह पिछले 18 वर्षों से भारत में मौजूद है। अपनी एडवांस्ड फिल्ट्रेशन टेक्निक्स और अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए, मान+हम्मेल ने एम्बिएंट (व्यापक) एयर से पार्टिकुलेट मैटर और पार्टिकुलेट मैटर सहित खतरनाक फाइन डस्ट पार्टिकल को कुशलतापूर्वक पकड़कर फाइन डस्ट पॉल्यूशन से निपटने के लिए एक भरोसेमंद और शक्तिशाली उत्पाद विकसित किया है। इसका सफलतापूर्वक उत्पादन और परीक्षण किया जा चुका है। इस प्रोडक्ट को वाहनों के साथ-साथ ठहरे हुए स्थानों पर लगाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इस एग्रीमेंट पर कमेंट करते हुए, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री राजन हांडा ने कहा कि, हमें एयर फिल्टर सॉल्यूशंस के क्षेत्र में एक मुख्य ग्लोबल लीडर और रिकॉग्नाइज अथॉरिटी मान +हम्मेल के साथ अपने अरेंजमेंट की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह समझौता न केवल कंपनी के लिए बल्कि राष्ट्र के लिए भी महत्वपूर्ण महत्व रखता है क्योंकि इसमें भारत में वायु प्रदूषण को संबोधित करने के लिए एक ट्रांसफॉर्मेटिव रेमेडी होने की क्षमता है। वायु प्रदूषण सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण पर महत्वपूर्ण हानिकारक प्रभाव डालता है। पार्टिकुलेट मैटर के अच्छी तरह से डॉक्यूमेंटेड हानिकारक प्रभावों में रेस्पिरेटरी सिस्टम, कार्डियोवास्कुलर हेल्थ और ओवरऑल क्वॉलिटी ऑफ लाइफ पर हानिकारक प्रभाव शामिल हैं। इसके अलावा, एयर क्वॉलिटी इंडेक्स का ऊंचा स्तर युवाओं और भावी पीढ़ियों के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करता है, जिसके लिए अर्जेंट और स्ट्रेटिजिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, डालबर्ग एडवाइजर्स, ब्लू स्काई एनालिटिक्स और भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, एयर पॉल्यूशन के असर को रोकने के लिए सरकार कंस्ट्रक्शन और मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाती है, जिससे भारतीय व्यवसायों को सालाना 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक का घाटा होता है।

## एलजी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने मुंबई में आयोजित समारोह में महुअप रेफ्रिजरेटर के साथ जॉब्जेंट कलेक्शन की धमाकेदार लांचिंग की

**भोपाल।** एलजी इलैक्ट्रॉनिक्स ने मूडअप रैफ्रिजरेटर के साथ एलजी ऑब्जैट कलैक्शन की लांच टेक्नोलॉजी और खूबसूरती को एक नए मुकाम तक ले जाने की एक शानदार पहल लैक्मे फैशन वीक में मशहूर फैशन डिजाइनर जोड़ी गौरी व नैनिका ने किया लांच 20 मार्च देश के प्रमुख कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रांड एलजी इलैक्ट्रॉनिक्स ने मूडअप रैफ्रिजरेटर के साथ एलजी ऑब्जैट कलैक्शन की धमाकेदार लांचिंग की है। कंपनी ने देश की मशहूर फैशन डिजाइनर जोड़ी गौरी और नैनिका के सहयोग में एलजी मूडअप रैफ्रिजरेटर का अनावरण किया। कंपनी ने लैक्मे फैशन वीक के दौरान इस रैफ्रिजरेटर के साथअपनी नई कलैक्शन को लांच किया। यह कलैक्शन एलजी मूडअप के 1.7 लाख कलर कॉम्बिनेशंस से प्रेरित है। इस बात की जानकारी कंपनी के प्रबंधकों ने पत्रकारों से बातचीत में दी। प्रबंधकों ने बताया कि एलजी मूडअप न केवल आपके मूड या व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है, बल्कि आपकी लाइफस्टाइल में लग्जरी भी लेकर आता है और रोजमर्रा की जिंदगी में चार-चांद



लगाता है। एलजी मूडअप में आधुनिक टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है और यह एक बेहद खूबसूरत उत्पाद है, जोकि आपको व्यक्तिगत लग्जरी का अहसास कराता है। भारत के लोगों के बीच अपनी जिंदगी में सहूलियत लाने के लिए विशिष्ट रूप से तैयार किए गए समाधानों की तलाश बढ़ रही है, ऐसे में एलजी मूडअप रैफ्रिजरेटर कस्टमाइजेशन को अगले स्तर पर लेकर आया है। एलजी इलैक्ट्रॉनिक्स ने नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में मूडअप रैफ्रिजरेटर के साथ एलजी ऑब्जैट कलैक्शन की धमाकेदार लांचिंग की। इस मौके पर कंपनी के प्रबंधक और मशहूर फैशन डिजाइनर जोड़ी गौरी व नैनिका भी खास तौर पर मौजूद रहीं। इलैक्ट्रॉनिक कैटागरी के इतिहास में कंपनी ने पेश किया है एक जबरदस्त उत्पाद एलजी इलैक्ट्रॉनिक्स इंडिया के डायरैक्टर होम एप्लायंसेज एवं एयर कंडीशनर ह्वांग यंगमिन ने कहा कि इलैक्ट्रॉनिक कैटागरी के इतिहास में कंपनी ने एक जबरदस्त उत्पाद पेश किया है, जिसने तकनीक और खूबसूरती को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इस नए रैफ्रिजरेटर के दरवाजे में एलईडी पैनल लगा है जिसकी मदद से आप अपने मूड के अनुसार रंगों को बदल सकते हैं और घर में अपनी पसंद का माहौल बनाने है। के लिए अपना पसंदीदा म्यूजिक भी सुन सकते हैं। लैक्मे फैशन वीक में गौरी और नैनिका के सहयोग से कंपनी अपना नया उत्पाद, मूडअप फ्रेंच डोर रैफ्रिजरेटर पेश करके बेहद उत्साहित है। इस शानदार उत्पाद में वाइब्रेट, बोल्ड, जिंदगी से भरपूर और आशावाद का कंपनी का साझा नजरिया साफ झलकता है। यह वास्तव में लाइफ इज गुड के सार को दर्शाता यह रैफ्रिजरेटर आधुनिक टैक्नोलॉजी और स्टाइल का सुमेल है जोकि भारतीय उपभोक्ताओं की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए एलजी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस ने प्रमुख ऐसेट मैनेजमेंट क्लाइंट एड करके फिनटेक सपोर्ट को बढ़ाया

**मुंबई, एजेंसी।** टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड बिज़नेस प्रोसेस मैनेजमेंट सर्विसेज़ में लीडिंग प्रोवाइडर, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने ऐसेट मैनेजमेंट सेक्टर में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक के साथ एक नई ग्राहक-जीत हासिल की है। इसके साथ-साथ, वन पॉइंट वन ने देश में लीडिंग फिनटेक प्लेयर के लिए सीट कपैसिटी में भी वृद्धि की है।

रेज़रपे (पेमेंट सॉल्यूशंस प्रोवाइडर) के साथ समझौते की शर्तों के तहत, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस को 7 सीटों से प्रभावशाली 160 से अधिक सीटों तक अपनी ऑपरेशनल कपैसिटी के विस्तार के साथ एंड-टू-एंड मर्चेंट ओरिजिनेशन और सर्विसिंग को मैनेज करने का काम सौंपा गया है। इनिशियल कॉन्ट्रैक्ट से यह रिमार्केबल मल्टी-फ़ोल्ड इंक्रीज वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस की सेवाओं की क्षमताओं और विश्वसनीयता में ग्राहक के विश्वास को दर्शाती है। इस स्ट्रेटिजिक अलायंस की शर्तों के अनुसार, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस को अपने बेंगलुरु डिलीवरी सेंटर के माध्यम से एंड-टू-एंड मर्चेंट ओरिजिनेशन और सर्विसिंग का मैनेजमेंट सौंपा गया है, जो कंपनी के विकास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इस ऑपरेशन को शुरू करते हुए, वन पॉइंट वन फिनटेक सेक्टर में एक फुल-सर्विस प्लेयर बन गया है, जो गैप को दूर करने और ऑन-बोर्डिंग मर्चेंट्स के लिए दमदार अनुभव बनाकर संचालन को बदलने में सक्षम है। मुख्य गतिविधियों में वेरिफिकेशन, डॉक्यूमेंटेशन, प्रॉसेसिंग, कस्टमर सपोर्ट, बैंकिंग ऑपरेशंस, टिकट मैनेजमेंट और इंटरनेशनल पेमेंट को सक्षम करना शामिल है।

समझौते की शर्तों के अनुसार, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड (एसेट मैनेजमेंट कंपनी) को एसआईपी के एक्टिवेशन और रिन्यूअल की सेवाएं प्रदान करेगा। इस पार्टनरशिप के आधार पर, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस एक्टिवेशन, क्रॉस-सेल/अप-सेल और सर्विसिंग डोमेन में उद्यम करके अपने क्षितिज को व्यापक बनाने के लिए तैयार है। वन पॉइंट वन के नवी मुंबई डिलीवरी सेंटर से ऑपरेशंस शुरू करने से टीम बेमिसाल ग्राहक सेवाओं के साथ अनुरूप अनुभव देने और बिज़नेस ग्रोथ को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम होगी।

म्यूचुअल फंड और फिन-टेक ब्रांड को अपने साझेदार के रूप में शामिल करना कंपनी की चुस्ती और क्लाइंट -सेन्ट्रिसिटी के प्रति समर्पण को रेखांकित करता है, जो उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में इसके कद की पुष्टि करता है। वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस बीपीओ, केपीओ, आईटी सर्विसेज़, टेक्नोलॉजी एंड ट्रांसफॉर्मेशन और एनालिटिक्स में एक फुल-स्टैक प्लेयर है।

## संक्षिप्त समाचार



### मेस्सी के शानदार खेल से इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया

**कैंसास सिटी, एजेंसी।** करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेस्सी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए।

### 3 कारण क्यों हार्दिक पंड्या की नहीं बनती टी-20 वर्ल्ड कप में जगह, ड्रॉप करने में टीम इंडिया का फायदा!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जून-जुलाई में आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन होने वाला है। इस मेगा आईसीसी इवेंट के लिए भारतीय दल की बात अभी से होने लग गई है। वहीं हार्दिक पंड्या को लेकर भी अब काफी सवाल उठ रहे हैं। टीम में उनकी जगह बननी चाहिए या नहीं इसकी भी काफी बात हो रही है। तो आइये आपको बताते हैं उन 3 कारणों के बारे में कि क्यों हार्दिक को भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिए।

**हार्दिक पंड्या की खराब फिनिशिंग -** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या अपनी फिनिशिंग के लिए जाने जाते हैं। लेकिन आईपीएल 2024 में उनका बल्ला अब तक खामोश रहा है। वह उस तरह से फिनिश नहीं कर पा रहे जिसके लिए जाने जाते हैं। उनकी फिनिशिंग स्किल्स पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरसीबी के मैच को छोड़ दें तो उनका स्ट्राइक रेट भी काफी खराब रहा है। पंड्या ने आईपीएल 2024 में 5 मैच में 129 रन बनाए हैं।

### आशुतोष शर्मा के नाम जुड़ा खास रिकॉर्ड

#### अब तक आईपीएल में 17 सालों में नहीं कर पाया ऐसा कोई भी खिलाड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के 17वें सीजन में पंजाब किंग्स के लिए अब तक कुछ भी सही नहीं रहा है, जिसमें टीम को 6 में से 4 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी पंजाब किंग्स को 3 विकेट से करीबी हार मिली। इस मैच में पंजाब की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए थे, वहीं राजस्थान ने टारगेट का पीछा 19.5 ओवरों में कर लिया। पंजाब किंग्स टीम के बल्लेबाजों की तरफ से इस मैच में काफी खराब प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें उन्होंने 70 के स्कोर तक अपनी आधी टीम को गंवा दिया।

आईपीएल 2024

# टूर्नामेंट से टी20 विश्व कप की तैयारियों को गति दे रहा यह बल्लेबाज

## भारत को पहुंचा चुका है नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 विश्व कप के लिए सभी टीमें एक मई से पहले घोषित होनी हैं, ऐसे में सभी खिलाड़ी पूरा जोर लगा रहे हैं। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी आईपीएल से अपनी तैयारियों को गति दे रहे हैं। आईपीएल 2024 सीजन के बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। भारत सहित दुनिया के तमाम खिलाड़ी आईपीएल से इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए तैयारियां कर रहे हैं। टी20 विश्व कप के लिए सभी टीमें एक मई से पहले घोषित होनी हैं, ऐसे में सभी खिलाड़ी पूरा जोर लगा रहे हैं। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी आईपीएल से अपनी तैयारियों को गति दे रहे हैं। हेड आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

**वनडे विश्व कप के फाइनल में खेली थी शानदार पारी -** ट्रेविस हेड के करियर के लिए 2023 शानदार रहा था और उनका मानना है कि इस स्तर को बरकरार रखना कठिन है। हेड ने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और फिर वनडे विश्व कप के फाइनल में



शानदार पारियों खेली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों ही मुकाबले में भारत को हराकर खिताब जीता था। हेड का मानना है कि आईपीएल 2024 से वह उन्हें टी20 विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी।

**बेसिक चीजों पर अडिग रहना चाहता हूं -** हेड ने ने कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और मैं विदेशी जमीन पर भी उसी तरह खेलता हूं। हालांकि मेरे ऊपर अब लगातार इसी तरह खेलने का दबाव है। सभी प्रारूपों में मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि बेसिक चीजों पर अडिग रहूं। यही मेरी तकनीक और ब्लूप्रिंट है। टी20 विश्व कप अब करीब है और मुझे उम्मीद है कि सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में होने और शीर्ष क्रम में खेलने से मेरी तैयारी पुख्ता होगी। इस लय को मैं विश्व कप में लेकर जा सकूंगा।

**हैदराबाद को तेज शुरुआत दिला रहे हैं हेड -** हेड का बल्लेबाज अबतक आईपीएल में अच्छा चला है और वह सनराइजर्स हैदराबाद को तेज शुरुआत दिला रहे हैं। हेड ने पांच मैचों में 177 की स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए हैं। हालांकि अगर आईपीएल का पूरा सीजन खेलते हैं तो उन पर दबाव बढ़ेगा और चोटिल होने का खतरा भी रहेगा। हेड भी इस बात से पूरी तरह परिचित हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह अहम है कि आईपीएल 2024 में पूरे सीजन मानसिक रूप से फ्रेश रहूं और अपने खेल पर काम करता रहूं। साथ ही यह सुनिश्चित करूं कि टी20 विश्व कप के लिए पूरी तरह तैयार रहूं। मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं इसके लिए तैयार हूं।

# शिखर धवन अभी मैदान से रहेंगे दूर, पंजाब किंग्स को परेशान करने वाली है अपने कप्तान की इंजरी



**मुल्लांपुर, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के हेड ऑफ क्रिकेट डेवलपमेंट संजय बांगर ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन की जल्दी मैदान पर वापसी नहीं होने वाली है। कंधे की चोट के कारण धवन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे। उनकी जगह इंग्लिश ऑलराउंडर सैम करन ने पंजाब किंग्स की कप्तानी की थी।

### धवन की चोट पर क्या बोले बांगर


संजय बांगर ने बताया कि शिखर धवन कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। बांगर ने मैच के बाद इसपर बात करते हुए कहा, 'उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिये बहुत जरूरी है। देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।'

### 26 अप्रैल को कर सकते हैं वापसी

इस दौरान पंजाब किंग्स को दो और घरेलू मैच खेलने हैं। वे आने वाले गुरुवार (18 अप्रैल) को मुंबई इंडियंस से भिड़ेंगे और अगले रविवार (21 अप्रैल) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रिवर्स मैच में मुल्लांपुर के नए स्टेडियम में भिड़ेगी। यह घरेलू मैदान पर पंजाब का आखिरी मैच भी होगा। फिलहाल धवन के 26 अप्रैल को कोलकाता में टीम के अगले मैच के लिए समय पर लौटने की उम्मीद है। पंजाब अपने आखिरी दो घरेलू मैच धर्मशाला में खेलेगी।

# ईरान से दागी गई मिसाइलों से बचने के लिए बदला रास्ता, केविन पीटरसन ने सुनाई फ्लाइट की कहानी

**मुंबई, एजेंसी।** केविन पीटरसन वर्षीय ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि कैसे ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइलें दागने के कारण उनकी फ्लाइट को रास्ता बदलना पड़ा और ईंधन भरने की भी जरूरत पड़ी। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने रविवार को ईरानी मिसाइलों के कारण फ्लाइट के रूट में बदलाव के अपने दुखद अनुभव को साझा किया। पीटरसन फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कमेंटरी कर रहे हैं। वह चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल मैच में कमेंटरी के लिए मुंबई जा रहे थे जब यह घटना घटी। उन्होंने इस परेशान करने वाले अनुभव को फैंस के साथ शेयर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने इस्राइल-ईरान के बीच जारी युद्ध वाले क्षेत्रों में हवाई यात्रियों को आने वाले संभावित खतरों पर



प्रकाश भी डाला। सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि कैसे ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइलें दागने के कारण उनकी फ्लाइट को रास्ता



बदलना पड़ा और ईंधन भरने की भी जरूरत पड़ी। पीटरसन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- इस तरह का मेरा पहला अनुभव है। पिछली रात को हमारी फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा और साथ अत्यधिका मात्रा में ईंधन लोड करना पड़ा ताकि हम रास्ता बदलकर जा सकें और ईरान की मिसाइलों से बच सकें। पागलपन!!!! बहरहाल मैं मुंबई और वानखेड़े पहुंच चुका हूं। यह मेरे सबसे पसंदीदा मैदानों में से एक है।

इस बीच इस्राइल में भारतीय दूतावास ने ईरान द्वारा किए गए हमलों के बाद रविवार को अपने नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए। इसमें लोगों को शांत रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी गई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और यह हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस्राइली अधिकारियों और भारतीय समुदाय के सदस्यों के संपर्क में है।इस्राइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला - फोटो = भारतीय दूतावास इस्राइल

हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इस्राइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इस्राइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। ईरान ने इस्राइल पर 330 मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए, जिसमें दो शीर्ष कमांडरों समेत कई लोग मारे गए। हमले को देखते हुए अमेरिका इस्राइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इस्राइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

# शमार जोसेफ ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए किया आईपीएल डेब्यू, इंटरनेशनल लेवल पर मचा चुके हैं धमाल




**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने कोलकाता नाइट राइडर्स वर्सेस लखनऊ सुपर जायंट्स मुकाबले में आईपीएल डेब्यू किया है। रविवार को ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने मार्क वुड की जगह शमार जोसेफ को टीम में शामिल किया था। फ्रेंचाइजी ने जोसेफ को तीन करोड़ रुपये में खरीदा है। 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपने डेब्यू सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात विकेट हॉल हासिल करते हुए टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टीव स्मिथ का विकेट चटकाया था। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ जनवरी में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए थे। इंटरनेशनल करियर की दमदार शुरुआत करने के बावजूद शमार को आईपीएल में अपने मौके का इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि एलएसजी के पास अच्छे तेज गेंदबाज के विकल्प मौजूद हैं लेकिन मयंक यादव के चोटिल होने के बाद टीम ने उन्हें मौका देने का फैसला किया है।

केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान हिंट दिया था कि शमार जल्द ही मैच खेल सकते हैं। दीपक हुडा और मोहसिन खान की टीम में वापसी हुई है। देवदत्त पडिक्कल खराब फॉर्म के कारण बाहर हो गए हैं।

आईपीएल:2024

# पैट कमिंस ने छिड़का भारतीयों के जख्मों पर नमक, किसे बताया पसंदीदा याद, भारत में पसंदीदा खाना भी बताय







आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी कर रहे पैट कमिंस ने इंस्टाग्राम पर कुछ स्टोरीज शेयर की हैं। इनमें उन्होंने अपनी पसंदीदा याद भारत में 2023 विश्वकप की जीत को बताया है। वैसे इस बात ने भारतीय क्रिकेट फैन्स की जख्मों पर नमक जरूर छिड़का होगा। पैट कमिंस ने फैन्स के सवालों के जवाब देते हुए यह यादें शेयर की हैं। इसमें फैन्स ने अलग-अलग सवाल पूछे थे। आज भी बड़ी संख्या में भारतीय फैन्स वनडे वर्ल्डकप फाइनल में मिली हार को भूल नहीं पाए हैं। गौरतलब है कि अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हरा दिया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन बनाए थे और ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया था।

**एसआरएच ड्रेसिंग रूम में पसंदीदा खिलाड़ी कौन -** पैट कमिंस ने इसके अलावा इंस्टाग्राम स्टोरी पर और भी कई सवालों के जवाब दिए हैं। एक फैन ने उनसे एसआरएच के ड्राइंग रूम में पसंदीदा खिलाड़ी के बारे में पूछा था। इसके जवाब में उन्होंने ट्रेविस हेड की फोटो लगाई है। बता दें कि ट्रेविस हेड ने वर्ल्डकप फाइनल में अहम पारी खेली थी, जिसकी बदौलत कंगारू टीम ने यह मैच जीता था। कमिंस ने हैदराबाद में पसंदीदा जगह गोलकुंडा के किले को बताया है।

# एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में राधिका को सिल्वर मेडल, शिवानी पवार ने जीता ब्रांज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवान राधिका ने शनिवार को यहां महिलाओं की 68 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया, जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है। पिछले साल अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की गुलनूरा ताशतांबेकोवा को चित किया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह जापान की नोनोका ओजाकी से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गयीं। शिवानी पवार (50 किलो) क्वार्टर फाइनल में जिकि फेंग से हार गई लेकिन इस चीन की पहलवान के फाइनल में





पहुंचने के बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बना ली। उन्होंने मंगोलिया की ओट्गोनजार्गल डोल्गोज्राव को 9-7 से हराकर कांस्य पदक जीता। तमन्ना (55 किलो) को क्वालीफिकेशन दौर में जापान की मोए कियूका ने 9 -0 से हराया लेकिन कियूका के फाइनल में पहुंचने से वह पदक की दौड़ में शामिल हो गईं। वह हालांकि मौके का फायदा उठाने में नाकाम रही और रेपेचेज मुकाबले में चीन की मिन झांग से 0-4 से हार गयी। पुष्पा यादव (59 किलो) और प्रिया (76 किलो) भी पदक की दौड़ में थी क्योंकि उन्हें हराने वाली पहलवान फाइनल में पहुंच गई थीं। दोनों पहलवानों को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। कांस्य पदक के लिए प्लेऑफ में पुष्पा को कजाकिस्तान की डायना कयूमोवा ने 11-8 से हराया, जबकि प्रिया को कजाकिस्तान की एल्मिरा सिज्डीकोवा ने चित कर दिया।



# क्या शिवम दुबे को मिलना चाहिए टी20 वर्ल्ड कप टीम में मौका?

## सीएसके कोच फ्लेमिंग के बयान ने बढ़ाया भारतीय चयनकर्ताओं का सिरदर्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग का कहना है कि टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने से पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट को खेलने की सही शैली की पहचान करनी होगी. चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में ऑलराउंडर शिवम दुबे को मौका मिलना चाहिए. दुबे पिछले दो आईपीएल सीज़न में एक शानदार हिटर के रूप में उभरे हैं. फ्लेमिंग ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा, मेरे लिए बात यह है कि वे (भारत) विश्व कप के दौरान किस प्रकार का गेम प्लान खेलना चाहते हैं? उन्होंने विदेशी परिस्थितियों में भारत के लिए खेलने की सही शैली की पहचान की है. सीएसके कोच ने कहा, फिर केवल खिलाड़ियों को चुनने और गेम प्लान खोजने की कोशिश करने के बजाय खिलाड़ियों को इसमें शामिल करें. मैं खेल की वह शैली देखूंगा जो मैं चाहता हूं, और फिर उन खिलाड़ियों को चुनूंगा जो फॉर्म में हैं और वह भूमिका निभा सकते हैं जो उस



डिज़ाइन को सर्वश्रेष्ठ रूप से जीत सके. कीवी दिग्गज ने कहा, भारतीय चयनकर्ता होना शायद विश्व क्रिकेट में सबसे मुश्किल कामों में से एक है, है न? एक तरफ, एक कीवी के रूप में मैं शो में मौजूद प्रतिभाओं की मात्रा और हर खेल में सामने आने वाले नए खिलाड़ियों को देखकर बहुत ईर्ष्यालु हूं. इसके बाद फ्लेमिंग ने दुबे को विश्व कप स्क्वाड में मौका देने के बारे में कहा, मुझे उसकी शक्ति पसंद है. मैं पक्षपाती हूं, है ना? लेकिन मुझे लगता है कि जब आपके पास उस तरह की थोड़ी अलग शक्ति होती है; मैं उसे टीम में रखूंगा. 2018 में अपने टी20 डेब्यू के बाद टीम से बाहर हो गए दुबे को सीएसके के साथ अपनी हालिया हरकतों के कारण राष्ट्रीय टीम में वापसी का रास्ता मिल गया है. 2022 में फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने के बाद से, दुबे ने 32 पारियों में 883 रन बनाए हैं. मौजूदा सीज़न में दुबे के नाम पांच पारियों में 176 रन हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है. फ्लेमिंग ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत सारा काम किया गया, उन्हें उस भूमिका में लाया गया और नियमों में बदलाव को हमारे फायदे के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की गई. पिछले साल उन्होंने मानसिक रूप से इस बात पर बहुत काम किया कि वह कैसा दिखेगा, और फिर यह अवसर के बारे में था. हमें उसकी क्षमता का एहसास करने में कितना समय लगेगा. पिंच हिटर के रूप में दुबे की क्षमता पर जोर देते हुए, पूर्व कीवी कप्तान ने कहा, स्पिन और सीम गेंदबाजी दोनों से वह जो शक्ति उत्पन्न कर सकता है वह काफी अद्वितीय है. जब वह इस तरह की फॉर्म में होता है तो बीच के ओवरों में वह हमारे लिए असली हथियार होता है.

## संक्षिप्त समाचार

### सिडनी के एक शॉपिंग सेंटर में 6 लोगों की चाकू मारकर हत्या




**सिडनी, एजेंसी।** सिडनी में शनिवार को एक हमलावर ने एक शॉपिंग सेंटर में छह लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी। हमलावर को बाद में पुलिस ने गोली मार दी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस के अनुसार, सिडनी में वेस्टफील्ड के एक बड़े शॉपिंग सेंटर – बॉन्डी जंक्शन में स्थानीय समयानुसार शनिवार लगभग 3.30 बजे कई लोगों को चाकू मारे जाने की रिपोर्ट के बाद आपातकालीन सेवाओं को लगाया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा, पूर्वी उपनगर पुलिस क्षेत्र कमान से जुड़े एक अधिकारी पर भी हमलावर ने चाकू से हमला करने की कोशिश की। अधिकारी ने उसे गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। बाद में इस बात की पुष्टि हुई कि उस व्यक्ति को गोली मारे जाने से पहले उसने छह लोगों पर जानलेवा हमला किया था। स्थानीय मीडिया ने बताया कि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ ने एक्स पर लिखा, मुझे एएफपी (ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस) ने बॉन्डी जंक्शन पर विनाशकारी घटनाओं के बारे में जानकारी दी है। दुखद रूप से, कई लोगों के हताहत होने की सूचना है और मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके प्रियजनों के साथ हैं। अल्बनीज़ ने एक अन्य पोस्ट में कहा, हमारा दिल उन घायलों के साथ है और हम तत्काल कार्रवाई के लिए बहादुर पुलिस को सलाम करते हैं। पुलिस कमिश्वर करेन वेब ने कहा अभी ऐसा नहीं लगता कि बॉन्डी जंक्शन शॉपिंग सेंटर में हत्याओं के लिए जिम्मेदार 40 वर्षीय हमलावर की विचारधारा आतंकवादियों से प्रेरित थी।

### ईरान ने अमेरिका को दी संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी, इस्राइल से कहा– अंजाम बहुत बुरा होगा



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** ईरान की तरफ से इस्राइल पर दागे गए कई ड्रोन और मिसाइलों को अमेरिका ने मार गिराया। इस पर ईरान की अमेरिका को संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। साथ ही इस्राइल को फिर धमकी दी गई है। इस्राइल–हमास के बीच जारी युद्ध के साथ इस्राइल–ईरान के बीच भी संघर्ष शुरू हो चुका है। दरअसल, हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इस्राइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इस्राइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। हमले को देखते हुए अमेरिका इस्राइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इस्राइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई मिशन ने कहा, यूएन चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर, दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई की गई थी। मामला अब खत्म समझा जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, अगर इस्राइल ने एक और गलती की, तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। यह संघर्ष ईरान और इस्राइल के बीच है, अमेरिका को इससे दूर रहना चाहिए।

### कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडोने बैसाखी और पुथंडू की शुभकामनाएं दीं

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडा`ने शनिवार को सिखों को बैसाखी तथा तमिलों को पुथंडू पर्व की शुभकामनाएं दीं और सभी के लिए बेहतर, निष्पक्ष और अधिक समावेशी देश बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। ट्रूडा`के कार्यालय द्वारा जारी अलग–अलग शुभकामना संदेशों में प्रधानमंत्री ने सिखों को उनके फसल उत्सव बैसाखी और तमिलों को उनके नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। ट्रूडो ने कहा, ''आज, सिख कैलेंडर के सबसे पवित्र दिनों में से एक, बैसाखी मनाने के लिए कनाडा और दुनियाभर के सिख एक साथ आएंगे। बैसाखी का त्योहार खालसा पंथ की स्थापना की याद दिलाता है और साथ ही यह वसंत फसल उत्सव का भी पर्व है।

### थाईलैंड में मनाया गया सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल-लोगों ने प्लास्टिक की बंदूकों और पानी भरी बाल्टियों से वाटर फाइट की

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड में सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल मनाया गया। इसे न्यू ईयर की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है। यह फेस्टिवल 13 से 15 अप्रैल तक मनाया जाएगा जिसमें की 13 अप्रैल को नेशनल हॉलिडे था। सोंगक्रन फेस्टिवल 150 साल से मनाया जा रहा है और थाई संस्कृति में पानी से लड़ाई का खास महत्व है। मान्यता है की सोंगक्रन के दौरान पानी डालना शुभ होता है इसलिए लोग एक–दूसरे से पानी से लड़ाई करते हैं। लड़ाई में प्लास्टिक की बंदूकों का इस्तेमाल होता है। यह फेस्टिवल सफाई, श्रद्धा और सौभाग्य का प्रतीक है। इसमें बुद्ध की मूर्तियों पर साफ–सुगंधित पानी छिड़कते हैं।

# ईरान का इजराइल पर हमला, 200 ड्रोन, मिसाइलें दागी, मिलिट्री बेस को नुकसान, अमेरिका का दावा सभी ड्रोन मार गिराए



**यरुशलम/तेहरान, एजेंसी।** मध्य एशिया में तनाव के बाद ईरान ने शनिवार रात इजराइल पर हमला कर दिया। हमले में 200 से अधिक ड्रोन व मिसाइलें दागी गई। अमेरिकी सेना सभी ड्रोन मार गिराने का दावा किया है। इजराइल के आयरन डोम ने कुछ मिसाइलों को रोक दिया। इसके बावजूद इजराइल के मिलिट्री बेस को नुकसान होने की खबरें सामने आई हैं। भारत ने इस मसले को शांति से निपटाने की अपील की है। अमेरिका ने इजराइल की सुरक्षा करने के अपने वादे को दोहराया है और इजराइल को फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं देने की हिदायत दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की इस मुद्दे पर बातचीत हुई है। खाड़ी देशों में हजारों की तादाद में अमेरिकी सैनिक तैनात हैं और बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

इजराइली सेना ने शनिवार देर रात इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इजराइल के मिलिट्री बेस को नुकसान पहुंचा है। एक बच्ची भी घायल हुई है। इजराइली सेना ने कहा कि हमने ईरान में कुछ ड्रोन उड़ते देखे हैं, जिन्हें यहां पहुंचने में कुछ घंटों का वक्त लगेगा। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला शुरू कर दिया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में मार गिराए गए हैं।

इजरायली सेना के यह कहने के बाद कि ईरान ने 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें लॉन्च कीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने बयान जारी किया; यह हमला दमिश्क में इजरायली हमले के बाद हुआ है जिसमें शीर्ष ईरानी कमांडर की मौत हो गई थी।बाइडन का कहना है कि लगभग सभी ईरानी ड्रोन और मिसाइलों को रोक दिया गयाजो बिडेन ने कहा है कि ईरान से लॉन्च किए गए लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को रोक दिया गया है, उन्होंने कहा कि वह रविवार को जी7 नेताओं की बैठक बुलाएंगे।

हमले की निंदा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस से एक बयान में कहा कि ईरान को यमन, सीरिया और इराक में उसकी प्रॉक्सी ताकतों से मदद मिल रही है। बाइडन ने कहा-मेरे निर्देश पर इजराइल की रक्षा का समर्थन करने के लिए, अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह के दौरान क्षेत्र में विमान और बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे। हमने इज़राइल को आने वाले लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में मदद की। बाइडन का कहना है कि उन्होंने बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अपनी बातचीत में इज़राइल के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

**क्या है पूरा विवाद**

दरअसल, सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर कुछ दिनों पहले घातक इजरायली हवाई हमला हुआ था। इसके बाद ईरान ने इजरायल पर हमलों की कड़ी शुरू करने के लिए लोकल प्रॉक्सी का उपयोग करने की योजना बनाई। हालांकि, ईरान ने इस बीच संकेत दिया कि अगर उसकी मांगें पूरी कर दी जाती हैं, तो वह तनाव कम करने को तैयार है। तेहरान ने साफ किया कि प्रतिक्रिया नियंत्रित होगी और तनाव को बढ़ावा देने वाली नहीं होगी। ईरान की ओर से कहा गया कि वो गाजा पट्टी में युद्धविराम सहित अपनी मांगें पूरी होने तक इससे पीछे हटने वाला नहीं है। ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत फिर से शुरू करना चाहता है। ईरान अमेरिका से यह आश्वासन भी चाहता था कि वह नियंत्रित हमले की स्थिति में शामिल नहीं होगा, जिसे यूएस ने कथित तौर पर खारिज कर दिया।

### भारत-पाकिस्तान सीमाओं पर सालों पुरानी परंपरा टूटी ! त्यौहारों पर सैनिकों में मिठाईयों का आदान-प्रदान बंद



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान की सीमाओं पर एक सालों पुरानी परंपरा बंद हो गई है। दोनों देशों के बीच तनाव के चलते अब दोनों देशों के सैनिकों के बीच मिठाईयों का आदान-प्रदान भी बंद हो गया। इस बार ईद के मौके पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात दोनों देशों के सैनिकों ने एक दूसरे को प्रतीकात्मक सद्भावना की प्रतीक मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया। भारत की तरफ से सीमा सुरक्षा बल और दूसरी तरफ से पाकिस्तान रेंजर्स के जवानों की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनाती की जाती है। पिछले कई वर्षों से परंपरा रही है कि दोनों बल धार्मिक त्योहारों और राष्ट्रीय उत्सवों के अवसर एक दूसरे को सद्भावना प्रकट करते हैं। साल 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद से पाकिस्तान चिढ़ा हुआ है। पाकिस्तान की हरकतों की वजह से दोनों देशों के संबंध लगातार खराब हुए हैं। इसका असर पिछले महीने फिर देखा गया जब हिंदू पर्व होली के अवसर पर पाकिस्तानी रेंजर्स और बीएसएफ के बीच मिठाई नहीं बांटी गई। ऐसी ही स्थिति इस सप्ताह ईद-उल-फितर के मौके पर भी हुई, जब सीमा पर तैनात दोनों देशों के बलों ने एक दूसरे के साथ मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया। पाकिस्तान अखबार ट्रिब्यून ने एक पाकिस्तान रेंजर्स के सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। हालांकि, इसके पहले बीते साल नवम्बर में दिवाली के मौके पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे को मिठाई दी थी। मोदी सरकार ने अगस्त 2019 कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया था। इसके बाद से पाकिस्तान लगातार भारत के बारे में गलतबयानी करता रहा है, भारत पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय व्यापार पूरी तरह से बंद है।

### अमेरिकी एयरलाइंस का बाइडेन प्रशासन से आग्रह- चीन को न दी जाए अतिरिक्त उड़ानों की मंजूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एयरलाइंस ने बाइडेन प्रशासन से अमेरिका और चीन के बीच किसी भी और उड़ान को मंजूरी देना बंद करने के लिए कहा है क्योंकि उनकी मौजूदा हानिकारक प्रतिस्पर्धा-विरोधी नीतियां अमेरिकी एयरलाइंस और श्रमिकों को नुकसान पहुंचाती हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी एयरलाइंस ने पत्र में कहा कि चीन ने महामारी के दौरान बाजार पहुंच पर सख्त सीमाएं लागू कीं और परिचालन, ग्राहकों और अमेरिकी एयरलाइन चालक दल के उपचार को प्रभावित करने वाले चुनौतीपूर्ण नियम लागू किए।

सीएनएन के अनुसार, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और परिवहन सचिव पीट बटिगिएग को संबोधित करते हुए गुरुवार को प्रकाशित एक पत्र के अनुसार, प्रतिस्पर्धी नुकसान चीन की सेवा करने वाली अमेरिकी यात्री एयरलाइनों द्वारा नियोजित लगभग 315,000 कर्मचारियों के लिए हानिकारक है। पत्र में उद्योग वकालत संगठन एयरलाइंस फॉर अमेरिका के हस्ताक्षर थे जिसमें पायलट एसोसिएशन. जो इसके सदस्यों अमेरिकन एयरलाइंस (एएएल), डेल्टा (डीएएल), और यूनाइटेड (यूएएल) के साथ-साथ विमानन कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न यूनियनों के नाम शामिल है।

# ईरान के इजराइल पर हमले बाद यूएन चीफ की चेतावनी– दुनिया नहीं झेल सकती एक और युद्ध



**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने ईरान द्वारा इजराइल पर किये गए हमले के कारण तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए अधिकतम संयम बरतने का आग्रह किया, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं। गुतारेस ने शनिवार को एक बयान में कहा, ''आज शाम इस्लामी गणराज्य ईरान द्वारा इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं। उन्होंने कहा कि वह तनाव के पूरे क्षेत्र में फैलने और इसके वास्तविक खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी मिशन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पत्र के जरिए सूचित किया है कि ईरान ने 13 अप्रैल की देर रात इजराइल के सैन्य ठिकानों पर सैन्य हमले किए हैं। ईरानी मिशन ने कहा कि ईरान ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत आत्मरक्षा के अधिकार के तहत यह कार्रवाई की है जो इजराइली सैन्य आक्रामकता के जवाब में है, खासकर एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी राजनयिक परिसरों पर इज़राइल के हमले की प्रतिक्रिया में है। ईरानी मिशन ने कहा, अफसोस की बात है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के अपने कर्तव्य में विफल रही है, जिससे इजराइली शासन को अंतरराष्ट्रीय कानून के बुनियादी सिद्धांतों का उल्लंघन करने की अनुमति मिल गई है।

इस तरह के उल्लंघनों ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। इसमें कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर ईरान आत्मरक्षा के अपने अंतर्निहित अधिकार का प्रयोग करने में संकोच नहीं करेगा। मिशन ने कहा कि अगर इजराइल सरकार ने फिर से सैन्य आक्रामकता दिखायी तो ईरान का जवाब निश्चित रूप से बहुत कड़ा होगा। ईरानी मिशन ने कहा, इजराइली शासन द्वारा किसी भी अन्य सैन्य उकसावे को लेकर चेतावनी देते हुए ईरान किसी भी खतरे या आक्रामकता के खिलाफ अपने लोगों, राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने और ऐसे धमकी या आक्रामकता का अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार कड़ाई से जवाब देने के अपने अटूट दृढ़ संकल्प को दोहराता है। स्थिति पर चर्चा के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रविवार शाम को बैठक करेगी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भी पश्चिम में बदलते हालात पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हाल में हुए इजराइली हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के संदर्भ में अपनी कार्रवाई को स्पष्ट किया है। फ्रांसिस कहा, ईरानी प्रतिक्रिया ने पश्चिम एशिया में पहले से ही तनावपूर्ण और शांति एवं सुरक्षा की नाजुक स्थिति को और खराब कर दिया है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडेन को घेरा, कहा- मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी हमला नहीं करता





**वाशिंगटन, एजेंसी।** ईरान ने शनिवार देर रात इजरायल पर अटैक कर दिया है। उनकी तरफ से 200 से ज्यादा मिसाइलें दागी गई हैं। हालांकि, इजरायली सेना ने दावा किया कि हमले बड़े स्तर पर नहीं हुए क्योंकि उन्होंने कई मिसाईलों को हवा में नष्ट कर दिया। अब दोनों देशों की लड़ाई ने एक बार फिर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अमेरिका ने इजरायली नागरिकों को सुरक्षा देने की बात कही है और ईरान द्वारा किए गए हमले पर निंदा व्यक्त की। इस हमले पर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भी रिएक्शन सामने आया है और उन्होंने जो बिडेन की आलोचना करते हुए कहा कि अगर मैं राष्ट्रपति होता तो इजरायल पर हमला नहीं होता।

**सामने आया ट्रंप का रिएक्शन :** हमले पर रिएक्शन देते हुए ट्रंप ने कहा, अगर मैं राष्ट्रपति होता तो ईरान कभी हमला नहीं करता। उनके पास पैसे नहीं थे, लेकिन अब उनके पास 221 अरब डॉलर हैं। और इराक, जो ईरान की सहायक कंपनी बन गया है, के पास 300 अरब डॉलर हैं। हम बहुत खतरनाक दौर में हैं क्योंकि हमारे पास एक बेहद कमजोर राष्ट्रपति है जो दो वाक्यों को एक साथ नहीं रख सकता है। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व युद्ध होने का खतरा है। ट्रंप ने शुक्रवार को हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था, इजरायल के साथ जो चल रहा है उसका अंत विश्व युद्ध के रूप में हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि वर्तमान समय और पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच बहुत कुछ हो सकता है, विशेष रूप से कमजोर अमेरिकी नेताओं के नेतृत्व में। ईरान के हमले पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वह इस जंग में इजरायल के साथ खड़ा है। अमेरिका ने कहा कि वह इजरायल की रक्षा के प्रतिबद्ध है। ईरान को इसका जवाब मिलेगा। बता दें कि ईरान और इजराइल के बीच जंग शुरू हो गई है।

## हमले को देखते हुए ब्रिटेन ने भेजे फाइटर जेट, कहा- हम सहयोगी देशों के साथ मिलकर काम कर रहे

**लंदन, एजेंसी।** इस्राइली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने बताया कि इस्राइल ने ईरान की तरफ से किए गए हमले को रोक दिया है। आईडीएफ ने बताया कि ईरान की तरफ से करीबन 200 अलग-अलग प्रकार के ड्रोन दागे गए, जिसमें बैलिस्टिक ड्रोन और क्रूज ड्रोन भी शामिल हैं। सीरिया में ईरान के दूतावास में हाल ही में हुए हमले के बाद से ही ईरान बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए उसने इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। इसके साथ ईरान ने इस हमले की जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए इस्राइल में कई ड्रोन भी दागे। ईरान की चेतावनी के बाद इस्राइल के बचाव में अमेरिका सामने आया है। इस्राइल-हमास युद्ध के बीच अब इस्राइल-ईरान युद्ध के खतरे को देखते हुए यूके ने भी कई रॉयल एयरफोर्स जेट और टैंकरों को क्षेत्र में भेज दिया है।

**यूके ने भेजे रॉयल एयरफोर्स जेट :** एक बयान में बताया गया कि ईरानी धमकियों को देखते हुए यूके सरकार क्षेत्र में तनाव कम करने और हमलों की संभावना को रोकने के लिए क्षेत्र के अन्य सहयोगी दलों के साथ काम कर रही है। यूके की तरफ से जारी बयान में कहा गया, हमने क्षेत्र में कई सारे रॉयल एयरफोर्स जेट भेजे हैं। ये क्षेत्र में किसी भी हवाई हमलों को रोक सकते हैं। इसके साथ ही हमलों की संभावना को देखते हुए हम अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। इस्राइली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने बताया कि इस्राइल ने ईरान की तरफ से किए गए हमले को रोक दिया है। आईडीएफ ने बताया कि ईरान की तरफ से करीबन 200 अलग-अलग प्रकार के ड्रोन दागे गए, जिसमें बैलिस्टिक ड्रोन और क्रूज ड्रोन भी शामिल हैं। हगारी ने आगे कहा, हमारे ड्रोन अभी भी हवा में लक्ष्य को भेद रहे हैं। हम इस्राइल पर आने वाले सभी खतरों के लिए तैयार हैं। हमें जो करना चाहिए हम वो सब करेंगे। इस्राइल की रक्षा के लिए हम सबकुछ करेंगे। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजी) ने शनिवार को बताया कि उसने इस्राइल की तरफ दर्जनों ड्रोन और मिसाइल दागे। एक इस्राइली अधिकारी ने बताया कि करीबन 100 ड्रोन ईरान की तरफ से दागे गए हैं। रविवार को ऐसा मालूम हुआ कि कई मिसाइलों को इस्राइल और अमेरिका ने रोक लिया है।

ईरान की तरफ से इस्राइल के क्षेत्र में यह पहला हमला था। दोनों ही देश एक दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन कभी भी दोनों ने एक-दूसरे के क्षेत्र में हमले नहीं किए। लेकिन एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद दूतावास का एक खंड पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। वहीं, ईरान के दो शीर्ष सैन्य जनरल और पांच अन्य अधिकारी भी मारे गए थे। इसके बाद से ही ईरान लगातार इस्राइल को हमले की धमकी दे रहा है।

## 26 घंटे का होगा दिन, घड़ी में बजेंगे 13, मछली पकड़ने के लिए नॉर्वे ने बनाया अजीबोगरीब प्लान



**ओस्लो, एजेंसी।** अभी तक एक दिन में कुल 24 घंटे ही होते हैं, लेकिन आने वाले समय में इसमें बदलाव देखने को मिल सकता है। दरअसल, नॉर्वे ने एक अजीबोगरीब प्लान बनाया है, जिसके तहत दिन में 26 घंटे करने की मांग की गई है। ऐसा इसलिए किया जा रहा, ताकि लोग अपने करीबियों के साथ ज्यादा वक्त बिता सकें या उन्हें मछली पकड़ने जैसी गतिविधियों के लिए अधिक समय मिल सके। इतना ही नहीं, अब घड़ियों की अधिकतम संख्या 12 से बढ़ाकर 13 कर दी जाएगी। इस तरह आधा दिन 13 घंटों का होगा और पूरा 26 घंटों का।

ब्रिटिश न्यूज वेबसाइट द सन की रिपोर्ट के अनुसार, फिनमार्क काउंटी के सुदूर शहर वाडसो की मेयर ने यूरोपीय आयोग को प्रस्ताव भेजा है। वेन्चे पेडर्सन ने आयोग से आग्रह किया कि नॉर्वे को 24 के बजाय 26 घंटे के दिनों वाला एक समय क्षेत्र स्थापित करने में सक्षम बनाया जाए। उन्होंने बताया कि 26 घंटे का दिन लोगों को मछली पकड़ने, शिकार करने, नई भाषाएं सीखने या बस करीबियों के साथ रहने जैसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए अधिक समय देगा।

वाडसो शहर ने एक लेटर में कहा, हमारे मोरटाइम प्रोजेक्ट के जरिए से हमारा लक्ष्य जीवन के इस अनूठे तरीके का जश्न मनाना और उसे बढ़ावा देना है। पेडर्सन ने पोलिटिको को बताया, यहां रहने के बारे में अच्छी बात क्या है? यह समय है। हम बसों के पीछे या ट्रेनों के पीछे नहीं भागते हैं या हमें काम आदि पर जाने के लिए लंबा समय नहीं लगाना पड़ता है। हम नॉर्वे के एक हिस्से में रहने से बहुत संतुष्ट हैं जहां हमें अपने दोस्तों, अपने परिवार और साथ रहने के लिए अधिक समय मिलता है। पेडर्सन ने आगे कहा, हमें अपनी लाइफस्टाइल पसंद है और हमें लगता है कि यह बहुत रोमांचक हो सकती है, खासकर छोटे बच्चों वाले परिवारों के लिए। मुझे लगता है कि उदाहरण के लिए किसी बड़े शहर की तुलना में यह अधिक शांत और बेहतर रोजमर्रा की जिंदगी है। लेकिन जब पूछा गया कि नया समय क्षेत्र व्यवहार में कैसे काम करेगा, तो मेयर बहुत आश्वस्त नहीं दिखीं। उन्होंने कहा, हमने इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचा है। उन्होंने कहा, घड़ी 12 से 13 बजे तक जाएगी... और हमें देखना होगा कि यह कैसे होगा। मुझे नहीं लगता कि वे हां कहने जा रहे हैं इसलिए हमने सभी डिटेल्स के बारे में नहीं सोचा है। बता दें कि नॉर्वे यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (ईईए) का एक घटक है, भले ही यह यूरोपीय यूनियन का सदस्य नहीं है। ग्रीष्मकालीन समय व्यवस्थाएं यूरोपीय संघ के विनियमन द्वारा शासित होती हैं। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि इस निर्देश में अलग-अलग समय क्षेत्र स्थापित करने की शक्ति भी है या नहीं। आयोग के एक अधिकारी के अनुसार, समय क्षेत्र एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है, इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि यूरोपीय संघ नॉर्वे के अनुरोध को स्वीकार करेगा या नहीं।

